CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 29° C
न्यूनतम : 23° C

मुरादाबाद, सोमवार 4 अगस्त 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 355 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें।
मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 9 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी में अब ड्रोन उड़ाया, तो गैंगस्टर व एनएसए की होगी कार्रवाई पेज 2



क्रिकेट में निरंतरता के साथ प्रदर्शन बेहद जरूरी: यशस्वी जायसवाल खेल टाइम्स



ट्रम्प का टैरिफ जाल, यहूदी बैंकिंग लॉबी और तीसरे विश्वयुद्ध की आहट सम्पादकीय



ट्रम्प ने 194 दिनों में अपने ही 34 फैसले पलटे पेज 12

## अब पूरे देश में लागू हो यूसीसी: डीवाई चंद्रचूड़



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि संविधान में समान नागरिक संहिता की इच्छा व्यक्त की गई है। संविधान के 75 साल बाद अब समय है कि इस लक्ष्य को हासिल किया जाए।

उन्होंने कहा कि यह कदम देश की सभी जातियों, समुदायों और वर्गों को विश्वास में लेकर ही उठाया जाना चाहिए। पूर्व सीजेआई कांग्रेस सांसद शशि थरूर की नई किताब 'आॅवर लिविंग

**पूर्व सीजेआई बोले-सभी जातियों, समुदायों और वर्गों को विश्वास में लिया जाए, संविधान ने देश को स्थिरता देने का काम किया**

कॉन्सटीट्यूशन' के विमोचन कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान देश को स्थिरता प्रदान करने वाली सबसे बड़ी ताकत है। यह संविधान विभिन्न समुदायों, धर्मों, क्षेत्रों और संस्कृतियों को एक सूत्र में जोड़कर भारत को एक राष्ट्र के रूप में गढ़ता है। संविधान पर कथित खतरे और संवैधानिक संस्थाओं को लेकर विपक्ष की चिंता पर उन्होंने कहा कि संविधान हमेशा के लिए है। पिछले 75 वर्षों में शासन, महामारी और आंतरिक-बाहरी चुनौतियों के कई दौर आए, लेकिन संविधान ने देश को स्थिरता देने का काम किया। 11 जुलाई को पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा था कि लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराना संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन नहीं है।

## गोंडा: बोलेरो नहर में गिरी, 11 लोगों की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**गोंडा।** उप्र के गोंडा जिले में तेज रफ्तार बोलेरो बेकाबू होकर रविवार सुबह 10 बजे सरयू नहर में गिर गई। हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। इनमें तीन भाइयों के परिवार के 9 लोग थे, जबकि दो पड़ोसी परिवार के थे। छोटे भाई का पूरा परिवार ही खत्म हो गया।

ड्राइवर समेत 4 लोग बच गए। अभी 10 साल की बच्ची लापता है। एसडीआरएफ टीम उसकी तलाश में जुटी हुई है। बोलेरो सवार 16 लोग जल चढ़ाने पृथ्वीनाथ मंदिर जा रहे थे। हादसा इतना भयावह था कि गाड़ी नहर में गिरने के बाद एक भी शख्स बाहर नहीं निकल पाया। बारिश के चलते नहर में लबालब पानी था। नहर में गिरते ही गाड़ी पूरी तरह से डूब गई। उसके गेट लॉक हो गए। अंदर बैठे लोग छटपटाते रहे। तड़प-तड़पकर शेष पृष्ठ दो पर



**जल चढ़ाने पृथ्वीनाथ मंदिर जा रहे थे एक ही परिवार के लोग, 10 साल की बच्ची अभी लापता**

### पीएम ने दो-दो लाख व सीएम ने पांच-पांच लाख मदद देने का किया ऐलान

**गोंडा।** गोंडा में हुए इस भयावह व भीषण हादसे पर पीएम मोदी ने दुख जताते हुए जहां मृतकों के परिजनो को दो-दो लाख देने का ऐलान किया, वहीं सीएम योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख की सहायता की घोषणा की है।

### बांग्ला को बांग्लादेशी भाषा कहा दिल्ली पुलिस ने

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने 29 जुलाई को बंगा भवन को लिखे एक सरकारी लेटर में बांग्ला भाषा को बांग्लादेशी भाषा बताया। इसमें लिखा था कि अवैध रूप से भारत में रह रहे 8 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से बरामद डॉक्यूमेंट्स बांग्लादेशी भाषा में हैं। ऐसे में आगे की जांच के लिए बांग्लादेशी राष्ट्रीय भाषा का एक आधिकारिक अनुवादक उपलब्ध कराएं। इस लेटर पर सवाल उठाते हुए टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने रविवार को एक्स पर कहा कि दिल्ली पुलिस की यह कोई छोटी-मोटी गलती नहीं है। यह भाजपा की बंगाल को बदनाम करने, हमारी सांस्कृतिक पहचान को कमजोर करने और बंगाल को बांग्लादेश से जोड़कर राजनीतिक फायदा उठाने की एक सोची-समझी साजिश है। यह संविधान के आर्टिकल 343 और 8वीं अनुसूची का उल्लंघन है। बांग्लादेशी नाम की कोई भाषा नहीं है।

### यूपी में नदियां उफान पर, 12 जिलों में बाढ़ के हालात

**नई दिल्ली।** उप्र में तेज बारिश के कारण 12 जिलों में बाढ़ के हालात हैं। इनमें प्रयागराज, काशी जिले शामिल हैं। वाराणसी और प्रयागराज में गंगा का पानी एक लाख से अधिक घरों में घुस गया है। प्रयागराज में बाढ़ में अपने बच्चे को गोद में लेकर निकले माता-पिता का वीडियो सामने आया है। गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से 20 सेमी ऊपर बह रहा है, खतरे का निशान 71.4 मीटर है।

### प्रज्वल की अब नई पहचान कैदी नंबर-15528

**बेंगलुरु।** पूर्व जेडीएस सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना बेंगलुरु की अग्रहारा सेंट्रल जेल में कैदी नंबर 15528 बन गए हैं। रेवन्ना ने जेल में अपनी पहली रात बिताई।

## टैरिफ के बाद भी भारत का अमेरिका से तेल इंपोर्ट दोगुना

### अप्रैल-जून में भारत ने 32 हजार करोड़ का क्रूड ऑयल खरीदा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अप्रैल में ट्रम्प के टैरिफ ऐलान के बाद भारत ने अमेरिका से कच्चे तेल की खरीद दोगुनी कर दी है। अप्रैल-जून तिमाही में इसमें सालाना आधार पर 114 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

2024 में अप्रैल से जून के बीच भारत ने अमेरिका से करीब 15 हजार करोड़ रुपये का तेल खरीदा था। 2025 में अप्रैल से जून के बीच में यह आंकड़ा दोगुना बढ़कर 32 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गया। एक न्यूज एजेंसीने अपनी रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से ये जानकारी दी है। ट्रम्प ने 2 अप्रैल को भारत पर टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। हालांकि बाद में इसे 90 दिन के लिए बढ़ा दिया गया था। भारत ने अमेरिका से जनवरी से जून 2025 के बीच हर दिन 2.71 लाख बैरल कच्चा तेल -शेष पृष्ठ दो पर



**फिर भी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने पेनल्टी लगाई**

### स्वदेशी हरित हाइड्रोजन संयंत्र देश के नेट-जीरो विजन को सशक्त बनाता है: मोदी

**नई दिल्ली। पीएम** मोदी ने दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण, कांडला में देश के पहले स्वदेशी हरित हाइड्रोजन संयंत्र को सराहनीय प्रयास बताते हुए कहा है कि यह देश के नेट-जीरो विजन को सशक्त बनाता है।

श्री मोदी ने कहा कि यह एक सराहनीय प्रयास है, जो स्थिरता को बढ़ावा देता है और हमारे नेट-जीरो विजन को सशक्त बनाता है। उन्होंने दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण, कांडला के एक पोस्ट के जवाब में यह प्रतिक्रिया की। प्राधिकरण ने अपनी पोस्ट में कहा है कि हरित नवाचार के साथ प्रगति को गति! दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण, कांडला ने बंदरगाह क्षेत्र में भारत के पहले मेक-इन-इंडिया हरित हाइड्रोजन संयंत्र कांडला में गर्व से शुभारंभ किया। हमारे पीएम मोदी के नेट-जीरो विजन की दिशा में एक शक्तिशाली कदम। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने गुजरात के कांडला स्थित दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण में स्वदेशी रूप से निर्मित एक मेगावाट क्षमता वाले हरित हाइड्रोजन ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन किया था।

### ईसी को लेकर जनता में संदेह: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के उप नेता और कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने रविवार को चुनाव आयोग (ईसी) की निष्पक्षता पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि विपक्ष चाहता है कि मतदाता सूची में संशोधन को लेकर संसद में खुलकर चर्चा हो, लेकिन सरकार इसे टाल रही है।




### अहमदाबाद प्लेन क्रैश: 40 शवों की पहचान पर संदेह

**अहमदाबाद/लंदन।** अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया प्लेन क्रैश में मारे गए 52 ब्रिटिश नागरिकों के परिजन शवों की पहचान को लेकर गंभीर चिंता जता रहे हैं। ब्रिटेन की लीगल फर्म की स्टोन लॉ के मुताबिक, भारत से भेजे गए 12 शवों में से दो की पहचान गलत पाई गई। इस हिसाब से 40 शवों की पहचान पर संदेह जताया जा रहा है, जबकि कई शवों का अंतिम संस्कार भी हो चुका है। ब्रिटिश वकील जेम्स हीली-प्रैट ने भारत की जांच एजेंसी एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो (एएआईबी) से अपील की है कि वे कॉकपिट रिकॉर्डिंग और फ्यूल-कटऑफ जैसे अहम सबूत परिवारों को दें।

## एनसीपी-शरद के विधायक बोले: सनातन धर्म ने भारत को बर्बाद किया

ठाणे, वार्ता

**एनसीपी (शरद गुट)** के विधायक जितेंद्र आव्हाड ने कहा है कि सनातन धर्म ने भारत को बर्बाद कर दिया। सनातन धर्म नाम का कोई धर्म कभी था ही नहीं। इसकी विचारधारा विकृत है। हम हिंदू धर्म के अनुयायी हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि इसी तथाकथित सनातन धर्म ने हमारे छत्रपति

**ऐसा कभी कोई धर्म नहीं था, सनातन धर्म ने शिवाजी महाराज के राजतिलक को नकारा**

शिवाजी महाराज को राज्याभिषेक से वंचित रखा, छत्रपति संभाजी महाराज को बदनाम किया। इसके अनुयायियों ने ज्योतिराव फुले की हत्या की कोशिश की। आव्हाड ने कहा कि सावित्रीबाई फुले पर गोबर और -शेष पृष्ठ दो पर

## सैन्य अफसर ने स्पाइसजेट के 4 कर्मियों को पीटा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर एयरपोर्ट पर एक्स्ट्रा लगेज को लेकर सेना के एक अधिकारी ने स्पाइसजेट के चार कर्मचारियों के साथ मारपीट की। एक कर्मचारी की रीढ़ की हड्डी टूट गई।

दूसरे का जबड़ा टूट गया। तीसरे की नाक से खून निकलने लगा। वहीं चौथा कर्मचारी बेहोश हो गया, उसके बावजूद आरोपी लातें मारता रहा। घटना 26 जुलाई की है। मामला अब सामने आया

**एक की रीढ़ की हड्डी टूटी, दूसरे का जबड़ा, बेहोश हुए स्टाफ को लातों से मारता रहा**

है। एयरलाइन ने बयान जारी करते हुए कहा कि आरोपी सैन्य अधिकारी को नो फ्लाइंग लिस्ट में डाल दिया है। वहीं सेना ने भी मामले का संज्ञान लेते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपी अफसर की पहचान लेफ्टिनेंट कर्नल रितेश कुमार सिंह के रूप में हुई है। वह गुलमर्ग स्थित हाई एल्टीट्यूड वॉरफेयर स्कूल (एचएडब्ल्यूएस) में तैनात है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है, हालांकि अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। 26 जुलाई को स्पाइसजेट फ्लाइट एसजी-386 श्रीनगर से दिल्ली जा रही थी। बोर्डिंग गेट पर एक पैसेंजर, जो सेना का अधिकारी बताया जा रहा है, उसने चार स्टाफ पर जानलेवा हमला कर दिया। एयरलाइन के मुताबिक, आरोपी अधिकारी दो केबिन बैगेज ले जा रहा था, जिनका कुल वजन 16 किलो था। यह 7 किलो की सीमा से दोगुना था। स्पाइसजेट के स्टाफ ने पैसेंजर को बताया कि आपका लगेज तय मानकों से ज्यादा है। इसलिए आपको अतिरिक्त पेमेंट करना होगा। आरोपी अधिकारी ने एक्स्ट्रा पैसे -शेष पृष्ठ दो पर

# चांदपुर में युवक को नंगा कर पीटा

## युवक 23 दिन से लापता

**आफताब आलम**

**स्याऊ।** एक युवक को निर्वस्त्र करके पीटा गया है। इंस्टाग्राम फ्रेंड ज्योति ने उसे मेरठ से बिजनौर बुलाया और उसके चार साथियों ने उसे पकड़ कर कपड़े उतार कर डंडों से बुरी तरह पीटा। युवक हाथ जोड़कर रोता रहा। तब भी किसी ने नहीं मानी। युवक 23 दिन से लापता है।

प्राप्त समाचार अनुसार जनपद बागपत के छपरौली, थाना क्षेत्र का रहने वाला अमित आर्य भाई और बहन के साथ मेरठ के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में रहता है। यही हिताची कंपनी का कैश वैन चलाता है। माता-पिता का निधन हो चुका है। 11 जुलाई को अमित कंपनी से हाफ डे छुट्टी लेकर निकला। फिर देर रात तक घर नहीं लौटा। परिवार ने दो दिन तलाश की। लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। चचेरे भाई अनुराग ने 13 जुलाई को पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की जांच की। अमित के फोन की कॉल डिटेल निकाली। कॉल डिटेल के आधार पर मेरठ पुलिस ने चांदपुर की रहने वाली ज्योति और उसके दो साथी सचिन व छोटू को हिरासत में लेकर पूछताछ की। फिर 151 में चालान किया। इसके बाद भी अमित का कहीं पता नहीं चला। घटना के 22 दिन बाद दो अगस्त को युवक की पिटाई का वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में सचिन और छोटू भी दिख रहे हैं। जिन्होंने पुलिस ने ज्योति के साथ पकड़ा था। इसके बाद अनुराग ने ज्योति और उसके दो साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। अमित के चचेरे भाई अनुराग ने बताया कि अमित 11 जुलाई को कंपनी से हाफ डे छुट्टी लेकर निकला। फिर उसके साथी ने उसे एक बजे वैशाली डिपो पर छोड़ दिया। शाम तक घर नहीं लौटा। परिवार ने काफी तलाश की, लेकिन कहीं पता



नहीं चला और दोस्तों ने बताया कि उसे बस स्टैंड के पास छोड़ दिया था।

अनुराग ने बताया कि कुछ दिन पहले ही मेरे भाई की ज्योति से इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी। दोनों बात करते थे। जिसका जिक्र मेरे भाई ने ही घर में किया था। ज्योति ने ही मेरे भाई को फोन करके बुलाया था। दो अगस्त को एक वीडियो सामने आया। जिसमें मेरे भाई के कपड़े उतार कर चार लोग पीट रहे हैं। अभी तक मेरे भाई का कहीं पता नहीं चला है। ज्योति जहां की रहने वाली है। हम लोग वहां पहुंचे। यहां लोगों से पूछताछ कर पता चला कि आकंडा नहर के पास ही ज्योति के साथियों ने मेरे भाई को पीटा था। इसके बाद उसे दिल्ली नंबर की गाड़ी से अपने साथ ले गए।

एसपी ग्रामीण विनय कुमार सिंह ने बताया कि 13 जुलाई को अनुराग राना अपने भाई अमित की गुमशुदगी की रिपोर्ट मेरठ में दर्ज कराई थी। अमित 11 जुलाई को लापता हो गया था। जांच में पुलिस ने 26 जुलाई को चार संदिग्ध सचिन, छोटू, सुभाष और ज्योति को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इसके बाद दो अगस्त को अमित की पिटाई का एक वीडियो सामने आया। जिसमें चार युवक उसे पीट रहे थे। अमित के भाई अनुराग ने ज्योति और चार अज्ञात लोगों के खिलाफ फिर चांदपुर में एफआईआर दर्ज कराई।

अमित की सकुशल बरामदगी तथा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई है। सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# मृतका का शव घर पहुंचने पर मचा कोहराम

## हरेवली बैराज पर अंतिम संस्कार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** बीते शनिवार को पशुओं के लिए चारा लेने गई एक महिला का संदिग्ध परिस्थितियों में गुलदार के हमले से मौत हो गई। महिला का शव उसके आवास से करीब एक किलोमीटर दूर एक आम के बाग में निर्वस्त्र अवस्था में औंधे मुंह पड़ा हुआ मिलने से नगर में सनसनी फैल गई थी।

नगर में गुलदार के हमले की आशंका के चलते उक्त खौफनाक मंजर को देखकर लोगों की पैरों तले जमीन खिसक गई थी। मृतक अल्का देवी पत्नी सुन्दर सिंह मूल रूप से थाना शेरकोट क्षेत्र के गांव छिपरी का रहने वाला परिवार था। काफी समय से अपने दो पुत्रों के साथ नगर के मौहल्ला मंझोली में किराया के मकान में रहते थे। पति कार ड्राइवर का कार्य करता है। मृतका दुधारू गाय, भैंस पाल रखी थी। प्रतिदिन की भांति अल्का देवी पशुओं के लिए चारा लेने शनिवार को लगभग 12 बजे घर से निकाली थी। जब वो देर शाम घर वापस नहीं आई। परिजन एवं आसपास के पड़ोसियों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। यशपाल चौहान के आम के बाग में महिला का शव निर्वस्त्र अवस्था में औंधे मुंह पड़ा हुआ मिला। घटना स्थल का इतना भयावह मंजर था कि जिसे देखते ही परिजनों सहित नगर वासियों में दहशत फैल गई। जिसने भी सुना घटनास्थल की और दौड़ पड़ा। महिला की मौत को लेकर अधिकारियों का मत अलग-अलग है जिस अवस्था में महिला का शव मिला उसको लेकर वन विभाग के अधिकारियों का मानना है कि गुलदार का हमला नहीं है। वन क्षेत्राधिकारी नगीना प्रदीप कुमार का कहना है कि गुलदार गर्दन पर हमला कर अपने शिकार को मारता है तथा पेट व शरीर का कुछ भाग खा जाता है। जबकि महिला का शव नग्न अवस्था में औंधे मुंह पड़ा हुआ मिला है जो एक रहस्य बना हुआ है। घटना को लेकर नगर में अलग-अलग प्रकार की चर्चा है। वन विभाग व पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार है। जिससे महिला की मौत के रहस्य से पर्दा हट सकता है। रविवार को महिला का शव जैसे ही आवास पहुंचा, तो परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों द्वारा उसका अंतिम संस्कार हरेवली बैराज राम गंगा नदी के घाट पर कर दिया है।

# शव मिलने से फैली सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** एक विवाह मंडप के निकट तालाब से शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। रविवार की देर शाम पुलिस को सूचना मिली कि तालाब में एक शव पड़ा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकाल कर पोस्टमार्ट के लिए भेज दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम घोषियावाला स्थित तालाब में एक अज्ञात शव मिलने से आसपास के इलाके में सनसनी फैल गयी। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष रही होगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और



शव की शिनाख्त करने के प्रयास कर रही है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही शव की शिनाख्त कर ली जाएगी और मामले का खुलासा किया जाएगा।

# बाइक चोर गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

## चोरी की तीन बाइक बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** थाना नूरपुर पुलिस ने गश्त और चेकिंग के दौरान अंतर्राज्यीय बाइक चोर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से चोरी की तीन मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे वाहन चोरी रोकथाम अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ युवक चोरी की बाइक के साथ धामपुर रोड स्थित उत्सव मैरिज हॉल के पास मौजूद हैं। मौके पर पहुंची



पुलिस ने चारों युवकों को दबोच लिया। पुलिस की पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने अपने नाम विशाल पुत्र मुकीम निवासी ग्राम उमरी, थाना नूरपुर, राजन सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी ग्राम उमरी, थाना नूरपुर, मल्लू पुत्र राकेश निवासी ग्राम अलीनगर पालनी, थाना नूरपुर, नौशाद कबाड़ी पुत्र मक्सूद निवासी ग्राम दरियापुर, थाना नूरपुर बताया। पूछताछ में पकड़े गए अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि बरामद तीनों मोटरसाइकिलें उन्होंने नूरपुर, स्योहारा और हरिद्वार से चोरी की थीं। इनमें से एक बाइक करीब दो माह पहले थाना स्योहारा क्षेत्र के ग्रीन मैरिज हॉल के पास से, दूसरी बाइक एक माह पहले कस्बा नूरपुर से और तीसरी बाइक हरिद्वार से चोरी की गई थी। इन घटनाओं के संबंध में थाना नूरपुर पर वादी हरिओम पुत्र बाबूलाल सिंह, थाना स्योहारा पर मोहसिन पुत्र मुन्तियाज अहमद की तहरीर पर मुकदमे पंजीकृत हैं। हरिद्वार से संबंधित बाइक चोरी की जांच जारी है। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर सभी अभियुक्तों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया।

# ट्रैक्टर रैली को सफल बनाने के लिए भाकियू टिकैत प्रयासरत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** 13 अगस्त को बिजनौर में भाकियू टिकैत द्वारा प्रस्तावित तिरंगा यात्रा ट्रैक्टर रैली को सफल बनाने के लिए संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम-ग्राम जाकर अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए किसानों को जागरूक किया जा रहा है।

आगामी 13 अगस्त को बिजनौर में भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा तिरंगा यात्रा ट्रैक्टरों की रैली के रूप में निकाले जाने की घोषणा की गई है। भाकियू नेताओं ने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में इस ट्रैक्टर मार्च में भाग लेने का आह्वान किया है। इसके अलावा भाकियू टिकैत पदाधिकारियों द्वारा किसानों से ग्राम-ग्राम संपर्क कर इसके बारे में जानकारी दी जा रही है। तहसील क्षेत्र के कोतवाली ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी बलजीत सिंह के नेतृत्व में रविवार को संगठन के कई कार्यकर्ताओं ने कई ग्रामों में किसानों से संपर्क किया और बिजनौर में ज्यादा से ज्यादा संख्या में ट्रैक्टर लेकर पहुंचने का किसानों से आह्वान किया। इस दौरान वे बिन्जाहेड़ी, नियामतपुर, शेखपुरा तुर्क, जलालपुर सुल्तान, अलीपुर जट, मलकपुर, अब्दुल्लापुर, धर्मपुरा आदि गांवों में गए और किसानों को संगठित होकर अपने हकों की लड़ाई लड़ने के लिए जागरूक किया।

इस किसान एकता जागरूकता अभियान में उनके साथ राम भजन सिंह, राहुल चौधरी, ओम राज सिंह, शौवीर सिंह, कपिल चौधरी, अमित कुमार, विपिन कुमार, सोनू चौधरी, धीर सिंह प्रधान, मास्टर मंगू सिंह, नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# भाजपा निकालेगी बाइक तिरंगा यात्रा रैली

## विधायक कुंवर सुशांत करेंगे रैली का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** भाजपा हाईकमान द्वारा प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी भाजपा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के साथ तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा विचार-विमर्श किया गया। जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा तिरंगा यात्रा बाइक रैली का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक कुंवर सुशांत सिंह रैली का शुभारंभ करेंगे।

रविवार को नगर में स्थित डाक बंगले में आयोजित 15 अगस्त को तिरंगा यात्रा बाइक रैली को लेकर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के बिजनौर जिलाध्यक्ष सरदार मलकीत सिंह, किसान मोर्चा के बिजनौर जिलाध्यक्ष खेल सिंह राजपूत, ब्लाक प्रमुख प्रदीप कुमार बबली व कार्यक्रम संयोजक अंकित



चौहान के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी कार्यकर्ताओं को तिरंगा यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष मलकीत सिंह व किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष खेल सिंह राजपूत व ब्लाक प्रमुख प्रदीप कुमार ने कहा कि कार्यक्रम संयोजक अंकित चौहान के नेतृत्व में क्षेत्रीय विधायक कुंवर सुशांत सिंह के आवास ग्राम आलमपुर गांवड़ी से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। तिरंगा यात्रा ग्राम आलमपुर गांवड़ी से 15 अगस्त शुक्रवार की सुबह आठ बजे से ग्राम आलमपुर गांवड़ी होते हुए ग्राम माननगर, भूतपुरी, सुआवाला, वादीगढ़, रेहड़, कल्लूवाला, भिक्कावाला, कादराबा, विजयनगर, खुशहालपुर तथा अफजलगढ़ होते हुए क्षेत्रीय विधायक कुंवर सुशांत सिंह के आवास पर ही तिरंगा यात्रा रैली का समापन किया जायेगा। कार्यक्रम संयोजक अंकित चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि तिरंगा यात्रा समापन के बाद गांव आलमपुर गांवड़ी में स्थित क्षेत्रीय विधायक कुंवर सुशांत सिंह के आवास सभी भाजपा कार्यकर्ता भोजन ग्रहण करेंगे। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख प्रदीप कुमार बबली के अलावा पूर्व चेयरमैन सलीम अंसारी एड., भाजपा युवा नेता कपिल चौहान, पूर्व मंडल अध्यक्ष देशराज सिंह चौहान, मास्टर भारत सिंह, गन्ना डायरेक्टर चंद्र प्रकाश सिंह, भाजपा नेता अतुल अग्रवाल, भाजपा युवा नेता राहुल प्रताप सिंह, देवराज सिंह चौहान, महेश चौहान, भाजपा युवा नेता शुऐब कुरैशी, डायरेक्टर विरेन्द्र सिंह, भाजपा नेता सुनील कुमार धस्माना तथा भाजपा युवा नेता भीम सिंह आदि उपस्थित रहे।

# थाना प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह ने चलाया जागरुकता अभियान



## सुरक्षा समितियों व ग्राम प्रधानों के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** क्षेत्र में चोरियों एवं अफवाहों को लेकर फैल रहे भय के माहौल के मद्देनजर नूरपुर थाना प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह ने एक सक्रिय पहल करते हुए ग्राम भवानीपुर तरकोला, अलीनगर पालनी एवं मोरना में सुरक्षा समितियों व ग्राम प्रधानों के साथ बैठक की।

प्रभारी निरीक्षक ने इन गांवों में जाकर ग्रामीणों को अफवाहों से सतर्क रहने की अपील की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि चोरी या चोरों की अफवाहें फैलाकर समाज में डर पैदा करना भी एक दंडनीय अपराध है। इसके लिए उन्होंने सुरक्षा समितियों को विशेष रूप से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस को देने की सलाह दी। वहीं ग्राम मोरना में एक विशेष गोष्ठी के दौरान प्रभारी निरीक्षक ने ग्रामीणों को अफवाहों से बचने, आपसी संवाद बढ़ाने और रात्रि गश्त को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि अफवाहें फैलने से न केवल आम जनमानस में भय उत्पन्न होता है, बल्कि कभी-कभी निर्दोष लोग भी भीड़ का शिकार हो जाते हैं। पुलिस की इस पहल से ग्रामीणों में संतोष का माहौल देखा गया और उन्होंने सहयोग का आश्वासन भी दिया।

प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि पुलिस गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करने का काम कर रही है ताकि क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे।

# नूर ऑप्टिकल में रक्तदान शिविर



**नगीना।** नूर ऑप्टिकल नगीना व हिन्द चैरिटेबल ब्लड सेंटर बिजनौर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगा। नूर ऑप्टिकल्स के निदेशक डॉ. मुजम्मिल अजीम ने शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में कई लोग आकस्मिक दुर्घटनाओं, कैंसर व विभिन्न प्रकार की बीमारियों से पीड़ित होते हैं। समय पर रक्त न मिल पाने के कारण ऐसे लोगों की मृत्यु हो जाती है। ऐसे में पीड़ित व्यक्तियों की रक्षा करना हम सभी का परम कर्तव्य है। शिविर में सुहेल, शारिक सुल्तान, सभासाद अरीब राईन, अनिरुद्ध विश्नोई, टीपू सुल्तान आदि युवाओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। आयोजन को सफल बनाने में हिन्द ब्लड बैंक बिजनौर के स्वामी डॉ. मशाहिर, शमीम अहमद के अलावा नूर ऑप्टिकल के निदेशक डॉ. मुजम्मिल अजीम, इकरा आदि का योगदान रहा। इस कैंप में आए सभी रक्तदाताओं को आयोजकों द्वारा शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# विधायक के चाचा की अरिष्टि मनाई

**नगीना।** विधायक नगीना पूर्व मंत्री उ.प्र. सरकार मनोज पारस के चाचा व ग्राम पंचायत बिन्जाहेड़ी से तीन बार प्रधान रहे स्वर्गीय जयपाल सिंह की रविवार को अरिष्टि की गई। अरिष्टि कार्यक्रम में विधायक सपरिवार अपने पैतृक गांव बिन्जाहेड़ी पहुंचे और कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपने स्वर्गीय चाचा को श्रद्धांजलि अर्पित की। परिवार के प्रति शोक संवेदनाएं व्यक्त की। इस दौरान समाज के अलावा बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य लोग भी शामिल हुए और प्रार्थना की गई कि दिवंगत पुण्य आत्मा को परमात्मा अपने श्री चरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार वालों को यह गहन दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।



## कानून व्यवस्था से खिलवाड़ स्वीकार नहीं : सीएम योगी

# यूपी में ड्रोन उड़ाने वाले पर लगेगा एनएसए

**लखनऊ, वार्ता**

यूपी में अब ड्रोन के जरिये दहशत फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सीएम योगी के कार्यालय ने दो टूक चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ने पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) भी लगाया जाएगा।

कार्यालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि बिना अनुमति के ड्रोन चलाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रमुख सचिव और डीजीपी को हर जिले में ड्रोन संचालन की समीक्षा करके कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। सीएम योगी ने कहा कि अफवाह फैलाने या डर पैदा करने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ड्रोन की दहशत के बाद अब प्रदेश



- दोषी पर गैंगस्टर भी लगाया जाएगा
- तकनीक का गलत प्रयोग नहीं होने दिया जाएगा

### हवाई क्षेत्र को तीन क्षेत्रों में बांटा गया

ग्रीन जोन : यहां कुछ शर्तों के साथ ड्रोन उड़ाने के लिए किसी अनुमति की आवश्यकता नहीं होती है। इस क्षेत्र में 400 फीट (120 मीटर) तक ड्रोन उड़ाया जा सकता है। येलो जोन : इस क्षेत्र में ड्रोन उड़ाने के लिए संबंधित हवाई यातायात नियंत्रण प्राधिकरण से पूर्व अनुमति की आवश्यकता होती है। हवाई अड्डे की परिधि से 8 से 12 किलोमीटर के बीच का क्षेत्र येलो जोन में आता है, जहां 200 फीट से ऊपर ड्रोन उड़ाने के लिए अनुमति चाहिए। रेड जोन : यह नो फ्लाय़्र जोन है जहां केंद्र सरकार की अनुमति के बिना ड्रोन उड़ाना पूरी तरह से प्रतिबंधित है।

सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया है कि ड्रोन से दहशत फैलाने वालों पर गैंगस्टर एक्ट लगाया जाए। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो एनएसए भी लगाया जाएगा। प्रदेश में अब बिना इजाजत ड्रोन के संचालन पर पूरी तरह प्रति. बंध है और जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। निगरानी और सुरक्षा के लिए जिलों में नियमित पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए ताकि आमजन में पुलिस और प्रशासन पर भरोसा बना रहे। मुख्यमंत्री योगी ने तकनीक का गलत इस्तेमाल करने वालों पर शिकंजा कसने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जो लोग भी तकनीक का गलत इस्तेमाल करते हैं उनसे सरकार सख्ती से निपटेगी। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ स्वीकार नहीं हैं। बता दें कि देश में ड्रोन उड़ाने को लेकर सरकार की ओर से स्पष्ट नियम और कानून बनाए गए हैं। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय इन नियमों के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार है। नियमों का पालन न करने पर भारी जुर्माना और कानूनी कार्रवाई हो सकती है। नैनो ड्रोन यानी 250 ग्राम या उससे कम वजन वाले ड्रोन के अलावा सभी ड्रोन के लिए विशिष्ट पहचान संख्या प्राप्त करना जरूरी है। यह यूआईएन डिजिटल स्काई प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है, जो ड्रोन से संबंधित सभी सेवाओं के लिए सिंगल विंडो सिस्टम है। बड़े ड्रोन उड़ाने के लिए रिमोट पायलट लाइसेंस होना अनिवार्य है। नैनो ड्रोन और गैर-व्यावसायिक उपयोग के लिए माइक्रो ड्रोन उड़ाने के लिए लाइसेंस की आवश्यकता नहीं है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**टैरिफ के बाद...**

खरीदा। 2024 में जनवरी से जून के बीच ये आंकड़ा 1.8 लाख बैरल प्रतिदिन था। केवल जुलाई 2025 में जून के मुकाबले 23 प्रतिशत ज्यादा कच्चा तेल अमेरिका से आया। भारत के कुल तेल आयात में भी अमेरिका की हिस्सेदारी 3 प्रतिशत से बढ़कर 8 प्रतिशत तक पहुंच गई। 30 जुलाई को ट्रम्प ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा करते हुए कहा था कि भारत हमेशा से अपनी ज्यादातर सैन्य चीजें रूस से खरीदता है और रूस का सबसे बड़ा तेल खरीदार है। ये सब तब हो रहा है, जब हर कोई चाहता है कि रूस-यूक्रेन की जंग रुके। ये सब ठीक नहीं है। इसलिए, भारत को 25 प्रतिशत टैरिफ और रूस से व्यापार पर पेनल्टी भी देनी होगी। भारत अभी रूस से अपनी जरूरत का करीब 40 प्रतिशत तेल इंपोर्ट करता है।

**गोंडा: बोलेरो...**

उनकी मौत हो गई। गाड़ी नहर के किनारे बनी सड़क से निकल रही थी। नहर क्रॉस करके जाना था। पुलिया के पास अचानक ड्राइवर ने ब्रेक मारा। स्पीड तेज और बारिश होने की वजह से गाड़ी अनियंत्रित होकर नहर में गिरने लगी, तो ड्राइवर गेट खोलकर कूद गया। आगे की सीट में बैठे दो लोग भी बाहर आ गए। बमुश्किल खिड़की का शीशा तोड़कर एक-एक को बाहर निकाला। तब तक सभी की मौत हो चुकी थी। हादसा रविवार सुबह 10 बजे इटियाथोक थाना क्षेत्र में हुआ। हादसे के बाद के कई वीडियो सामने आए हैं। इसमें सड़क पर 11 लाशें पड़ी हुई हैं। पानी में डूबी बोलेरो का ईंट से शीशा तोड़ते हुए युवक नजर आ रहे हैं।

**एनसीपी-शरद के...**

गंदगी फेंकी गई। इसी सनातन धर्म ने शाहूजी महाराज की हत्या की साजिश रची। इसने डा. बीआर अंबेडकर को पानी पीने और स्कूल जाने तक नहीं दिया। आव्हाड ने ये भी कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ही थे, जो सनातन धर्म के खिलाफ उठे, मनुस्मृति को जलाया और उसकी दमनकारी परंपराओं को खारिज किया। आव्हाड का ये बयान मालेगांव ब्लास्ट के सभी 7 आरोपियों को बरी किए जाने और भगवा आतंकवाद पर जारी राजनीतिक बहस के बीच आया है। महाराष्ट्र के मालेगांव में 29 सितम्बर 2008 को धमाका हुआ था। इसमें 6 लोग मारे गए थे और करीब 100 लोग घायल हुए थे। मालेगांव ब्लास्ट केस की शुरुआती जांच महाराष्ट्र एटीएस ने की थी। 2011 में केस एनआईए को सौंप दिया गया था।

**सैन्य अफसर...**

देने से मना कर दिया। इसके बाद वह बोर्डिंग प्रोसेस पूरी किए बिना ही जबर्दस्ती एयरोब्रिज में घुस गया। यह सिक्योरिटी प्रोटोकॉल का उल्लंघन था। जब स्टाफ ने आरोपी को रोकने की कोशिश की तो उसने पीटना शुरू कर दिया। बगल में रखे एक स्टैंड से कर्मचारी पर हमला कर दिया। उन्हें लात-घूंसे भी मारे। कुछ के जबड़े में भी चोट आई। स्पाइसजेट का एक कर्मचारी बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा, लेकिन यात्री बेहोश कर्मचारी को लात मारता रहा। बेहोश हुए कर्मचारी की मदद के लिए नीचे झुकते समय एक अन्य कर्मचारी के जबड़े पर जोरदार लात लगने से उसकी नाक और मुंह से खून बहने लगा। घायल कर्मचारियों को अस्पताल में एडमिट कराया गया है। एयरलाइन ने बताया कि, आरोपी के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज की गई है। नागरिक उड्डयन नियमों के अनुसार यात्री को नो-फ्लाई लिस्ट में डाल दिया गया है। स्पाइसजेट ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय को पत्र लिखकर अपने कर्मचारियों पर हुए जानलेवा हमले की जानकारी दी है और यात्री के खिलाफ उचित कार्रवाई का अनुरोध किया है। एयरलाइन ने हवाई अड्डे के अधिकारियों से घटना का सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को सौंप दिया है।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# हादसे में मां-बेटे की मौत, बहू गंभीर

## रुड़की से रुद्रपुर जाते वक्त हुई दो कारों की आमने-सामने की टक्कर, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे









**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना नेशनल हाईवे पर रविवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियों को हमेशा के लिए खामोश कर दिया। ग्राम चकसहजनी के पास दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत में मां और बेटे की मौके पर मौत हो गई, जबकि बहू गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रुड़की निवासी चंद्रशेखर (30 वर्ष) अपनी पत्नी प्रीति और मां माधवी भट्ट के साथ किसी कार्यवश रुड़की से रुद्रपुर जा रहे थे। जब उनकी कार धामपुर के पास पहुंची तभी सामने से आ रही कार, जिसमें पीलीभीत के थाना उमरिया निवासी अमरजीत सिंह सवार था, चकसहजनी के पास उनकी कार से जोरदार टकरा गई।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। सभी चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धामपुर ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने माधवी भट्ट और चंद्रशेखर को मृत घोषित कर दिया, जबकि प्रीति को गंभीर स्थिति में हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

दूसरी कार में सवार अमरजीत सिंह को चोटें आई हैं, जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। हादसे की खबर सुनते ही मृतकों के परिजन अस्पताल पहुंचे, जहां रो-रोकर बुरा हाल था। मृतक की बहन जब अस्पताल पहुंची, तो भाई के शव से लिपटकर उसकी चीख सुन वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम हो गईं। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे ने बताया कि शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है और मामले की जांच जारी है।

### मां भी चली गई, भाई भी... मेरा घर ही उजड़ गया

प्रीति, जिसने एक ही दिन में अपना सुहाग और सास दोनों खो दिए, अस्पताल में बार-बार होश खोती रही। जब थोड़ी चेतना आई तो बस यही बोल सकी मां भी नहीं रही, और मेरा चंद्रशेखर भी नहीं... मेरा तो घर ही उजड़ गया...। वो पल हर किसी के लिए असहनीय था, जब अस्पताल की दीवारें भी मानो इस दुख से सिहर उठीं।

### अब किसे बांधूगी राखी...

रक्षाबंधन से कुछ दिन पहले भाई की मौत की खबर सुनकर चंद्रशेखर की बहन अस्पताल पहुंची। भाई के शव से लिपटकर बार-बार यही चीखती रही अब किसे राखी बांधूगी...? मेरा एक ही तो भाई था...। इस मार्मिक दृश्य ने अस्पताल में मौजूद हर आंख को नम कर दिया। रक्षाबंधन की राखी अब उसके लिए सिर्फ एक अधूरी स्मृति बनकर रह गई है।

### रोड वनवे होने के कारण हादसे

स्थानीय लोगों का कहना है कि नगीना-धामपुर नेशनल हाईवे कांवड़ यात्रा के कारण एक तरफ से बंद किया गया है। रोड वनवे होने के कारण वाहनों की भीड़ बढ़ गई है, उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण आए दिन ऐसे हादसे हो रहे हैं।

## अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देने वाले के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** पुलिस अधीक्षक के आदेश पर स्थानीय पुलिस ने छात्रा को अश्लील वीडियो और फोटो इंटरनेट पर अपलोड करने की धमकी देने वाले आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

नांगल थानांतर्गत एक ग्राम की निवासी युवती बीए की छात्रा है। उसने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में कहा था कि आरोपी प्रशान्त निवासी ग्राम चन्दनवाला थाना धामपुर लड़कियों के अश्लील वीडियो बनाकर उनको ब्लैकमेल करता है। ब्लैकमेल करके लड़कियों को बेंगलुरु ले जाता है तथा उनके साथ गलत काम करके उन्हें बेच देता है। 22 जुलाई की सुबह 6.30 बजे वह अपने घर में बैठी थी, तभी आरा. ेपी प्रशान्त का फोन आया कि तुम बेंगलुरु आ जाओ। बिजनौर में रोडवेज बस स्टैंड के सामने जनसेवा केन्द्र में पहुंचने पर तुम्हें पैसे मिल जायेंगे। मना करने पर आरोपी ने धमकी दी कि यदि तू दिल्ली नहीं आयी, तो मैं तेरी अश्लील वीडियो और अश्लील फोटो इंटरनेट पर अपलोड कर दूंगा या तेरे मां - बाप और तेरे गांव वालों को दिखा दूंगा। वह बेइज्जती के डर से दिल्ली चली गयी। आरोपी प्रशान्त उसे दिल्ली से खण्डसाल नागपुर ले गया। तभी उसके पास परिजनों का फोन आ गया। जिस पर वह वापस घर आ गयी। आरोपी ने फिर से वीडियो और फोटो इंटरनेट पर डालने की धमकी देकर बुलाया, मगर वह नहीं गयी। उसने सारी बातें अपने घरवालों को बतायी। घरवाले उसे लेकर थाने गये। थाने में प्रार्थना पत्र लेकर रख लिया गया, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गयी।

पुलिस अधीक्षक ने नांगल थाना प्रभारी को एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था।

प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार सैनी ने बताया कि आरोपी प्रशान्त के विरुद्ध बीएनएस की धारा 351 (2) के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

## एक नजर

### उपनिरीक्षक शिवा नैन लाइन हाजिर

**नूरपुर।** तीन दिन पूर्व ग्राम पुरैना अब्दुल रहमानपुर में हुई गंभीर घटना के मामले में एसपी अभिषेक झा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नूरपुर थाने के उपनिरीक्षक शिवा नैन को लाइन हाजिर कर दिया है। यह कार्रवाई घटना के दौरान लापरवाही बरतने के आरोप में की गई है। गौरतलब है कि नगर नूरपुर के सैनी मोहल्ला निवासी दो युवक मैनू और सोनू गत दिवस ग्राम पुरैना घूमने के लिए गए थे। जहां ग्रामीणों ने उन्हें चोर समझकर पकड़ लिया और नंगा कर बेरहमी से पीटा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर हालात संभालने पहुंची थी, लेकिन आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस पर भी लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस घटना में कई पुलिसकर्मी भी घायल हुए थे। पुलिस ने इस प्रकरण में कार्रवाई करते हुए 38 नामजद और 100 से अधिक अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। घटना के बाद से क्षेत्र में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है और गांव में पीएसी बल तैनात है। मामले की गंभीरता और घटना के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही के मद्देनजर एसपी ने उपनिरीक्षक शिवा नैन को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है। एसपी अभिषेक झा ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### किसान उत्सव कार्यक्रम का आयोजन



**अफजलगढ़।** कादराबाद स्थित किसान सेवा सहकारी समिति में प्रधान मंत्री किसान उत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान वाराणसी से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त के हस्तांतरण का लाइव प्रसारण कार्यक्रम वर्चुअल माध्यम से एलईडी पर दिखाया गया। कार्यक्रम में किसानों को जागरुक करते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही कई महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई । वहीं नवागत एमडी कुवेश कुमार, चेयरमैन अनुज जोशी, पूर्व चेयरमैन मलकीत सिंह सहित समितिकर्मी मुकेश कुमार, सचिन, शरीफ अहमद व क्षेत्र के दर्जनों किसान मौजूद रहे।

### वर्धमान क्रिकेट एकेडमी-बी ने जीता मैच

**बिजनौर।** वर्धमान क्रिकेट एकेडमी के मैदान पर वीसीए टी-20 जूनियर सीरीज का फाइनल हुआ । वर्धमान क्रिकेट एकेडमी-बी और वर्धमान क्रिकेट एकेडमी-ए के बीच रोमांच से भरपूर फाइनल मैच हुआ। वर्धमान क्रिकेट एकेडमी-बी ने 8 रन से मैच जीत लिया। प्लेयर ऑफ दी मैच यश कोठारी रहे। प्लेयर ऑफ दी सीरिज आकिब व कार्तिकेय संयुक्त रहे। मैच में वर्धमान क्रिकेट एकेडमी-बी के कप्तान यश कोठारी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और पहले बल्लेबाजी करते हुए सभी विकेट खो कर 69 रन का स्कोर बनाया। जिसमें स्पर्श त्यागी ने 24 लक्ष्य भारती ने 15 व आकिब ने 13 रन बनाये। वर्धमान क्रिकेट एकेडमी-ए की ओर से गेंदबाजी करते हुए रिधान श्रीवास्तव व मानवीक ने तीन-तीन ओर कार्तिकेय ने एक विकेट लिया। वर्धमान क्रिकेट एकेडमी-ए ने जवाब में बल्लेबाजी करते हुए सभी विकेट खोकर 61 रन बना कर सिमट गई। जिसमें हर्ष चौधरी ने 12 और श्रेष्ठ सोडलान ने आठ रन बनाए। वर्धमान क्रिकेट एकेडमी-बी की ओर से गेंदबाजी करते हुए कप्तान यश कोठरी ने चार, स्पर्श त्यागी ने दो और लक्ष्य भारती ने एक विकेट लिया। इस अवसर पर एकेडमी के कोच मौहम्मद मोहसिन, बिशन सिंह, साजिद अली मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शेरकोट।** एक महिला ने ग्राम की ही दो महिलाओं सहित चार के विरुद्ध गाली गलौच व मारपीट किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना क्षेत्र के ग्राम हरेवली उर्फ भगोता निवासी संजया पत्नी जसवंत ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह आशा के पद पर कार्यरत है। तीन वर्ष पहले उसके पति के साथ ग्राम के ही विपिन आदि ने मारपीट की थी। जिसका मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप है कि आरोपी उन पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहे है। घटनाक्रम के अनुसार वह ई-रिक्शा से अपनी ड्यूटी जा रही कि रास्ते में उसे ग्राम के ही दीपू, मालती, सलोनी व शीशपाल ने उसे रोक लिया तथा मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाते हुए उससे गाली-गलौच व मारपीट की। जिससे उसे काफी चोट आई। आरोप है कि मुकदमा वापस नहीं लेने पर जान से मारने की धमकी दी।

# शादी तय कर मांगा दहेज, बारात रोकी

### पीड़ित विकलांग पिता ने लगाई न्याय की गुहार





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** गांव श्यामीवाला में एक निर्धन व विकलांग पिता के विश्वास और समाज में सम्मान को गहरी ठेस पहुंचाने वाली घटना सामने आई है। रिश्ता तय करने के बाद बारात के दिन अचानक दहेज की मांग कर न सिर्फ विवाह रोका गया, बल्कि पूरे परिवार को सामाजिक अपमान और मानसिक आघात का सामना करना पड़ा। पीड़ित ने थाना मंडावली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, श्यामीवाला निवासी खुर्शीद अहमद (जो विकलांग हैं और लंबे समय से बिस्तर पर हैं) ने अपनी बेटी साजिया परवीन (20 वर्ष) का रिश्ता तीन महीने पूर्व खेड़की गांव निवासी रिहान (22 वर्ष) पुत्र दीन मोहम्मद के साथ तय किया था। यह रिश्ता रिजवान पुत्र शरीफ निवासी भागूवाला, जो दोनों पक्षों का संबंधी है, की मध्यस्थता से हुआ था।

रिश्ता पक्का होने के बाद 2 अगस्त 2025 को बारात का तय समय सुबह 11 बजे था। लेकिन बारात समय से नहीं पहुंची। बार-बार फोन करने पर भी जवाब यही मिलता रहा कि बारात आ रही है। अंततः दोपहर में जानकारी मिली कि रिहान पक्ष ने अचानक रूपए 2.5 लाख नकद और एक बुलेट मोटरसाइकिल की मांग कर दी है, और बिना दहेज के बारात नहीं लाएंगे। इस बीच, पिता खुर्शीद ने बार-बार विनती की कि बारात लेकर आ जाएं, लेकिन उसके बावजूद बारात नहीं आई। इसके बाद उन्हें यह भी ज्ञात हुआ कि रिहान के किसी अन्य लड़की से नाजायज संबंध हैं और इस संबंध में आगरा पुलिस में शिकायत भी दर्ज हो चुकी है, जिसकी जानकारी रिश्ता तय करते समय जानबूझकर छुपाई गई थी।

पीड़ित पिता ने बताया कि शादी की तमाम तैयारियां पूरी हो चुकी थीं, टेंट, खाना, दहेज, सजावट आदि पर भारी खर्च किया गया। गांववालों के सामने उनके सम्मान को ठेस पहुंची और उनकी पुत्री मानसिक रूप से आहत हो गई। इस पूरे घटनाक्रम से परिवार पर आर्थिक और मानसिक दोहरा आघात पड़ा है।

पीड़ित ने रिहान, उसके पिता दीन मोहम्मद और बिचौलिया रिजवान के खिलाफ धोखाधड़ी, सामाजिक अपमान, भावनात्मक शोषण की धाराओं में कार्यवाही की मांग करते हुए थाना मंडावली में प्रार्थना पत्र दिया है।

सवाल यह उठता है कि क्या इस प्रकार की दहेज मांगने और शादी से ऐन वक्त पर मुकर जाने की घटनाएं खुलेआम होती रहेंगी और पीड़ित परिवारों को न्याय के लिए भटकना पड़ेगा? समाज को इस विषय पर संवेदनशील होने की आवश्यकता है और प्रशासन को भी ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई कर उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए।

# अधिवक्ताओं का सम्मेलन रहा सफल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विधि विभाग कांग्रेस कमेटी के दो अगस्त को दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में यू.पी. के जिला बिजनौर से संगठन के चेयरमैन प्रशांत कुमार गोयल एड. के नेतृत्व में अनेक अधिवक्ताओं ने शिरकत की। देश के विभिन्न राज्यों से आये अधिवक्ताओं का यह सम्मेलन काफी सफल रहा।

इस सम्मेलन के लिए बिजनौर के जिला चेयरमैन प्रशांत कुमार गोयल कई दिन से काफी मेहनत कर रहे थे। जिसके लिए पचास से अधिक अधिवक्ताओं को पास जारी किये गये। इस सम्मेलन को मुख्य रूप से कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़के, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अभिषेक मनु सिंघवी, दिग्विजय सिंह, इमरान प्रतापगढ़ी, भूपेश बघेल, अलका लांबा, प्रमोद तिवारी, रेणुका चौधरी आदि पार्टी व संगठन के राष्ट्रीय स्तर के नेताओं ने संबोधित किया। देशभर के अधिवक्ताओं को पार्टी व संगठन से जोड़ने के मकसद से आयोजित यह सम्मेलन काफी सफल रहा। जिसमें विधि विभाग कांग्रेस के जिला चेयरमैन प्रशांत कुमार गोयल एड. के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने हिस्सा लेकर अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज करायी।

सम्मेलन में जिला बिजनौर से शोएब अहमद, जहीर अहमद खान, फरीद अहमद खान, अभिषेक मिश्रा, मौहम्मद नईम, रामअवतार सिंह, गुलसिताब, सरफूराही, मनव्वर अली, सविता सिंह, इंतखाब अहमद, प्रमोद कौशिक, जैद बेग, फखरे आलम, अजय कुमार, मोहित राठी, अनिल कुमार, तनवीर परवेज, मनु प्रताप सिंह, नवाब जफर आलम, ऐहतेशाम अहमद, नौशाद अहमद, मौहम्मद नासिर, समरपाल सिंह, शिवा पाराशर, शेर सिंह, मौहम्मद आमिर अंसारी, मौहम्मद अहसान, आफताब अहमद, बिलाल अहमद, नदीम अहमद, विकास नारायण, अनेक अधिवक्ताओं ने हिस्सा लिया। जदीद यासिर, मौहम्मद जावेद, नजाकत हुसैन, फरहत आलम, रिजवान, अजित कुमार, मोहसिन, नसीमुद्दीन आदि अनेक अधिवक्ताओं ने हिस्सा लिया।

## चौपाल में ग्रामीणों को किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** ग्राम प्रेमपुरी स्थित गुरुद्वारे में ग्रामीणों को पुलिस ने चौपाल लगा कर चोरों की अफवाह फैलाने व पुलिस को झूठी सूचना दिए जाने के सम्बंध में जागरूक किया।

हल्का दरोगा शिवम कुमार ने ग्रामीणों को बताया कि किसी भी सूचना को तत्काल पुलिस को बताए तथा ग्राम में कोई भी चोर या ड्रोन आदि के सम्बंध में झूठी सूचनाएं न फैलाए। ऐसे लोगों पर पुलिस के माध्यम से कार्यवाही की जा सकती है। इस मौके पर ग्राम के दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

## गोदाम में आग लगने से भूसा जल कर राख



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** अज्ञात कारणों से एक किसान के भूसे के गोदाम में अचानक आग लग गई, जिससे 90 कुंतल भूसा जलकर राख हो गया।

रेहड़ निवासी किसान अकील अहमद घोसी पुत्र स्वर्गीय शमी अहमद ने बताया कि वह पशुपालन का कार्य करता है। उसने अपने घर के आंगन में तीस हजार रुपए की लागत से छप्पर का एक गोदाम बनाया था, जिसमें उसने पशुओं के चारे के लिए 90 कुंतल भूसा जमा कर रखा था। रविवार शाम लगभग 6 बजे अज्ञात कारणों से उसके भूसे के गोदाम में अचानक आग लग गई। थोड़ी ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। अकील अहमद ने स्वजनों व पड़ोसियों के साथ आग बुझाने का काफी प्रयास किया परंतु सफलता नहीं मिली। आग से गोदाम का छप्पर, गोदाम में जमा किया गया 90 कुंतल भूसा व गोदाम के पास पड़ी तीन चारपाई जलकर राख हो गई। किसान अकील अहमद घोसी ने बताया कि आग लगने से उसको लगभग एक लाख दस हजार रुपए की क्षति हुई है।

### पीड़ित ने की प्रशासन से मुआवजे की मांग

पीड़ित किसान अकील अहमद घोसी ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

# बिजनौर नुमाइश का शानदार उद्घाटन

## प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने काटा फीता, आतिशबाजी व मंत्रोच्चार से गूंजा माहौल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नगर पालिका परिषद बिजनौर के तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाली जिला कृषि, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी का शनिवार को भव्य उद्घाटन हुआ।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि बिजनौर की जिला कृषि औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी केवल मनोरंजन का माध्यम ही नहीं है। अपितु इससे लोगों को रोजगार व व्यवसाय के अवसर मिलते है, जिले के उत्पादों को एक प्लेटफार्म मिलता है, जिसका प्रचार प्रसार पूरे देश में होता है। श्री अग्रवाल जिला कृषि औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद नगर पालिका परिषद बिजनौर द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इंदिरा बाल भवन में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा यह प्रदर्शनी जिले की न केवल विरासत को समेटे हुए हैं, अपितु प्रदर्शनी में किसानों को वह अन्य लोगों को नई-नई तकनीक की जानकारी मिलती है। सरकार की योजनाओं की जानकारी भी प्रदर्शनी के माध्यम से आम लोगों तक पहुंचती है। किसानों को खेती में प्रयुक्त होने वाले नए-नए उपकरणों की जानकारी भी प्रदर्शनी के माध्यम से मिलती है। उन्होंने लोगों से प्रदर्शनी की गरिमा को बनाए रखने और 45 दिन तक चलने वाली प्रदर्शनी का आनंद उठाने का आह्वान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान उर्फ बॉबी की अध्यक्षता व विकास अग्रवाल के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता हरजिंदर कौर, पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष वाल्मीकि, राजीव सिसौदिया, पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह, विनय राणा, डॉ. बीरबल सिंह को सम्मानित किया गया।

इस मौके पर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह ने कहा कि प्रदर्शनी गंगा जमुनी तहजीब का प्रतीक है, इसमें आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम स्तरीय होते हैं, जो लोगों को स्वस्थ मनोरंजन देते हैं। सभी को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद भी लेना चाहिए ।

कार्यक्रम में डीएम श्रीमती जसजीत कौर, एसपी अभिषेक, एसडीएम, सीओ राकेश वशिष्ठ, अधिशासी अधिकारी विकास कुमार, सफाई निरीक्षक गोविंद चौधरी, अवर अभियंता जलकल गौरव कुमार शर्मा, अवर अभियंता निर्माण यशवंत सिंह मौजूद रहे।

## उमस भरी गर्मी में वर्षा होने से मिली बड़ी राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** पिछले कई दिनों से पड़ रही उमस भरी गर्मी में आज पुनः वर्षा हो जाने से आमजन ही नहीं बल्कि पशु पक्षियों को भी एक बड़ी राहत मिली है। वर्षा होने से जहां मकान की छते व दीवारे ठंडी हुई है। वहीं जंगलों में किसानों के खेत खलिहान में पानी भरने से किसानों के चेहरे भी खिले-खिले दिखाई दे रहे हैं। किसानों का कहना है कि इस समय की वर्षा से उनके खेतों में खड़ी गन्ने की फसल को बहुत लाभ मिलता है।

रविवार की दोपहर को वर्षा होने से तापमान में गिरावट आने से लोगों को गर्मी में राहत मिली है। वर्षा के होने से खेतों में खाली स्थानो में पानी भरने से किसानों के चेहरे भी खेले हैं। साथ ही भीषण गर्मी से बेजुबान पशु पक्षियों की भी चहचराहट ने जोर पकड़ा है। किसान लोकेंद्र चौधरी का कहना है कि इस वर्षा से जहां किसान के खेतों में खड़ी गन्ने की फसल को लाभ पहुंचेगा वहीं धान की फसल के लिए तैयारी में लाभ मिलेगा। धान लगाने में सिंचाई का खर्च भी बचेगा। हालांकि इस वर्ष से शहरी व ग्रामीण इलाकों के निचले इलाकों में पानी भर जाने से कहीं कही परेशानी भी लोगों को उठाने पड़ी। लेकिन कुछ देर बाद पानी का भराव नहीं हो पाने से किसी को ज्यादा परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।

### आमजन के साथ किसानों के भी चेहरे खिले

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# पुरानी पेंशन लेकर रहेंगे: विजय बंधु

## कार्यक्रम में एनपीएस-यूपीएस, निजीकरण एवं परिषदीय स्कूलों के मर्जर का विरोध




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अटेवा गाजियाबाद ने जनपद गाजियाबाद के संघर्षशील, सजग अटेवियंस साथियों का कर्मयोगी/ सहयोगी आभार प्रकट कार्यक्रम का आयोजन जे.एम.एस. आई.टी इंस्टिट्यूट मसूरी गाजियाबाद में जिला अध्यक्ष मनीष कुमार शर्मा की अध्यक्षता एवं जिला मंत्री महिला विंग मीनू शर्मा के संचालन में किया गया।

कार्यक्रम के शुभारंभ में राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु एवं प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री एवं मंडल पर्यवेक्षक रजत प्रहरी व अन्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर डॉ. रामाशीष की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम में अटेवा कर्मयोगी/सहयोगी सम्मान में राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने सुधीर कुमार इंचार्ज पीएस मेवला भट्टी लोनी के सुपुत्र मास्टर लक्ष्य फौगाट को सब जूनियर बॉक्सिंग एशियन चैंपियनशिप (जॉर्डन 2025) में रजत पदक जीतने के लिए अटेवा सम्मान से सम्मानित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार 'बंधु' द्वारा कर्मयोगी सहयोगी आभार प्रकट समारोह कार्यक्रम में उद्घोष किया कि हम हर हाल में पुरानी पेंशन लेकर रहेंगे। निजीकरण व उत्तर प्रदेश में सरकारी स्कूलों के मर्जर का भारी विरोध किया। निजीकरण मध्यम एवं निम्न वर्ग के विरोध में पूंजीपतियों का षड्यंत्र है। जिससे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि सरकारी स्कूलों को पेयरिंग की आड़ में बंद करना निजीकरण का एक हिस्सा है। जिससे गरीब बच्चों को शिक्षा के अधिकार से वंचित किया जा रहा है। पुरानी पेंशन बहाली हमारा संवैधानिक अधिकार जिसके लिए अंत तक संघर्ष जारी रहेगा। प्रदेश संगठन मंत्री एवं मंडल पर्यवेक्षक रजत प्रहरी ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए संगठित होकर संघर्ष करने की आवश्यकता है। मंडलाध्यक्ष इंद्रेश यादव ने कहा कि अटेवा पुरानी पेंशन बहाली के लिए दृढ़संकल्पित है। जिसके लिए निरंतर संघर्ष जारी रहेगा। विशिष्ट अतिथि (शिक्षक प्रतिनिधि) के रूप में श्रीमती रितु शर्मा ने शिक्षकों की तरफ से प्रतिभाग किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने संगठन में नवीन सदस्यों को संगठन में नवीन पदाधिकारियों के रूप में जिम्मेदारियां दी गईं। गोविंद कुमार सिंह जिला संरक्षक, अमित त्यागी वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, अमिताभ पाण्डेय महानगर अध्यक्ष रजी हसन जिला प्रवक्ता बेसिक, श्रीमती इमराना सिद्दीकी जिला उपाध्यक्ष बेसिक, दुष्यंत सिंह उपाध्यक्ष महानगर शिक्षणेत्तर, हिमांशु गुप्ता संगठन मंत्री लोनी ब्लॉक शिक्षणेत्तर, मनीष हरिनंदन महामंत्री, एनआरईयू एवं संजीव कुमार सक्सेना, सुधीर त्यागी सभी अतिथियों का स्वागत मनीष कुमार शर्मा जिलाध्यक्ष, रामशेष वर्मा जिला महामंत्री, प्रदीप कुमार चौहान जिला कोषाध्यक्ष, श्रीमती आरती वर्मा जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, श्रीमती मीनू शर्मा जिला महामंत्री महिला प्रकोष्ठ, पारस गोस्वामी ब्लॉक अध्यक्ष लोनी, अमित त्यागी महानगर अध्यक्ष, संजय चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष मुरादनगर, राजपाल यादव ब्लॉक अध्यक्ष भोजपुर, श्रीमती गीता ढींगरा ब्लाक अध्यक्ष रजापुर, श्रीमती रिंकी गुप्ता एवं अजय कुमार जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली।

# झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार ने स्वास्थ्य सुरक्षा का बनाया मजाक

## मरीजों की जान से खुलेआम खिलवाड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** ग्रामीण क्षेत्रों में झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार ने स्वास्थ्य सुरक्षा को मजाक बना दिया है। अधिकतर ग्रामीण क्षेत्रों में गैर-प्रशिक्षित लोग बिना किसी मेडिकल डिग्री के धड़ल्ले से क्लीनिक चला रहे हैं। इंजेक्शन, बोतलें, दवाएं और स्टेरॉयड तक खुलेआम उपयोग हो रहे हैं। वह भी बिना किसी वैध अनुमति या निगरानी के गरीबों की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है।

इन तथाकथित डॉक्टरों का इलाज न तो किसी मेडिकल प्रोटोकॉल पर आधारित है और न ही इनका कोई पंजीकरण या लाइसेंस है। गलत इलाज से मौतें होना अब आम बात बन गई है, जिसकी खबरें आए दिन समाचार पत्रों की सुर्खियों में रहती हैं। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन लगातार चुप्पी साधे हुए हैं।

ऊपरी संरक्षण की खुली बात खुद झोलाछापों का कहना है कि नीचे से ऊपर तक हमारा बंदोबस्त है, हर महीने पैसे भेज दिए जाते हैं, कोई हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकता। इस कथन से साफ जाहिर होता है कि एक संगठित मासिक वसूली तंत्र इनके पीछे काम कर रहा है, जिससे इनका हौसला और भी बुलंद होता जा रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब यह झोलाछाप वर्षों से खुलेआम काम कर रहे हैं, तो क्या प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है या इस गोरखधंधे में हिस्सेदार है?

### कब जागेगा स्वास्थ्य विभाग?

**नजीबाबाद।** क्या प्रशासन किसी बड़ी जनहानि के बाद ही जागेगा? क्या गरीब जनता की जान की कोई कीमत नहीं? यदि समय रहते इन झोलाछाप डॉक्टरों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो यह न सिर्फ चिकित्सा कानून की धज्जियां उड़ाना होगा, बल्कि भविष्य में कई निर्दोष जिंदगियां लील जाएगा। ग्रामीणों और जागरूक नागरिकों ने मांग की है कि ग्राम भागूवाला में सक्रिय सभी अवैध झोलाछाप डॉक्टरों की सूची तैयार कर, मौके पर छापेमारी हो, क्लीनिक सील किए जाएं, और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय हो। साथ ही मासिक वसूली तंत्र की जांच कर दोषियों को निलंबित किया जाए।

# तिरंगा मार्च सफल बनाने को बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** 13 अगस्त को बिजनौर में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की ओर से ट्रैक्टर तिरंगा मार्च को सफल बनाने के लिए भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं ने कई ग्रामों में किसानों से संपर्क करते हुए बिजनौर चलने का आह्वान किया।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पूर्व तहसील अध्यक्ष राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने ग्राम मुस्सेपुर पाली, मिर्जापुर आदि में 13 अगस्त को बिजनौर में ट्रैक्टर तिरंगा मार्च को सफल बनाने के लिए किसानों से संपर्क किया। किसानों से अधिक से अधिक संख्या में बिजनौर चलने का आह्वान किया गया।

इस मौके पर भाकियू टिकैत के पूर्व तहसील अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने कहा कि किसान संगठित होकर अपने हकों की लड़ाई लड़ सकते है।

# हाउस टैक्स और जलकर में वृद्धि का मुद्दा उठाया

## वरिष्ठ नागरिक सेवानिवृत्त कमेटी की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर की वरिष्ठ नागरिक सेवानिवृत्त कमेटी की एक मानसिक बैठक मौहल्ला शेखान स्थित पूर्व डिप्टी एसपी एवं कमेटी अध्यक्ष इकबालुज्जमा के निवास पर सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता इकबालुज्जमा ने की। इस बैठक में नगर से जुड़े कई ज्वलंत मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक का प्रारंभ गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि से हुआ। जिसमें पूर्व कार्यों की समीक्षा की गई एवं उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से उसे स्वीकृति प्रदान की। बैठक में सबसे प्रमुख विषय के रूप में नगर पालिका स्योहारा द्वारा हाल ही में हाउस टैक्स एवं जलकर टैक्स में की गई वृद्धि को रखा गया। इस पर चर्चा करते हुए अध्यक्ष इकबालुज्जमा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्योहारा की जनता पहले से ही बेरोजगारी के दबाव में है। ऐसे में नगर पालिका द्वारा हाउस टैक्स और जलकर में की गई वृद्धि आम नागरिक पर एक और आर्थिक बोझ डालने जैसा है। वरिष्ठ नागरिक सेवा निवृत्त कमेटी इसकी निंदा करती है और शासन-प्रशासन से मांग करती है कि इस निर्णय पर पुन: विचार किया जाए और टैक्स में राहत दी जाए। उन्होंने आगे कहा कि नगर की स्थिति एवं आम नागरिक की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार की नीति बनानी चाहिए, जिससे जनहित को प्राथमिकता मिले न कि बोझ संगठनात्मक चर्चा एवं सुझाव बैठक में संगठन की मजबूती पर भी चर्चा हुई और सभी सदस्यों ने संगठन को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने के लिए अपने विचार रखे। यासीन पूर्व सभासद ने सभी को नए आधार कार्ड केंद्र खोले जाने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। जिससे नागरिकों को सुविधा मिल सके योग प्रशिक्षक सुरेन्द्र सिंह व्यासी ने उपस्थित जनों को योग के माध्यम से निरोग जीवन जीने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि उम्र के इस पड़ाव पर योग और प्राणायाम न केवल मानसिक बल प्रदान करता है। बल्कि शरीर को भी स्वस्थ बनाए रखता है।

इस अवसर पर राधाकृष्णन, महेंद्र कुमार शर्मा, सुरेन्द्र सिंह व्यासी सहित अन्य वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

## एक नजर

### रेलवे ट्रेक पर मिले घायल की मौत



**चांदपुर।** ग्राम बागड़पुर बवनपुरा से गुजर रही नहर के पास रेलवे ट्रेक के समीप एक अज्ञात व्यक्ति घायल अवस्था में पड़ा मिला जिसकी सूचना पर शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह ने चौकी बवनपुरा के इंचार्ज राम. निवास शर्मा को दी और खुद मौके पर पहुंचे और पुलिस के सहयोग से उसे रेलवे ट्रेक के पास से उठवाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्याऊ पहुंचवाया। जहां से चिकित्सको ने उसे गंभीर अवस्था में बिजनौर के लिए रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि घायल अज्ञात व्यक्ति रास्ते में ही मौत हो गई। पुलिस का मानना है कि उक्त व्यक्ति रात्रि में किसी ट्रेन से गिरकर घायल हो गया है। हालांकि उसके एक हाथ पर ओम एवं एक तू ही निरंकार लिखा हुआ है जिससे उसकी हिंदू व्यक्ति होने की पहचान तो हो रही है लेकिन कौन है कहां का है यह अभी ज्ञात नहीं हो सका है। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच में जुट गई है।

### अभ्यास वर्ग प्रशिक्षण कार्यक्रम



**धामपुर।** विकासखंड अल्लैहपुर में भारतीय किसान संघ जनपद बिजनौर के बैनर के नीचे एक दिवसीय विकासखंड की इकाई के समस्त कार्यकारिणी के सदस्य व ग्राम समिति के अध्यक्ष मंत्री अभ्यास वर्ग प्रशिक्षण किया गया। अभ्यास वर्ग का संचालन जिला उपाध्यक्ष निपेंद्र कुमार ने किया और अध्यक्षता खंड अध्यक्ष अशोक कुमार ने की। अभ्यास वर्ग में उपस्थित भारतीय किसान संघ जनपद बिजनौर के जिला मंत्री सुरेश कुमार, जिला कोषाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार, जिला राजस्व प्रमुख देवेन्द्र दत्त शर्मा, जिला बिजली प्रमुख राहुल शर्मा, जिला प्रचार प्रमुख ईश्वर सिंह, जिला सहमंत्री नरेंद्र सिंह, अल्लैहपुर खंड अध्यक्ष अशोक कुमार, खंड मंत्री धर्मेंद सिंह, खंड उपाध्यक्ष पंकज कुमार, खंड युवा प्रमुख राजीव कुमार, संजीव कुमार, ग्राम नैंसीवाला के ग्राम अध्यास अंकुश कुमार व अनेक ग्राम के ग्राम समिति अध्यक्ष ओर ग्राम मंत्री अभ्यास वर्ग में उपस्थित रहे।

### दिनदहाड़े घर से सामान चोरी



**नजीबाबाद।** ग्राम मथुरापुर मोर निवासी एक सैनिक कृष्ण बहादुर के घर दिनदहाड़े चोरी हो गई। चोरी की खबर लगते ही परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और जांच में जुट गई। फिलहाल पुलिस के मुताबिक अलमारियों को चाबी द्वारा खोला गया है जो कि एक चाबी को कहीं छुपाकर रखा गया था उसी से चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। अलमारियों के ताले टूटें हुए नहीं हैं। प्रथम दृष्टया चोरी में किसी करीबी व्यक्ति का भी हाथ हो सकता है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### क्षेत्रीय बार एसो. की बैठक



**नूरपुर।** नगर के मौहल्ला फतियाबाद रोड वरिष्ठ अधिवक्ता देश राज के निवास स्थान पर नूरपुर क्षेत्रीय बार एसोसिएशन की एक बैठक बुलाई गई। जिसमें अधिवक्ताओं से संबंधित एवं क्षेत्रीय बार के चुनाव के संबंध में चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता राम नारायण ने की। संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता नईम एड. ने किया। वरिष्ठ अधिवक्ता स्व. विपिन चौधरी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बैठक की शुरुआत की। जिसमें निम्न समस्याओं पर चर्चा की गई और आगामी चुनाव के लिए रणनीति बनायी गई। बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता गालिब एड., रमाकांत एड., राजा राम एड., नफीस जाफरी एड., फईम एड., कादिर चौधरी एड., सत्यवीर एड., दीपक यादव, अमर सिंह एड., सोहन एड., संजीव गुर्जर, प्रांसू एड., जीशान मलिक, शाहबाज सिद्दीकी, सिराजुद्दीन एड., मोहित कुमार, रविन्द्र कुमार आदि मौजूद थे।

# कथा में सुदामा और श्री कृष्ण की मित्रता का वर्णन

## श्रीमद् भागवत कथा का सातवां दिन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नगर के नवीन मंडी स्थल पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के सप्तम दिवस रविवार को व्यास पीठ से परमपूज्य श्री राम कृपाधाम आश्रम वृंदावन के पीठाधीश्वर रामदास जी महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन, सुदामा चरित्र और राजा परीक्षित के मोक्ष के प्रसंग का वर्णन किया। सुदामा और कृष्ण की मित्रता और सुदामा के प्रति कृष्ण के प्रेम तथा राजा परीक्षित को भागवत कथा सुनाकर उनके मृत्यु के भय को दूर करने का प्रसंग भी सुनाया।

सुदामा और भगवान श्री कृष्ण की मित्रता का वर्णन करते हुए महाराज रामदास जी कहते हैं कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर द्वारका जाते हैं, जहां द्वार पर द्वारपाल उन्हें रोक देते हैं, लेकिन जब श्री कृष्ण को सुदामा के आने का पता चलता है, तो वे दौड़कर द्वार पर आते हैं और अपने सखा सुदामा को गले लगा लेते हैं। श्री कृष्ण सुदामा को अपने सिंहासन पर बैठाते हैं और उनके पैर धोते हैं। सुदामा कृष्ण से अपनी गरीबी का वर्णन नहीं कर पाते, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण उनकी दरिद्रता को समझ जाते हैं और उन्हें धन-धान्य से परिपूर्ण कर देते हैं। जब सुदामा द्वारका से लौटते हैं, तो अपनी टूटी हुई झोपड़ी की जगह महल देखते हैं और अपनी पत्नी और बच्चों को सुंदर वस्त्रों में पाते हैं।

महाराज रामदास जी राजा परीक्षित का भागवत सुनने का प्रसंग भी सुनाते हैं। वे कहते हैं कि जिसे सुनकर राजा परीक्षित के मन से मृत्यु का भय दूर हो जाता है। राजा परीक्षित को तक्षक नाग डस लेता है लेकिन भागवत कथा सुनने के कारण उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है। श्रीमद् भागवत कथा सुनने से मृत्यु का भय नहीं बल्कि समस्याओं से भी मुक्ति मिलती है। मुख्य यजमान संजय मारवाड़ी एवं बबीता मारवाड़ी जबकि सहयजमान नितिन दिवाकर व शीशराम सिंह कातिब सपत्नीक रहे। पूजन कार्य पुरोहित पंडित कृष्णा पाण्डे एवं पंडित ब्रजेश त्रिपाठी ने कराया। इस अवसर पर डॉ. योगेंद्र सिंह बिजनौर एवं पत्रकारों को व्यास पीठ से प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कथा में रघुवीर शरण शर्मा, अभ्युदय शर्मा, प्रखर शर्मा, करन सिंह, सभासद राजीव चौहान, सभासद हेमंत पंवार, सरिता शर्मा, संजीव चंद्रा, केके चंद्रा, अरविंद महादेव, ठाकुर योगेन्द्र चौहान, डॉ. श्रीश शर्मा, शिवम वर्मा, पुनीत शर्मा, पप्पू फूल वाले, चंचल वशिष्ठ, सुरेश कुमार, रमेश मुंशी, राहुल वर्मा, अमित वर्मा, राजकुमार चौहान, रोहित कुमार, शिप्रा एरन, प्रतिभा शर्मा, रेखा यादव, मधु यादव, जगदीश शर्मा, डॉ. श्रीकांत वर्मा सहित कार्यकारणी के समस्त पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# गुलदार पकड़ने के लिए पिंजरे में मुर्गा लगाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नगर के सीमावर्ती क्षेत्र में कई दिनों से गुलदार देखे जाने के बाद शनिवार को एक महिला की मौत के बाद वन विभाग जाग गया।

रविवार को वन विभाग ने गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया हैं। दो दिन पूर्व नगर के मौहल्ला किला खड्डा कॉलोनी के पास गुलदार की चहल कदमी देखी गई थी। जिसने एक आवारा कुत्ते को अपना निवाला बना लिया था। नगर के इर्दगिर्द लगातार गुलदार की मौजूदगी से दहशत का माहौल बना हुआ है। रविवार को वन विभाग द्वारा गुलदार को पकड़ने के लिए ईदगाह के समीप किसान निहाल खान के आम के बाग में पिंजरा लगाया गया है। गन्ने की फसल की बढ़त के साथ ही क्षेत्र में वन्यजीवों खासकर गुलदार की आमद बढ़ने लगी है, जो शिकार के तलाश में लगातार आबादी के समीप घूम रहे हैं। दो दिन से सलावातनगर के आसपास लगातार गुलदार को चहल कदमी करते देखा जा रहा है। शनिवार को नगर के मौहल्ला मंझोली में एक महिला को मौत के घाट उतराने के बाद नगरवासियों में भय व्याप्त है।

# डीजल से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर पलटा



## बड़ा हादसा होने से टला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** रविवार की सुबह एक बड़ा हादसा उस समय टल गया, जब नजीबाबाद डीजल डिपो से अमरोहा की ओर जा रहा डीजल से भरा टैंकर किरतपुर क्षेत्र में हाईवे पर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में हाईवे का पोल व सड़क क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन गनीमत रही कि चालक और परिचालक दोनों सकुशल बच गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार सुबह लगभग आठ बजे टैंकर जैसे ही किरतपुर हाईवे पर पहुंचा, उसका सॉफ्ट (पुली) टूट गया, जिससे उसके दोनों पिछले पहिए अलग हो गए। इससे टैंकर नियंत्रण खो बैठा और हाईवे से नीचे सर्विस रोड पर पलट गया।

हादसे में टैंकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें लदे करीब 200 से 250 लीटर डीजल सड़क पर फैल गया। हालांकि टैंकर में आग नहीं लगी, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और किसी तरह की जनहानि न होने पर राहत की सांस ली गई।

# नहर की पटरी का मरम्मत कार्य शुरू

## फसलों के नुकसान का किसानों ने मांगा मुआवजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** क्षेत्र के ग्राम शादीपुर मलकपुर के जंगल में स्थित शेखुपुरा रजवाहे की जर्जर पटरी रविवार तड़के अचानक टूट गई। जिससे आसपास के खेतों में पानी भर गया और किसानों की सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न हो गई। सूचना मिलने पर सिंचाई विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी मशीन के माध्यम से मरम्मत कार्य शुरू कराया।

रविवार सुबह लगभग चार बजे के आसपास यह घटना तब सामने आई, जब कुछ किसान रोजमर्रा की तरह खेतों में कृषि कार्य के लिए पहुंचे। खेतों में पानी भरा देखकर उन्हें नहर की पटरी टूटने का पता चला। देखते ही देखते खेतों में खड़ी गन्ना, चरी, बाजरा और धान की फसल पानी में डूब गई। इससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है।

प्रभावित किसानों में महेन्द्र सिंह, अजय सिंह, धर्मेंद्र सिंह, नरेश कुमार, संजीव कुमार, नेपाल सिंह, करण सिंह, मुला सिंह, जागेश कुमार और नौबहार सिंह सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल हैं। किसानों ने बताया कि नहर की पटरी काफी समय से कमजोर हालत में थी और इसकी मरम्मत को लेकर कई बार विभागीय अधिकारियों से शिकायत भी की गई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

किसानों का आरोप है कि सिंचाई विभाग की लापरवाही और अनदेखी के चलते आज उनकी मेहनत पर पानी फिर गया। खेतों में पानी भरने से फसलें सड़ने की कगार पर पहुंच चुकी हैं। इससे ग्राम में रोष का माहौल है और किसान मुआवजे की मांग कर रहे हैं। मौके पर पहुंचे सिंचाई विभाग के अवर अभियंता (जेई) महकार सिंह ने बताया कि नहर में पानी का बहाव अधिक होने के कारण पटरी टूट गई। विभाग द्वारा स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए तत्परता से मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है और आगे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि फसलों के नुकसान का आंकलन कर किसानों को मुआवजा दिया जाए और नहर की पटरी की स्थायी मरम्मत कराई जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

# कालोनी काटने के लिए सुखा रहे हरे-भरे पेड़

## भाकियू ने वन विभाग से की जांच की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** आम के बाग में हरे-भरे पेड़ सूखने को लेकर भारतीय किसान यूनियन सामाजिक ने चिंता जताते हुए वन विभाग से जांच की मांग की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार भारतीय किसान यूनियन सामाजिक के पदाधिकारी नहटौर में एक कॉलोनी के पीछे स्थित बाग (जंगल क्षेत्र) में पेड़ों को जानबूझकर सुखाने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे। उनका आरोप है कि पेड़ों पर किसी प्रकार की दवा का छिड़काव किया गया है। जिससे बड़ी संख्या में पेड़ सूखते जा रहे है। वन विभाग को इसकी सूचना दी गई। दरोगा शुभम मलिक मौके पर पहुंचे। उन्होंने भी स्थिति का जायजा लेने के बाद पेड़ों की हालत को गंभीर बताते हुए चिंता व्यक्त की। उक्त क्षेत्र में कॉलोनी विकसित करने के लिए पेड़ों को सुखाया जा रहा है। जिससे आसानी से कट जाए।

इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन सामाजिक के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। युवा जिलाध्यक्ष विनीत तोमर, ब्लॉक अध्यक्ष सचिन कुमार, युवा जिला उपाध्यक्ष विनीत कुमार, नगर अध्यक्ष अमजद नगर उपाध्यक्ष इकरार अहमद, ब्लॉक उपाध्यक्ष कुलदीप राठी, नगर उपाध्यक्ष इरफान, मीडिया प्रभारी एवं ब्लॉक उपाध्यक्ष सुनील राठी, कुलदीप तोमर मौजूद रहे। वन विभाग से इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। यूनियन का कहना है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलनात्मक कदम उठाए जाएंगे।

## बीडीओ व बीएमएम की जांच रिपोर्ट सौंपी

**अफजलगढ़।** आखिरकार मण्डलायुक्त से की गई शिकायत में लाखों रुपये के घोटाले के मामले में तत्कालीन बीडीओ व वर्तमान बीएमएम की जांच एडीओ आईएसबी को सौंपी गई हैं। निवासीगण ब्लॉक क्षेत्र के मुकेश, पवन, शिवम, रचना कुमारी आदि ने दस जुलाई को मंडलायुक्त कार्यालय में लिखित शिकायत दी थी। आरोप था कि 2020-2021 में ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत हुए पशुपालन विभाग तथा कौशल विकास योजना के प्रक्षिक्षण के नाम पर करीब छह लाख रुपये का गबन किया था। आज तक उक्त रकम का कोई भी समायोजन नहीं हुआ है और न ही कहीं भी अभिलेखों में खर्च दर्ज है। उक्त रकम तत्कालीन बीडीओ जोहरी और वर्तमान बीएमएम पंकज चौधरी ने निकालकर हड़प ली थी। उधर एडीओ आईएसबी इकबाल अहमद ने जांच कर उच्चाधिकारियों को जांच रिपोर्ट देने की बात कही है ।

# जमीयत उलमा-ए-हिंद की शाखा बसी किरतपुर का सांगठनिक चुनाव संपन्न

## मौलाना मोहम्मद यूसुफ फिर बने नगर अध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** जमीयत उलमा-ए-हिंद की शाखा बसी किरतपुर का सांगठनिक चुनाव शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और आपसी सहमति के माहौल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर सर्वसम्मति से सभी पदाधिकारियों का चयन किया गया, जिससे स्थानीय स्तर पर एकता, सद्भाव और धार्मिक चेतना का व्यावहारिक प्रदर्शन देखने को मिला।

यह चुनाव किरतपुर के एक मदरसे में आयोजित हुआ, जहाँ नगर और आसपास के क्षेत्रों के प्रमुख उलेमा, जमीयत के कार्यकर्ता, सम्मानित व्यक्ति और बड़ी संख्या में आम जनता मौजूद थी। सभी लोगों ने अत्यंत गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ चुनावी प्रक्रिया को संपन्न किया, जिसमें किसी प्रकार का कोई मतभेद सामने नहीं आया। चुनाव प्रक्रिया के अंतर्गत मौलाना मोहम्मद यूसुफ को दूसरी बार नगर अध्यक्ष चुना गया। कारी अहमद हसन को कार्यकारी अध्यक्ष, कारी मोहम्मद अय्यूब को महासचिव और कारी मोहम्मद मेहरबान को कोषाध्यक्ष चुना गया।

इस अवसर पर नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने अपने संयुक्त बयान में कहा कि जमीयत उलमा-ए-हिंद एक सम्मानजनक धार्मिक सामाजिक और मिल्ली संगठन है, जिसकी सेवाएं बहुत व्यापक हैं। हम इस मिल्ली तंजीम के काम को आगे बढ़ाने में मदद करेंगे। क्षेत्र की अनेक धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं, उलेमाओं और आम जनता ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को दिल से बधाई दी और उनके लिए नेक इच्छाओं का इजहार किया।

# डा. मनोज वर्मा ने किया उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** ठाकुरद्वारा रोड स्थित दिल्ली नैनीताल हाईवे पर उस समय उल्लास और उत्सव का माहौल देखने को मिला जब कृष्णा गेस्ट हाउस एवं रेस्टोरेंट का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पधारे नगर के प्रतिष्ठित चिकित्सक और समाजसेवी डॉ. मनोज कुमार वर्मा ने फीता काटकर और दीप प्रज्ज्वलित कर रेस्टोरेंट का विधिवत शुभारंभ किया।

इस अवसर पर डा. मनोज वर्मा ने कहा कि स्योहारा जैसे बढ़ते हुए नगर को इस प्रकार की आधुनिक सुविधाओं की बहुत आवश्यकता थी कृष्णा रेस्टोरेंट न केवल स्वादिष्ट भोजन की सुविधा देगी बल्कि यह क्षेत्रीय लोगों और यात्रियों के लिए भी एक बेहतरीन विश्राम स्थल के रूप में काम करेगा। रेस्टोरेंट के संचालक रामानंद शर्मा ने बताया कि उनका उद्देश्य स्योहारा व आसपास के क्षेत्रों में एक ऐसा स्थान उपलब्ध कराना है, जहाँ ग्राहक शुद्ध स्वादिष्ट भोजन के साथ साथ पारिवारिक वातावरण में सेवा का आनंद ले सकें। इस अवसर पर नगर की कई प्रतिष्ठित हस्तियां मौजूद रहीं, जिनमें प्रमुख रूप से कपिल शर्मा, कृष्ण शर्मा, धर्मेंद्र भुइयार, रियाजुल हक, प्रिंस, पत्रकार इकबाल अंसारी, अमित शर्मा, राजपाल प्रजापति, राजवीर त्यागी, कपिल शर्मा आदि शामिल रहे। समारोह के अंत में उपस्थित अतिथियों को रेस्टोरेंट द्वारा विशेष रूप से तैयार किए गए व्यंजनों का स्वाद भी चखाया गया, जिसकी सभी ने सराहना की।

# साईं मिलेनियम में नवोदय 2025 कार्यक्रम

## सेंट मैरी धामपुर के विद्यार्थी रहे प्रथम स्थान पर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** साईं मिलेनियम स्कूल में नवोदय 2025 उड़ान की नई सोच की राष्ट्रीय युवा संसद का समापन हुआ। जिसमें भारत में बढ़ती धार्मिक कट्टरता और घरेलू आतंकवाद के अलावा भारत में महिलाओं की सुरक्षा और कानून प्रवर्तन पर चर्चा की गई। एक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का समापन बरेली मुरादाबाद खंड के शिक्षक विधायक डॉ. जयपाल व्यस्त ने किया।

इस मौके पर उन्होंने संसद में चलने वाली गतिविधियों के बारे में छात्र-छात्राओं को विस्तार से जानक. ारी दी। आयोजित कार्यक्रम में मूक संसद में पक्ष व विपक्ष के नेता बने छात्र-छात्राओं ने अनेक मुद्दों पर अपनी बात रखी। भारत में बढ़ती धार्मिक कट्टरता और घरेलू आतंकवाद के अलावा भारत में महिलाओं की सुरक्षा और कानून प्रवर्तन पर चर्चा की गई।

निर्णायक मंडल में कुंवर ध्रुव सिंह चौहान, कृष नेगी, विशाल कंसल, अग्रिम पाल रावत, शुभम मेहता, अंशुल थर्णलयाल मौजूद रहे। आयोजित कार्यक्रम में 100 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। जिसमें तीन कमेटी बनाई गई थी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रथम, द्वितीया व तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

सेंट मैरी स्कूल धामपुर के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस मौके पर भाजपा के क्षेत्र मंत्री अनूप वाल्मीकि संघ नेता हिमांशु राजपूत, अभिनव जैन, प्रधानाचार्य कंचन शर्मा, कार्यक्रम आयोजक श्रेया जैन, नेहा गुप्ता, शुभम राणा, रकुल चौधरी, अंकित शर्मा, गौरव त्यागी, निपेद्र कुमार, प्रीति जैन, दीपा जैन, ताविंदा मिर्जा, आसिफ हुसैन, अर्चना चौधरी, यामिनी, गंगा सिमरन कौर आदि ने भाग लिया।

# गुलदार हमले के बाद पीड़ित परिवार से मिलने पहुंची भाकियू सामाजिक की टीम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** शनिवार को जंगल में घास काटने गई महिला की गुलदार हमले में मौत के बाद नगर में दहशत का माहौल है। मृतका के पति सुरेंद्र के घर पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और हाल-चाल जाना। वहीं भारतीय किसान यूनियन सामाजिक की टीम ने पीड़ित के घर पहुंचकर परिवार का हालचाल जाना। सुरेंद्र के मासूम बच्चों को देखकर हर किसी की आंखें नम हो गईं।

भारतीय किसान यूनियन सामा. जिक के जिला उपाध्यक्ष आरेन्द्र रेंद्र कुमार ने बताया कि उनकी वन विभाग के दरोगा सुनील कुमार राजोरा से फोन पर बात हुई है। दरोगा ने बताया कि घटनास्थल पर पिंजरा लगवा दिया गया है। भाकियू सामाजिक के जिला उपाध्यक्ष से राजौरा ने बताया विभाग की ओर से पीड़ित को हरसंभव सहायता देने की बात कही। नगरवासियों ने वन विभाग से क्षेत्र में लगातार गश्त बढ़ाने और गुलदार की बढ़ती गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की है।

इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन सामाजिक के जिला उपाध्यक्ष आरेंद्र कुमार, नगर अध्यक्ष अब्दुल बारी अफजलगढ़, मीडिया प्रभारी मास्टर सलाउद्दीन, नगर उपाध्यक्ष एहसान शाही, मौहम्मद अशरफ, मौहम्मद फारूक, फहद शाहिद आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भोलेनाथ की उपासना से होती है सुखों की प्राप्ति

## टीचर्स कॉलोनी में 10 दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** टीचर्स कॉलोनी स्थित श्री सत्यधाम धर्मशाला में चल रहे 10 दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव में कथावाचक कैलाश चंद्र वशिष्ठ महाराज ने कहा कि श्रावण मास में भगवान भोलेनाथ की आराधना और उपासना अनेकों प्रकार के सुखों की उपलब्धि कराती है तथा संबंधित परिवार धन-धान्य से परिपूर्ण रहते हैं और उन पर भगवान शंकर एवं माता पार्वती की कृपा एवं अनुकंपा भी निरंतर बनी रहती है।

इस दौरान कार्यक्रम स्थल श्रद्धालुओं द्वारा उच्चारित किए जा रहे हर-हर महादेव तथा शंकर भगवान की जय के सामूहिक जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर पूजन कार्यक्रम के यजमानों में प्रमुख रूप से विवेक दुबे एवं भावना दुबे, सहदेव चौधरी एवं सरिता सिंह, आर्यन चौधरी, सार्थक चौधरी, पंकज कुमार बालियान, रुक्मिणी देवी बालियान, अभिनव बालियान, ख्याति रानी, बालियान आदि शामिल रहे। जिन्होंने पूर्ण भक्ति भाव के साथ भगवान भोलेनाथ, माता पार्वती, गणेश भगवान तथा कार्तिकेय भगवान के चरणों में श्रद्धा भावना प्रदर्शित की। पूजन कार्यक्रम देव मंदिर के पुजारी पंडित रविकांत वशिष्ठ जी महाराज ने प्रभावी मंत्र उच्चारण के बीच संपादित कराया।

श्रद्धालु परिवारों को शिव कथा रूपी अमृत रस का पान कराते हुए आचार्य पंडित कैलाश चंद्र वशिष्ठ जी महाराज ने कहा कि वह परिवार बहुत ही सौभाग्यशाली कहलाते हैं जिन्हें श्रावण मास में शिव कथा सुनने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने कथा श्रवण करने के साथ ही टीचर्स कॉलोनी के देव मंदिर में चल रहे रुद्राभिषेक एवं जलधारा कार्यक्रम में श्रद्धालु परिवारों एवं शिव भक्तों द्वारा प्रदर्शित की जा रही समर्पित भूमिका को उनके जीवन की विशेष उपलब्धि बताते हुए कहा कि मानव जीवन पाकर भी जो लोग धार्मिक कार्यों और कार्यक्रमों से वंचित रहते हैं उन्हें चाहिए कि वह अपने मानव जीवन को सार्थक बनाने के लिए प्रभु भक्ति, सत्संग, संत महात्माओं के दर्शन आदि को भी जीवन में स्थान दिलाने का संकल्प लें।

कार्यक्रम की सफलता में योगेंद्र कुमार शर्मा एडवोकेट, अनिल कुमार चौहान, रोशन कुमार बिंदल, सहदेव चौधरी, पंकज कुमार, लोकेंद्र कुमार शर्मा, नीरज बिंदल, डॉ. अजय नंदन आदि का परिजनों सहित समर्पित योगदान बना हुआ है।

## सामूहिक पूजन व भंडारा सम्पन्न

**धामपुर।** श्री गौरी शंकर मंदिर कमेटी, खारी कुआं की ओर से 41वां वार्षिक सामूहिक पूजन कार्यक्रम एवं विशाल भंडारा श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन मुनि विद्यानंद जैन कन्या पाठशाला परिसर में किया गया, जिसमें नगर और आसपास के गांवों से भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक पूजन से हुई। ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर गूंजते भोलेनाथ के भजन और पारंपरिक जयकारों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कमेटी अध्यक्ष अनिल अग्रवाल कटका, महासचिव सुशील माहेश्वरी एवं कोषाध्यक्ष सौरभ मालपानी के निर्देशन में समिति सदस्यों ने सेवा कार्यों का सफल संचालन किया। पूजन में भाग लेने वालों में शरद कौशिक, संजय जैन, तरुण शर्मा, संजय अग्रवाल (बढ़ापुर), डॉ. ईश्वर चंद शर्मा, अमित रस्तोगी, विजय जैन, अनमोल गुप्ता, दीपक कुमार जैन, मनोज गोयल (सभासद), बिल्लू, सुभाष चंद्र जैन, महेंद्र सिंह सलूजा, टीटू भैया, नमन-अमन जैन, गणेश मराठा आदि शामिल रहे।

# पीस एजुकेशन कार्यशाला का समापन

## आशा और तृप्ति पर गहन चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर/नूरपुर।** बिंदल शुगर मिल चांगीपुर में आयोजित कार्यक्रम ने जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरणा देने का कार्य किया है। बिन्दल शुगर मिल में आयोजित द प्रेम रावत फाउंडेशन द्वारा पीस एजुकेशन कोर्स के पांचवें दिन कर्मचारियों ने तृप्ति और आशा के महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा में भाग लिया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य जीवन की चुनौतियों के बीच शांति और संतोष की भावना को विकसित करने में मदद करना था। सत्र के दौरान प्रेम रावत ने बताया कि अक्सर असंतोष जीवन की चुनौतियों से उत्पन्न होता है। हालाँकि उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आंतरिक शांति और तृप्ति हमारे भीतर ही मौजूद हैं।

इस अवसर पर वीएम पाठक ने जानकारी देते हुए समझाया कि तृप्ति का मतलब परिस्थितियों से समझौता करना नहीं, बल्कि जीवन में जो कुछ भी है उसे खुले दिल से स्वीकार करना है। जब यह समझ विकसित होती है तो आशा स्वाभाविक रूप से पैदा होती है। प्रेम रावत ने कहा कि कठिन समय में आशा ही वह शक्ति है जो हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। जब कोई व्यक्ति अपने भीतर शांति और संतोष को पहचान लेता है तो वह भविष्य के प्रति एक सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करता है, निराशा को पीछे छोड़ता है और नए अवसरों का स्वागत करता है। उनके अनुसार आशा सिर्फ एक भावना नहीं है बल्कि जीवन की दिशा तय करने वाली एक शक्तिशाली शक्ति है। यह कार्यक्रम काफी सफल रहा, जिसमें 55 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रेम रावत फाउंडेशन की ओर से सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए।

इस अवसर पर बिंदल चीनी मिल के प्रेसिडेंट शशि गुप्ता और वाइस प्रेसिडेंट जितेंदर मालिक ने फाउंडेशन की टीम को उनके प्रयासों के लिए सम्मानित किया और धन्यवाद दिया। मिल के प्रबंधन ने भविष्य में भी इस कोर्स को जारी रखने की योजना पर विचार किया है जो इसकी प्रभावशीलता को दर्शाता है।

यह कार्यक्रम आशा और तृप्ति के महत्व को रेखांकित करते हुए एक सार्थक और प्रेरणादायक अनुभव साबित हुआ।

# समाधान दिवस में एसडीएम और सीओ ने सुनीं फरियादें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान एसडीएम आशुतोष जायसवाल व सीओ डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और समाधान के प्रयास किए।

कार्यक्रम में कुल 37 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किए गए। इनमें से तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शिकायतों में राजस्व विभाग, पुलिस विभाग के अलावा कई विभागों से संबंधित शिकायतें शामिल थीं। एसडीएम आशुतोष जायसवाल व सीओ अंजनी कुमार ने सभी फरियादियों की शिकायतें एक-एक करके सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण के लिए दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का गुणवत्तापरक और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है। इसलिए सभी अधिकारी रुचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। भूमि संबंधी मामलों में एसडीएम ने राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीमों को मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर तहसीलदार अमरपाल सिंह, नायब तहसीलदार अजब सिंह राणा, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी रामाश्रय सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# महिला सेवा संगठन का स्थापना दिवस मनाया

## गीत, गजल व नाटकों ने मन मोहा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नगर की माहेश्वरी धर्मशाला में महिला सेवा संगठन का 50वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार संगठन की महिलाओं ने बताया कि संगठन की नींव आज से 50 वर्ष पूर्व पांच महिलाओं ने मिल कर डाली थी, जो एक वट वृक्ष का रूप ले चुकी है, संगठन की सभी महिलाओं ने मिलकर बहुत सुंदर तरीके से कार्यक्रम को सुसज्जित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती सरोज अग्रवाल श्रीमती माया रंधर रहीं। डॉ. वर्षा विशाल अग्रवाल के संचालन में यह कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ संगठन की पदाधिकारियों द्वारा मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसके पश्चात अतिथियों का गर्म जोशी के साथ माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत व सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई, उसके पश्चात स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं की प्रस्तुतियां देखकर कोई नहीं कह सकता था कि उम्र किसी जज्बात को कम कर सकती है। सरस्वती वंदना, लोकगीत अपने-अपने पिया पर सबको बड़ा नाज है, नाटक- पोते की समझदारी। गजल, भजन, नृत्य नाटिका- चल सन्यासी, लोकगीत - मॉडर्न बहू, सखियों की जुगलबंदी- लघु नाटिका और संस्मरण जो श्रीमती सरोज अग्रवाल ने सभी के साथ साझा किया और बताया कि किस प्रकार से इस संगठन की नींव डाली गई। संगठन की नींव डालने में जो पांच महिलाएं थी वह थी श्रीमती सरोज अग्रवाल, श्रीमती माया रंधर, स्व. श्रीमती लीलावती लाहोटी, स्व. श्रीमती सुषमा लाहोटी, स्व. श्रीमती कृष्णा माहेश्वरी आदि महिलाओं ने मिलकर घर से बाहर निकल कर समाज की महिलाओं के लिए एक सुखद पहल की थी। ऊषा महेश्वरी ने पिछले 50 वर्षों का लेखा-जोखा सभी के समक्ष प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में अध्यक्ष श्रीमती स्नेह लता अग्रवाल, सचिव श्रीमती उषा अशोक माहेश्वरी, वर्षा अग्रवाल, रमा शुक्ला, अर्चना जाखेटिया, पूनम अग्रवाल, बबीता तायल, उर्मिला अग्रवाल, इंदू नरेश, तनु गोयल, सुरेखा मित्तल, रमा अग्रवाल, अमिता अरोड़ा, मालती वैश्य, स्नेह लता अग्रवाल, सुमन मिश्रा, नेहा अग्रवाल और महिलाओं का सहयोग रहा। सभी महिलाओं ने अपने परिवार सहित सहभोज किया।

# कारोबार व मुल्क में भाईचारा कायम करने के लिए दुआ




## सुपर टैंक इलैक्ट्रिक स्कूटी शोरूम का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** नूरपुर-स्योहारा रोड नई बस्ती में सुपर टैंक इलैक्ट्रिक स्कूटी शोरूम का उद्घाटन फीता काट कर किया गया।

नौगांवा से तशरीफ लाए आलेमैदीन हजरत मुफ्ती अब्दुर्रहमान ने कारोबार की तरक्की के लिए दुआ कराई। उन्होंने कहा है कि इनके कारोबार में तरक्की करें। दुनिया में जो लोग परेशान हैं। अल्लाह ताला हर किसी की परेशानी को दूर करें। मुल्क में आपसी भाईचारा कायम रखें। इस मौके पर अली आमत हाजी फुरकान उर्फ इरफान मकरानी, डॉ. अनीस अहमद अंसारी, जिला पंचायत सदस्य इमरान भैया, हाजी सुलेमान फरीदी, हाजी हामिद मकरानी, उस्मान मकरानी, हाजी अफजाल फरीदी, सलमान अहमद, मौलाना आकिल कासमी, कारी जकी, कारी जाहिद, हाफिज शाहिद, नईम अहमद एड., समाजसेवी मकसूद अहमद, ठेकेदार कारी अब्दुल्ला, निसार, हाजी सरदार अहमद, हाजी कुर्बान अली, हाजी शाहनवाज मलिक, मौलाना नसीम अहमद, हाफिज उमर, शाहनवाज मलिक, कारी अजीम, जाहिद अंसारी आदि लोग मौजूद थे।

# धार्मिक कार्यक्रमों से सामाजिक व सद्भाव को मिलता है बढ़ावा: चेयरमैन

**०नगर पंचायत चेयरमैन ने कांवड़ियों पर की पुष्प वर्षा**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** शनिवार को सावन माह चलते नगर पंचायत कार्यालय चैयरमेन कौसर अब्बास ने कांवड़ लेकर आए भोले पर पुष्प वर्मा तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया।

सावन माह के पवित्र अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में चैयरमेन कौसर अब्बास ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से धार्मिक एवं सामाजिक सदभाव को बढ़ावा मिलता है। उन्हाने कहा कि साम्प्रदायिक सदभाव की डोर को ओर मजबूती प्रदान करने तथा एक दूसरे के पर्व को एकता व सौहार्द के साथ मनाने में अलग ही आनंद मिलता है। उन्होने लोगों से सभी पर्व साम्प्रदायिक सौहार्द पूर्ण वातावरा के मनाने का आहवान करते हुए मुरादाबाद की और से कावंड़ लेकर आ रहे भोले के भक्तों का बिलारी तिराहे पर स्वागत किया। जबकि शांति व्यवस्था के लिए स्थानीय पुलिस चौकी प्रभारी मौ. शाह फैसल, उपनिरीक्षक धरेन्द्र सिंह, हमराहियों सहित मौजूद रहे। जबकि पुष्प वर्षा में चैयरमेन कौसर अब्बास के अलावा भाजपा नेता राजेश सिंहल, आदि शामिल रहे। इस दौरान भंडारे का भी आयोजन किया गया। भंडरे में भोले के भक्तों को चैयरमेन ने स्वयं भोजन ग्रहण कराया।



सिरसी- गंगा जल लेकर आते कांवरियों पर पुष्प वर्षा करते नगर पंचायत सिरसी चेयरमैन कौसर अब्बास।

## शोषित वंचितों की आवाज उठाने को संगठन का गठन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** ग्राम देहपा के पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में जन क्रांति संगठन की और से पदाधिकारियों की औपचारिक घोषणा की गई। कार्यक्रम में बताया कि संगठन समाज में वंचित और पीड़ितों व शोषित वर्गी की दबी हुइ आवाज को उठाने और सभी वर्गों के अंदर सामाजिक व शैक्षिक सुधार और राजनीतिक जागरूकता लाने को स्थापित किया गया है। कार्यक्रम का शुभारम्भ बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ।

# निरंतर बढ़ रहीं चोरी की वारदात

**०खेत पर लगे नलकूप का सामान व इंवर्टर बैटरा और सी सी टी वी कैमरे का डी वी आर ले गए चोर**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** चोर-चोर के शोर के बीच चोरी की वारदातें निरंतर बढती जा रही है। चंद दन पूर्व हुई चोरी की बढ़ी वारदातों का अभी खुलासा भी नहीं हो पाया है जबकि पुलिस के हाथ खाली है। चोरो ने सिंचाई के लिए लगे नलकूप का सामान चोरी कर लिया। खेत स्वामी की ओर से तहरीर पुलिस को दी गई है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सैफ खां सराय निवासी फैजान पुत्र खलील अहमद व इजहारूल हक पुत्र अन्जार, तकलीश पुत्र रईस, तौफीक पुत्र मुजम्मिल का चन्दौसी रोड स्थित ग्राम बिछौली में खेत है। शंकर कोल्ड स्टोरोज के पीछे स्थित खेत पर निजी नलकूप लगा हुआ है। दो अगस्त की रात्रि चोरों ने नलकूपों के इस्टार्रटर व केबिल चोरी कर लिया जबकि चोर फैजान के नलकूप से इर्न्वटर और बैटरा एवं एल सी डी और केमरों का डी वी आर चोरी कर ले गए। खेत स्वामी का कहना है उसके खेत पर लगे सी सी टी वी कैरमे विद्युत लाइन खराब होने पर बंद हो गए थे। लाईमेन फुरकान से कई बार कहा,लेकिन काफी कहने के बाद भी लाइन ठीक नहीं की गयी। इसी का फायदा उठाकर चोरा चोरी की वारदात अंजाम देने में कामयाब हो गए। खेत स्वामियों की ओर से सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की गुहार लगायी है।

# जोश व मेहनत से अपने उत्तरदायित्वों का करें निर्वहन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सात दिवसीय सम्पूर्णता अभियान के तीसरे दिन स्वास्थ्य विभाग की ओर से आशाओ का सम्मेलन आयोजित कर ब्लॉक में कार्यरत आशाओं और एएनएम को संतृप्तीकरण किए जाने के निर्देश दिए गए।

बहजोई बस स्टैंड के मैदान पर आयोजित अभियान के दौरान आशाओं के सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पेंसिया ने आशा/एएनएम आदि को ए.बी.पी. (एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम) की विस्तार से जानकारी दी। जबकि सभी एस्पिरेशनल ब्लॉक में कार्यरत आशाओं में एएनएम को सभी दस बिन्दुआं पर संतृप्तिकरण किए जाने को निर्देशित किया। डीएम ने सभी उपस्थित आशा/एएनएम को वर्तमान सत्र के 31 दिसमबर तक सभी बिंदुओं पर शत-प्रतिशत संतृप्तिरण की शपथ भी दिलायी। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटअ ने आशाओं द्वारा पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम में जोश का वर्णन करते हुए सभी को इसी जोश, मेहनत और ईमानदारी से अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने का आहवान किया। उन्होने गत एक वर्ष मे आशा ए एन एम के द्वारा मेहनत से किए गए आमूलचूल परिर्वतन पर सभी कार्यशैली का नमन किया। उन्होने सभी आशा बहनों से आयाा डायरी के सभी कालम को उचित प्रकार से अंकन करने और अपने क्षेत्र की सभी गर्भ्वती महिलाओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण कराया जाने व संस्थागत प्रसव कराये जाना सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये। जबकि समस्त आयाा व एएनएम से अपने कार्य क्षेत्र में अधिक से अधिक सहजन लगाने का भी आहवान किया। मुख्य चिकित्साधि डा.तरूण पाठक ने सभी आशाओं में ए एन एम को दस बिंदुओं की विस्तार से जानकारी दी। सम्मेलन में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. पंकज कुमार, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मनमोहन शर्मा व डा. विशवास अग्रवाल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक संजीव राठौर, डीपीएम अरबाब मेंहदी, डीआईसी प्रबन्धक मनु तेवतिया के अलावा सभी ब्लॉक के कार्यक्रम प्रबंधक तथा बी सी पी एम आदि मौजूद रहे।

## बारिश से सड़कों पर बढ़ी फिसलन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सुबह सवेरे गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया जबकि दोपहर को हुइ रूक-रूकर बारिश ने जहां निचले स्थानों को जल मगन किया वहीं गर्मी से बेहाल लोगों को बड़ी राहत भी प्रदान की। बारिश से सड़कों पर रपटन और फिसलन भी बढ़ गयी।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल- गोवंश की मौत पर जाम लगाते गोरक्षा दल के कार्यकर्ताओं को समझाती पुलिस।

## गोवंश की मौत पर लगाया जाम

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** कैला देवी थाना क्षेत्र के सम्भल गवां मार्ग पर शकरपुर गांव के नजदीक हाईवे पर किसी अज्ञात वाहन द्वारा आवारा गौवंश के टक्कर मार दी गई, जहां उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर गौ रक्षा दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। आवारा गौवंशों की दयनीय स्थिति को देखते हुए उन्होंने हाईवे पर जाम लगा दिया।वहीं जाम की सूचना पर कैला देवी थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। जहां कार्यकर्ताओं की नोंकझोंक हुई।थाना प्रभारी ने गौ रक्षा दल के कार्यकर्ताओं को समझाकर जाम खुलवाया।गौ रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने कहा कि यहां आए दिन सड़क हादसे में गौवंशीय पशुओं की जान जा रही है। जिनकी सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं है।इनके साथ ही सड़क हादसे में वाहन स्वामी भी खतरे में आ जाते हैं। गौ रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने मृत गौवंश को जेसीबी के जरिए दना दिया गया।

## मेले में लगी लोगों की भीड़

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर गुन्नौर में मेला बाबा तुर्कताजुद्दीन जोरों पर चल रहा है।लोगों की काफी भीड़ चल रही है।मेले में भारत सर्कस,छोटे बड़े झूले का सभी लोग लुत्फ उठा रहे हैं। गुन्नौर क्षेत्र के लोगों के लिए यह मेला नुमाइश की तरह है क्योकि क्षेत्र के लोग नुमाइश देखने अलीगढ़ ही जाते हैं या फिर मेला गणेश चौथ चन्दौसी देखते हैं।यह मेला गांव देहात के लिए किसी नुमाइश से कम नहीं है।लोग खासकर महिलाएं बच्चों को साथ लेकर झूले व सौंदर्य और घरेलू सामान की खूब खरीददारी कर रही हैं। भारत सर्कस में कलाकार अपने हैरत में डालने वाले करतब दिखा रहे हैं।उसे देखने लोग जा रहे हैं। मेला व्यवस्थापक मसूद उस्मानी ने बताया कि मेले में भीड़ जुट रही है।सभी आकर सर्कस व झूलों का आनन्द ले रहे हैं।क्षेत्र के लोगों को मेला मनोरंजन का साधन बना है।

## मंदिर पर कांवड़ चढ़ाएंगे कांवड़िए

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर के खेड़ा मन्दिर, शिव मन्दिर व प्राचीन पाताली शिव मंदिर पर सावन के अंतिम सोमवार को लेकर व्यवस्था व सफ़ फ़ाई की तैयारी पूर्ण की गयी।

पाताली मन्दिर परिसर में सभी कमेटी पदाधिकारी व सदस्यों को व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गयीं। जिससे मन्दिर में कोई अव्यवस्था न रहे।सभी को भोले बाबा पर जलाभिषेक करने में परेशानी न हो सके। मंदिर ट्रस्ट के मेघ सिंह यादव,अरविंद कुमार ने बताया कि मन्दिर परिसर में सभी को जिम्मेदारी सौंप दी गयीं हैं। मन्दिर परिसर में लाइनों की बेरिकेटिंग,वाहन की पार्किंग,कांवरियों को रुकने के पंडाल,सफाई व्यवस्था दुरुस्त करा दी है। इसके साथ ही पुलिस प्रशासन ने पुलिस कर्मियों की तैनाती की है।स्वास्थ्य विभाग की टीम में यहाँ तैनात रहेगी।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के पुरस्कार घोषित

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति भारत द्वारा वर्ष 2025 के अलंकरण सम्मानों की घोषणा रविवार को कर दी गई। जिसमें गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के कुलपति प्रोफेसर सचिन माहेश्वरी का चयन प्रदेश गौरव जबकि के जिला अधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया का सरस्वती तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के उप निदेशक नसीम नकवी का साहित्य रत्न सम्मान के लिए चयन किया गया।

समिति भारत के अध्यक्ष हरद्वारी लाल गौतम व महासचिव कुसुम द्वारा संयुक्त रूप से वर्ष 2025 के अलंकरण/सम्मानों की घोषणाएं रविवार को कर दी गई। जिसमें वर्ष 2025 के प्रदेश गौरव सम्मान के लिए गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के कुलपति प्राफेसर सचिन माहेश्वरी का चयन किया गया। इसके अलावा सम्भल के जिला अधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया का चयन सरस्वती सम्मान के लिए जबकि साहित्य रत्न सम्मान के लिए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के उप निदेशक नसीम नकवी का चयन किया गया। इसके अलावा सम्भल के मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट और एटा के जिला जज एमएसीटी अहमद उल्ला खां का चयन महात्मा गौतम बुद्व शांति सम्मान के लिए किया गया जबकि गाजियाबाद की पंचशील कालौनी निवासी डा. राष्ट्र वर्धन, नई दिल्ली के हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता सय्यद अहमद नक्वी और सम्भल के सेवानिवृत अपर जिलाधिकारी डा. एस एन सिंह का चयन सावित्री बाई फूले सम्मान के लिए चयन किया गया। इसके साथ ही सम्भल के वरिष्ठ समाजसेवी व वरिष्ठ चिकित्सक डा. यू सी सक्सेना और बाल रोग विशेषज्ञ डा. मूलचंद दालभ, तथा बरेली के प्लास्टिक सर्जरी के सर्जन व समाजसेवी डा. कौशल कुमार का चयन सरस्वती सम्मान के लिए जबकि डा. बी आर अंबेडकर प्रतिभा सम्मान के लिए सम्भल के वरिष्ठ कोषाधिकारी प्रवीन कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक श्यामा कुमार व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा का चयन किया गया। कर्तव्यनिष्ठ सम्मान के लिए जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार, जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार, एमजीएम कालेज के असिस्टेंट प्राफेसर/चीफ प्रोक्टर राघवेन्द्र प्रताप सिंह, सम्भल के खण्ड शिक्षा अधिकारी पोप सिंह, जुनावई के खण्ड शिक्षा अधिकारी अंशुल कुमार, सम्भल के खंड विकास अधिकारी प्रेमपाल, गुन्नौर के खंड विकास अधिकारी कमलकांत तथा जुनावई के खंड विकास अधिकारी अखिलेश कुमार का चयन किया गया। जबकि सम्भल गौरव सम्मान के लिए नगर पंचायत सिरसी के चैयरमेन कौसर अब्बास, सम्भल की समाजसेविका डा. मोहसिना शहजाद व दीपा गुप्ता का चयन किया गया। इसके अलावा राजकीय इण्टर कालेज लहरावन के प्रधानाचार्य चन्द्र पाल सिंह, हरिबाबा इण्टर कालेज गवां के प्रधनाचार्य हरीश पाल सिंह, जनता राष्ट्रीय इण्टर कालेज सतुपुरा के प्रधानाचार्य ड रईस अहमद, चन्दावली इण्टर कलेज चन्दावली के प्रधानाचार्य अरविन्द कुमार तथा अलकदीर इण्टर कालेज कॉलेज मंडी किशनदास सराय के सहायक अध्यापक मोहम्मद काशिफ का चयन किया गया। जबकि सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में इण्टर कक्षा में सम्भल जिले को टॉप करने वाले छात्र अविरल मदान व हाईस्कूल परीक्षा में जिले को टॉप करने वाली छात्र कु रिदा खान का चयन प्रतिभा छात्र सम्मान के लिए किया गया। समिति की महाप्रबंधक रूबी व सचिव चिंकी दिवाकर ने बताया कि समिति के अध्यक्ष हरद्वारी लाल गौतम और महासचिव कुसुम द्वारा सम्मानों की पहली सूची जारी की है।

## सेंट मैरी की रानिया उस्मान का राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में चयन

शाह टाइम्स,ब्यूरो



**सम्भल।** नगर के सेंट मेरी स्कूल से कक्षा 12 की छात्रा रानिया उस्मान का राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए महिमा टीम में चयन हुआ है। रानिया उस्मान शहर के प्रसिद्व शिक्षाविद् इशरत उस्मान की पुत्री है। रानिया उस्मान 30 जुलाई को बहजोई स्थित मिनी स्टेडियम में हुए ट्रायल में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित हुई। इसके बाद 2 अगस्त को मुरादाबाद में मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में हुए ट्रायल में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित हुई। रानिया उस्मान आगामी 4 अगस्त को आगरा में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिमान करेगी। राज्य स्तरीय महिला टीम में चयन होने पर रानिया उस्मान के परिवार में खुशी की लहर दिखाई दी।

# निवर्तमान कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में जत्था रवाना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कांग्रेस की निवर्तमान महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में एक डाक कावड़ जत्था टांडा ब्रजघाट जल लाने रवाना हुआ।

ग्राम मौहम्मदपुर टांडा से जल लेने रवाना होने से पूर्व जत्थे ने विधि-विधान से पूजा अर्चना की। महिला कांग्रेस की निवर्तमान जिला अध्यक्ष मीनू शर्मा ने कहा कि पहली बार महिला टीम के साथ डाक कावड़ लेने के लिए जा रहे हैं और भोलेनाथ से प्रार्थना करते हैं कि सभी लोग सही सलामत लाकर जलाभिषेक करें भोलेनाथ की कृपा से देश में अमन चैन और शांति कायम रहे ऐसी हमारी कामना है। डाक कावड़ जत्था मे प्रियांशी शर्मा सुहानी शर्मा मानवी चौधरी मोहनी चौधरी सिमी चौधरी खुशी चौधरी महक चौधरी मीनाक्षी चौधरी सानिया चौधरी बबीता शर्मा प्रतीक्षा शर्मा चंद्रकांत शर्मा सुरभि जोशी मिथिलेश जोशी कुसुम चौधरी अघोरी कश्यप राधिका गिरी सहयोगी टीम में विजय शर्मा निवर्तमान जिला अध्यक्ष कांग्रेस मुनेश कुमार जोशी ठाकुर दुष्यंत कुमार सिंह सुदीस शर्मा विवेक चौधरी अनिकेत चौधरी दीपक शर्मा हर्षित शर्मा निशांत चौधरी राजा शर्मा धीरज शर्मा हैप्पी चौधरी आदि मौजूद रहे।

## श्रीशिव महापुराण कथा में अमरनाथ की कथा का वर्णन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** श्रीचामुंडा माता मंदिर पर चल रही श्रीशिव महापुराण कथा के चोथे दिन वृदांवन से आए कथा वाचक आचार्य अनंत दास महाराज ने अमरनाथ की अमरकथा का वर्णन करते हुए बताया कि शिव महापुराण की कथा ही अमर कथा है। जिसे सुनकर जीव कार्य बंधन से मुक्त हो जाता है। अश्वेश्वर महादेव अवतार, भतेश्वर भोलेनाथ की कथा सती चरित्र वर्णन च कैसे पार्वती का जन्म हिमालयी राज के घर हुआ बताया।

# नलकूप से सिंचाई करने गए किसान की करंट से मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो



**सम्भल।** धनारी थाना क्षेत्र के गांव में नलकूप पर धान की फसल की सिंचाई के लिए गए किसान की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई।

गांव निवासी 35 वर्षीय अजयपाल पुत्र निरोत्तम शनिवार दोपहर अपने खेत में धान की फसल की सिंचाई करने के लिए नलकूप पर गया था। शाम तक वापस नहीं आया तो परिजनों ने फोन किया। लेकिन फोन रिसीव नहीं हो सका। जाकर देखा तो नलकूप के स्टार्टर के नीचे अजय पाल पड़ा हुआ था। उसी के नजदीक बिजली का तार पड़ा था। अजय पाल के भाई श्यौराज ने शोर मचाया तो अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए। इलाज के लिए बबराला निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अजय पाल की पत्नी की लगभग 8 वर्ष पहले ही मौत हो चुकी है। जहां उसके पीछे एक पुत्र है। मृतक अजयपाल तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। बड़े भाई और पिता की भी मृत्यु हो चुकी है।

## सेवानिवृत्त लेखपाल का बीमारी से अलीगढ़ अस्पताल में हुआ निधन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सेवानिवृत्ति लेखपाल का बीमारी के चलते निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार राजघाट गंगा घाट पर किया गया।

नगर गुन्नौर के मोहल्ला सराय निवासी बलदेव यादव लेखपाल थे। जो सेवानिवृत हो चुके थे। उनको कुछ समय पूर्व परेशानी हुई तो अलीगढ़ अस्पताल ले जाया गया। जहां उनका कई दिन से उपचार चल रहा था। आज उनका निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गंगा घाट राजघाट पर किया गया। जिसमें नगर के काफी लोग शामिल हुए। उनके आवास पर भी लोगों ने जाकर शोक व्यक्त किया। इस दौरान उमेश चंद रविराज गुप्ता, सोनू, लवी पंडित राकेश शर्मा, सतीश कुमार,बबलू आदि रहे।

# अधिशासी अभियंता के कार्यालय में शराब पीने का वीडियो वायरल

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण के कार्यालय में कर्मचारियों द्वारा शराब पीने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। किसी के द्वारा वीडियो बनाते समय कार्यालय का नाम बोलकर भी उजागर किया गया है तथा वीडियो में एक कर्मचारी द्वारा मेज पर शराब की बोतल रखकर हाथ में गिलास में दिखाई दे रहा है। जो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

बहजोई कलेक्ट्रेट के नजदीक अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण का कार्यालय है। जिसमें बताया गया है कि अधिशासी अभियंता तो मौजूद नहीं हैं,लेकिन ऑफिस के अन्य कर्मचारी और बाहरी व्यक्ति बैठकर शराब पीते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो बनाने वाले व्यक्ति द्वारा ऑफिस का नाम भी उजागर किया जा रहा है तथा शराब पीने की बात भी कहीं जा रही है। इसके अलावा वीडियो में मेज पर शराब की बोतल रखी हुई है तथा हाथ में गिलास है। एक कर्मचारी कुर्सी पर बैठा हुआ गिलास से शराब पी रहा है। इसके आसपास अन्य दो से तीन लोग और बैठे हुए हैं जो या तो बाहरी व्यक्ति हो सकते हैं या ऑफिस के ही कर्मचारी। वीडियो बनाने वाला व्यक्ति जैसे ही मुख्य गेट से ऑफिस में गया है तो मेज पर शराब की बोतल और हाथ में गिलास दिखाई दे रहा है तथा उसके कहने के बाद ऑफसि का कर्मचारी और अन्य व्यक्ति खड़े हो गए हैं तथा मोबाइल छीनने की कोशिश की गई है। अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण कार्यालय में कर्मचारियों द्वारा शराब पीने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

## मां भगवती की शोभायात्रा को कार्यकारिणी का गठन

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** श्रीनवदुर्गा महोत्सव समिति के तत्वावधान में दुर्गा अष्टमी पर निकाली जाने वाली मां भगवती की शोभायात्रा को लेकर बैठक में समिति का गठन किया गया। मुरादाबाद रोड स्थित एक होटल में आयोजित समिति की प्रथम बैठक में कोषाध्यक्ष नवनीत ने विगत वर्ष शोभायात्रा पर हुए खर्च का ब्यौरा प्रस्तुत किया। जबकि इस वर्ष मां भगवती की शोभायात्रा निकाले जाने को कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में भाजपा नेता राजेश सिंह को समिति का अध्यक्ष वविवेक गोयल महामंत्री, नवनीत कुमार को कोषाध्यक्ष बनाया गया। कशिश कौशल संयोजक, सत्य प्रकाश शर्मा, नीरज रस्तोगी उपाध्यक्ष और अभिनीत माथुर को संगठन मंत्री बनाया।



सम्भल-दहेज के लिए पत्नी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार पति को ले जाती पुलिस।

## दहेज हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** असमोली थाना क्षेत्र के ग्रांव में दहेज हत्या के आरोपी को पुलिस ने धर दबौच लिया। एचौड़ा कम्बोह थाना हसनगढ़ निवासी जसपाल पुत्र रामगोपाल ने असमोली थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। जिसमें उन्होने बताया था कि असमोली थाना क्षेत्र के अकबरपुर गहरा में उसकी बेटी के ससुरालियों ने दहेज हत्या के लिए प्रताड़ित करते हुए आत्म हत्या करने पर विवश कर दिया था। मृतका के पिता जसपाल ने पति अमित कुमार पुत्र जयचंद, ससुर जयचंद पुत्र सुम्मेर, सास कलावती, नंद बबीता पत्नी बब्बू व मेरा जेठ पिंटू पुत्र सोमपाल के खिलाफ उसकी बेटी नेहा को दहेज हत्या के लिए प्रतिड़ित कर आत्म हत्या करने को विवश करने की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। असमोली पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर आरोपी पति को मनोटा पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# पुलिस पिटाई से घायल से मिला प्रतिनिधिमंडल



सम्भल-मथुरा में पुलिस पिटाई से घायल का हाल चाल लेता राभद्रप का प्रतिनिधिमंडल।

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** राष्ट्रीय भ्रष्टाचार दमन परिषद भारत का एक प्रतिनिधि मंडल मथुरा में पुलिस की पिटाई से घायल व्यक्ति और उनके परिजनों से मिलने पहुंचा। जहां प्रतिनिधि मंडल ने अस्पताल में पीड़ित से बात की और उनके परिजनों से भी मुलाकात की।

बता दें कि मथुरा के माधुरी कुंड निवासी ब्रजकिशोर को गोवर्धन थाना अंतर्गत एक पुलिस चौकी प्रभारी द्वारा शिकायत के बाद मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया गया था। परिजनों व पीड़ित का आरोप था कि पुलिस ने शिकायत करने के बाद उसे बुलाकर मार पीटकर घायल कर दिया। जहां उसके अंडकोष पर गंभीर चोट आई है। जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। मथुरा पुलिस द्वारा उत्पीड़न करने को लेकर राष्ट्रीय भ्रष्टाचार दमन परिषद के पश्चिमी प्रदेश अध्यक्ष बृजेश कुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल अस्पताल पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिला तथा घटना की जानकारी ली। जहां उन्होंने बताया कि अभी तक चौकी प्रभारी पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। मथुरा स्वास्थ्य विभाग की भूमिका पर भी सवाल उठाए गए हैं। राष्ट्रीय भ्रष्टाचार दमन परिषद ने मथुरा प्रशासन से प्रकरण पर संज्ञान लेकर कार्यवाही की मांग की है।

# जीवन बचाने को अधिक से अधिक करें पौधारोपण



शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** तहसील क्षेत्र के गांव में वृक्षारोपण जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीणों को वृक्षारोपण को जागरूक किया।

ग्राम भड़वाड़ा में अधिवक्ता चौ. रविराज चाहल के नेतृत्व में आयोजित अभियान के दौरान उन्होने कहा कि अब समय आ गया है कि हमें अधिक से अधिक पेड लगाने है। सभी जीव जंतुओं के जीवन को बचाना है। क्योंकि वृद्व नहीं होंगे तो जीवन दुर्लभ हो जायेगा। वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। वृक्षारोपण एक पुण्य कर्म भी है। धार्मिक ग्रांथों में वृक्षारोपण को पुण्य कर्म बताया गया है। मितेश सिंह ने सभी से ग्रामीण और शहरी क्षेत्र अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने को लोगों को जागृत करने का आहवान किया। जबकि अंकुर धरीवाल ने कहा कि हम अपने खेतों पर भी अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें। जबकि वृक्षों का कटान नहीं करें और वृक्षों को अपनी संतान की पालन-पोषण करना चाहिए। कुलजीत धारीवाल ने कहा कि वन क्षेत्र धीरे-धीरे घटता जा रहा है। इसलिए वृक्षारोपण को लेकर जागरूक होने की ज़रूरत है। जबकि अधिक से अधिक पौद्ये लगाने के लिए समय भी बहुत उचित है।क्यों बरसात का मौसम चल रहा है। इसलिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिये। रामवीर सैनी ने कहा कि वृक्षारोपण एक महोत्सव है। हमें इसका हिस्सा बनना है और अधिक से अधिक पौद्ये रोपिता करने है। क्योंकि वृक्ष बिना जीवन सम्भपव नहीं है। इस दौश्रान शगुन कुमार, सतपाल सिंह, बिटटू, महिलाल आदि मौजूद रहे।

## राजघाट कांवड़ लेने पहुंचे कांवड़िए

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** सावन के अंतिम सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए आसपास के लोगों के अलावा अन्य जिले के लोग भी जल लेने निकल पड़े। राजघाट गंगाघाट पर कांवरियों ने आकर जल लिया। जल लेने के बाद वह उन्हें चढ़ाने के लिए मंदिरों के लिए निकल पड़े। कांवरिया कांवड़ लेकर पैदल राजघाट गंगा घाट पर पहुंचे। गंगा घाट जय भोले के जयकारों से गूंज उठा। सभी कांवरिया जयकारा लगा रहे थे। गंगा घाट का वातावरण शिवमय हो गया। कांवरिया हाथों में कांवर लेकर पहुंचे।कांवरिया पैदल सड़कों पर होकर गुजरे। उनका बबराला में जगह जगह ठहराकर जलपान व सेवा की गयी।कांवरियों ने गंगा घाट से जल लिया।उसके बाद शिव मंदिरों के लिए रवाना हो गए ।कांवरिया जय भोले की का उदघोष करते हुए चल रहे थे ।नगर बबराला में उनका कई जगह स्वागत किया गया। नगर के लोगों ने उन्हें फूल मालाएं भी पहनाई।

# शॉर्ट सर्किट से दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर के रोडवेज बस स्टैंड के निकट स्थित संदीप अग्रवाल की दुकान में रविवार सुबह अचानक शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। दुकान से उठते धुएं को देखकर पास के लोगों ने तत्काल दुकान मालिक को सूचना दी। मौके पर पहुंचे दुक.ानदार ने जब दुकान खोली तो देखा कि अंदर रखे टायर और मोबिऑयल के ड्रमों ने आग पकड़ ली थी और लपटें तेजी से फैल रही थीं। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दो गाडिय्याँ मौके पर पहुँचीं और



दमकल कर्मियों ने तुरंत पानी की बौछार शुरू कर आग पर काबू पाया। दुकान मालिक संदीप अग्रवाल ने बताया कि शनिवार रात को दुकान पूरी तरह सुरक्षित बंद की गई थी, लेकिन रविवार सुबह अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ और धीरे-धीरे सामान आग की चपेट में आ गया। अनुमानित रूप से लगभग एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

आग बुझाने के इस अभियान में फायर ब्रिगेड के एलएफएम महेश सिंह, चालक ओम सिंह व सुनील कुमार, फायरमैन मुनेन्द्र सिंह, सौराज सिंह, भारत और नरेश सहित टीम के अन्य सदस्यों ने सराहनीय भूमिका निभाई। स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड की त्वरित कार्रवाई की सराहना की।

# भारत विकास परिषद ने मनाया तीजोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** भारत विकास परिषद शाखा चंदौसी के तत्वाधान में हरियाली तीजोत्सव कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हिमानी अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित व वंदे मातरम गीत से किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम छोटी बच्ची अनाया ने अपने नृत्य द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इसके बाद गौरी, पूजा, ज्ञानवती, शिवानी व छोटे से बच्चे रिधान बसंल आदि ने भी अपने अपने विभिन्न गानों और भजनों पर बहुत ही सुंदर नृत्यों की प्रस्तुति दी। आशा बिसारिया के मल्हार भजन और रमेश अधीर की काव्य प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम संयोजक डॉ सुमन गुप्ता द्वारा महिलाओं के बीच विभिन्न प्रकार के गेम खिलावाये गए और विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा उपहार दिलवाये गए। लकी ड्रा से मीना शर्मा को तीज क्वीन चुनकर, ताज पहनाकर उनको सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि हिमानी अग्रवाल व प्रांतीय संयोजक डा0 दुर्गा टंडन द्वारा सभी उपस्थित महिलाओं को हरियाली तीज की बधाई व शुभकामनाएं दी गयीं और उसके महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में डा0 सुमन गुप्ता, विपिन कुमार, संजीव शर्मा, प्रवीण गुप्ता, जयशंकर दुबे, श्वेता, प्रभात कृष्णा, डा0 एस.एन. शर्मा, महेश कठेरिया, अभिषेक गुप्ता, भावना गुप्ता, आशा विषारिया, सरोज शर्मा, डॉ रश्मि शर्मा, मीरा वार्ष्णेय, दीप्ति गुप्ता, पुष्पा गुप्ता, डॉली गोयल, साधना, रुचि कठेरिया, पूजा गुप्ता, डॉ गौरी वार्ष्णेय, डॉ विदुषी गुप्ता, मंजू रानी, सपना अग्रवाल, डॉ वंदना गुप्ता, पूजा वार्ष्णेय, मीना शर्मा, अलका शर्मा, गुंजन वार्ष्णेय, राजिन्दर कौर, डॉ के.सी. शर्मा, रमेश अधीर, संजय कुमार गुप्ता, नागेश गुप्ता, दृगपाल सिंह, ऋषभ कुमार, मोनू गुप्ता, हरविंदर सिंह, दिनेशचन्द्र गुप्ता, राजीव कुमार अग्रवाल, अनिल कुमार शर्मा, राजीव भारद्वाज, अवध किशोर शर्मा, सुशील सक्सेना आदि मौजूद रहे।




# वैश्य एकता मंच ने आयोजित की बैठक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** वैश्य एकता मंच चन्दौसी द्वारा रविवार को बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आगामी कार्यक्रमों की चर्चा की गई। साथ ही संगठन का विस्तार करते हुए सर्वसम्मति से विपिन बालाजी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डा0 दिशांत गुप्ता को संगठन मंत्री, अभिषेक गुप्ता को कार्यक्रम संयोजक, एड. ऋषभ रस्तोगी को विधिक सलाहकार मनोनीत किया गया। इस मौके पर एड प्रवीण गुप्ता द्वारा कहा गया वैश्य, भारतीय सामाजिक व्यवस्था में तीसरा वर्ण है जो कृषि, पशुपालन, और व्यापार जैसे व्यवसायों से जुड़ा है। भारत की अर्थव्यवस्था में वैश्य समाज का विशेष योगदान रहा है। उमेश गुप्ता द्वारा कहा गया कि वैश्य एकता मंच का उद्देश्य वैश्य समाज के निर्धन, असहाय कमजोर वर्ग के लोगों की सहायता करना है। इस मौके पर मंच के अध्यक्ष लवित वार्ष्णेय, संरक्षक सागर गुप्ता, मन्नू मेडिकल, क्षितिज गुप्ता विधिक सलाहकार एड निशांत वार्ष्णेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमंत वार्ष्णेय, उपाध्यक्ष दीपेश सेठ, मयंक वार्ष्णेय, महामंत्री आकाश वार्ष्णेय, तुषार क्रिस्टल, संगठन मंत्री इशांक गोयल, प्रचार मंत्री अभिनव वार्ष्णेय, नगर मंत्री सुमित वार्ष्णेय, मोहित बंसल, गोपाल वार्ष्णेय, भास्कर गुप्ता, हर्षित, गर्पित, वत्सल वार्ष्णेय, विवेक चौधरी आदि मौजूद रहे।

# बारिश से हुआ जलभराव



**चन्दौसी।** बीते कुछ दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के बाद रविवार को मौसम ने करवट ली और दोपहर के बाद आकाश में काले बादलों के साथ बारिश शुरू हो गई। हालाँकि तेज बारिश मात्र 15 मिनट तक ही हुई, लेकिन इस अल्पकालिक वर्षा ने शहर की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। शहर के फुब्बारा चौक से लेकर स्टेशन रोड तक व अन्य प्रमुख मार्गों पर जलभराव हो गया, जिससे आमजन को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। यही नहीं, गली-मोहल्लों से लेकर मुख्य बाजार तक की सड़कों ने तालाब का रूप ले लिया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि हर बार हल्की बारिश के बाद भी यही स्थिति उत्पन्न हो जाती है, लेकिन नगर प्रशासन की ओर से कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है, वर्षों से यही हालात बने हुए हैं। नगरवासियों की मांग है कि जलनिकासी की व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से दुरुस्त किया जाए, ताकि आने वाले मानसून में नागरिकों को इस तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

# बाजारों में रक्षाबंधन की रौनक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** रक्षा बंधन के पर्व को लेकर नगर के बाजारों में रौनक शुरु हो गई है। राखियों की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। गली-मोहल्लों और मुख्य बाजारों में जगह-जगह दुकानों पर रंग-बिरंगी राखियाँ, सजावटी थालियाँ और पूजा सामग्री सजी हुई है।

दुकानदारों ने पारंपरिक, फैशनेबल और बच्चों के लिए कार्टून थीम पर आधारित राखियों की विशेष रेंज बाजार में उतारी है। रविवार शाम शहर के प्रमुख बाजारों में एक तस्वीर देखने को मिली, जहाँ एक युवक बड़े सलीके से राखियों को सजाते हुए ग्राहकों को आकर्षित कर रहा था। यह दृश्य सिर्फ व्यापार नहीं, बल्कि उस रिश्ते की भावना को दर्शा रहा था, जो हर साल रेशम की डोरी में बंधकर और भी मजबूत होता है। ग्राहक भी जोश और उत्साह के साथ अपनी पसंदीदा राखियाँ खरीदते नजर आए। बहनों के चेहरे पर भाई के लिए प्यार की चमक साफ झलक रही थी, तो वहीं दुकानदार भी अच्छी बिक्री की उम्मीदों से उत्साहित दिखे।



नगरवासियों का कहना है कि इस बार बाजारों में कीमतें अपेक्षाकृत संतुलित हैं और विकल्पों की भरमार है, जिससे हर वर्ग के ग्राहक को उनकी पसंद की राखी आसानी से मिल रही है। रक्षा बंधन का पर्व सिर्फ एक रस्म नहीं, बल्कि वह बंधन है जो भाई-बहन को जीवनभर जोड़कर रखता है और बाजार की यह रौनक, उस अटूट रिश्ते की झलक है।

# रक्षाबंधन विश्वास व समर्पण की भावना का त्योहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंट आबू राजस्थान के स्थानीय सेवा केंद्र विलारी में रक्षाबंधन कार्यक्रम हर्षोल्लाह व धूमधाम से मनाया गया। क्षेत्रीय बीके भाई बहनों के अतिरिक्त दूरदराज से आए बी के भाई बहनों ने ब्रह्मकुमारी बहनों से राखी बंधवा कर भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने बीके भाई बहनों के मस्तिष्क पर चंदन रूपी तिलक अक्षत लगाकर राखी बंधन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। बहनों ने शिव बाबा की याद में मंगल गीत गए।

रविवार को ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र बिलारी पर मुरादाबाद से पहुंची राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने कहा कि ब्रह्माकुमारी आश्रम में रक्षाबंधन पर्व आध्यात्मिक दृष्टिकोण से मनाया जाता है। इस दिन बहने अपने भाइयों को



राखी बांधकर उन्हें भगवान शिव के आशीर्वाद से जोड़ती हैं। उनसे जीवन में पवित्रता और सकारात्मक बनाए रखने का संकल्प करती है। बताया कि रक्षाबंधन पर्व संपूर्ण पवित्रता का त्यौहार है।

पांच विकारों से मुक्ति को ही संपूर्ण पवित्रता कहते हैं। रक्षाबंधन परमात्मा से जोड़कर परमात्म स्नेहा, सुरक्षा के ईश्वरीय वरदान प्राप्त करने का आधार है। चंदन आत्मा की स्मृति का प्रतीक है। रक्षा सूत्र परमात्मा शांति का प्रतीक और मिठाई मधुर वाणी का प्रतीक है। सेवा केंद्र प्रभारी राज योगिनी ब्रह्माकुमारी अलका दीदी ने कहा कि जब सभी संबंधों की डोर आत्मिक प्रेम और निस्वार्थ भाव से जुड़ जाती है तब स्वयं की और दूसरों की रक्षा स्वता हो जाती है। रक्षाबंधन भगवान के प्रेम का प्रतीक और सभी को आध्यात्मिक मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। रक्षाबंधन पर्व आध्यात्मिक उत्सव है जो सभी को प्रेम सुरक्षा और आध्यात्मिक विकास की ओर ले जाता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से बीके अनीता बीके कविता बीके सुजाता बीके रीना विनीता पार्वती मंजू प्रीति रीना राखी पायल हरि ओम देवेंद्र गांधी रामकुमार यादव चंद्रपाल सिंह यादव भूकंप सिंह यादव सुखबीर सिंह विजयपाल सिंह राघव ओंकार सिंह नेम सिंह मनीष रामेश्वर ओमवीर आदि सहित अन्य बीके भाई बहन मौजूद रहे।

# भारी संख्या में हो रही कांवड़ियों की वापसी एसडीएम ने किया बॉर्डर पर निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** कांवड़ियों की हरिद्वार से हो रही भारी संख्या में वापसी को लेकर एसडीएम संतदास पवार ने बॉर्डर स्थित पुलिस चौकी पर जाकर निरीक्षण किया और व्यवस्था को देखा बतादे की आज सावन के आखिरी सोमवार को कंबड़िया भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। इसके लिए रविवार को भारी संख्या में कांवड़ियो की हरिद्वार से वापसी हुई डाक कावड़ बेड़े और पैदल चलकर जल लाने वाले भारी संख्या में कांठ से गुजरे उनकी सुरक्षा को लेकर एसडीएम संतदास पवार बिजनौर जनपद के सहसपुर बॉर्डर स्थित कांठ थाने की पुलिस चौकी पर पहुंचे और व्यवस्था को देखा उन्होंने कहा कि पूरा महीना सकुशल व्यतीत हो गया और अब आखरी दिन किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा भी उन्होंने अन्य कावड़ मार्गों का निरीक्षण किया और जरूरी दिशा निर्देश दिए।




# चेतन (ईश्वर) की उपासना ही सार्थक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद के साप्ताहिक सत्संग में पं वीरेंद्र आर्य ने निर्मल आर्य की यज्ञमानी में वैदिक रीति से यज्ञ संपन्न कराया। तत्पश्चात राजेश नारंग ने ईश्वरीय भक्ति भजन प्रस्तुत किया। डा राममुनि ने महर्षि दयानंद सरस्वती के अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश का पाठ किया। आर्य विद्वान सूर्य प्रकाश द्विवेदी ने यजुर्वेद के एक मंत्र की व्याख्या करते हुए बताया कि जीव और परमात्मा दोनों चेतन है।जब चेतन उपासक (जीव) अपनी उपासना उपास्य (ईश्वर)से करता है तब ग्रहण होती है।

उपास्य परमपिता परमात्मा अपने उपासक की प्रार्थना सुनता है। मूर्ति जो जड़ है उसमें चेतनता का अभाव होता है इसलिए वह कोई



प्रतिक्रिया नहीं करती और ना ही कोई भावना ग्रहण करती है।

इसलिए वह चेतन परमपिता परमात्मा ही उपास्य है जिसका सम्बंध प्रत्यक्ष न होकर अंतस्थ हृदय से है। आर्य विद्वान कपिल आर्य ने भी प्रवचन किये। सत्संग में रमेश सिंह आर्य एडवोकेट डा आलोक कुमार अरविन्द आर्यबंधु अजब सिंह आर्य रमाशंकर आर्य वेदमुनि निहाल सिंह आर्य मयंक आर्य विजय कौशिक सुमित आर्य रविंद्र आर्य राजेश नारंग खुशबू आर्य, अमित आर्य आदि उपस्थित रहे।

# दुनिया का प्रसिद्ध प्रकाशक स्प्रिंगर नेचर छापेगा टीएमयू डेंटल के प्रो. सिवन सतीश की किताब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के नाम एक और बड़ी उपलब्धि दर्ज हो गई है। डेंटल कॉलेज के ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी के एचओडी प्रो. सिवन सतीश की एकेडमिक बुक- एडवांस इमेजिंग एंड डायग्नोस्टिक ट्रेंड्स इन ओरल एंड मेक्जिलोफेशिल रेडियोलॉजी विश्व का प्रख्यात पब्लिशर स्प्रिंगर नेचर पब्लिश करेगा। स्प्रिंगर नेचर से हुए अनुबंध के तहत प्रो. सतीश को 1.30 लाख बतौर रॉयल्टी देगा। 17 साल के अनुभवी प्रो. सतीश ग्लासगो- यूके के रॉय कॉलेज से एमएफडीएस हैं। डेंटल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. प्रदीप तांगड़े और वाइस प्रिंसिपल डॉ. अंकिता जैन ने इस उपलब्धि का श्रेय टीएमयू को देते हुए प्रो. सतीश को हार्दिक बधाई दी है। उल्लेखनीय है, प्रो. सतीश की झोली अनेक उपलब्धियों से लबरेज है। 02 पेटेंट्स, 03 कॉपीराइट के संग-संग 02 कैटेगरी वन के इंटरनेशनल पेपर, 23 नेशनल रिसर्च प्रकाशित हो चुके हैं। प्रो. सतीश बताते हैं, यह किताब डेंटल के यूजी/पीजी स्टुडेंट्स के संग-संग रिसर्च स्कॉलर्स के लिए वरदान साबित होगी। प्रकाशित होने जा रही इस पुस्तक में प्रो. सतीश ने मॉर्डन टेक्नोलॉजी का विस्तार से खुलासा किया है, जिससे दांतों और चेहरे की गंभीर बीमारियों का एमआरआई, सीटी स्कैन, सीबीसीटी स्कैन आदि से सटीक परीक्षण संभव हो सकेगा। इस शैक्षणिक किताब की खघसियत यह है, मुंह के कैंसर का भी सहज पता लग सकेगा। प्रो. सतीश

TMU
Accredited with NAAC A Grade
12-B Status from UGC



का दावा है, दुनिया के डेंटिस्ट, डेंटल फैकल्टीज, रिसर्च स्कॉलर्स आदि डायग्नोसिस की इन्नोवेटिव तकनीक फर्स्ट टाइम जान सकेंगे।

## बच्चों के झगड़े में महिला से मारपीट, मामला दर्ज

**कांठ।** बच्चों के झगड़े में महिला से मारपीट हो गई पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शेरपुर पट्टी निवासी शांति पत्नी विजय का आरोप है कि उसका बेटा ऋतिक अशोक के बेटे के साथ खेल रहा था दोनों बच्चों में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया महिला ने दोनों बच्चों को डांट दिया इस बात पर अशोक आग बबूला हो गया और महिला के दरवाजे पर आकर गाली गलौज करनी शुरू कर दी इसका विरोध किया तो महिला के साथ जमकर मारपीट की जिसमें महिला को चोटे आई शोर सुनकर लोग इकट्ठे हो गए लोगों को आता देख अशोक पुत्र राजपाल जान से मारने की धमकी देकर चला गया पीड़ित थाने पहुंची और उसने शिकायत दर्ज कराई पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

# सपा विधायक सातवीं बार उमराह के लिए हुए रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान रविवार को सऊदी अरब उमराह करने के लिए जा रहे थे तभी सपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं और जनता ने फूल मालाएं पहनाकर और पुष्प वर्षा करके स्वागत किया।

बताते चले की सपा विधायक मोहम्मद फहीम इरफान छह बार उमराह और एक बार हज कर चुके है। सपा विधायक मोहम्मद फहीम इरफान ने बताया कि उन्हें सातवीं मर्तबा उमराह करने का मुबारक मौका मिला है, बताया कि वह सऊदी अरब पहुंचकर देश की तरक्की, खुशहाली और अमनो अमान के लिए दुआएं करेंगे।

इस अवसर पर हाजी मोहम्मद वसीम, हाजी मोहम्मद उस्मान एडवोकेट, मुजस्सिम कमाल, इंतेखाब पाशा, रमाकांत सैनी, जोगेंद्र चौधरी, मुजीब अहमद, अरविंद सिंह, कल्लू मलिक, खल्लाक हुसैन, सफीन अहमद, आरिफ आदि मौजूद रहे।



# रोटरी क्लब चन्दौसी भारत ने किया निःशुल्क जोड़ एवं प्रत्यारोपण जांच शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** रोटरी क्लब चन्दौसी भारत द्वारा समाजसेवा कार्यक्रम के अंतर्गत जोड़ एवं प्रत्यारोपण का एक नि:शुल्क चेकअप एवं दवाई वितरण कैम्प सुभाष रोड स्थित मल्होत्रा नर्सिंग होम में आयोजित किया गया। जिसमें लगभग सौ व्यक्तियों द्वारा अपने घुटने एवं हड्डी रोग से संबंधित व्याधियों के लिए चिकित्सक को दिखाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्राधिकारी चन्दौसी अनुज चौधरी द्वारा किया गया। कैम्प में मुख्य चिकित्सक डा0 रविन्द्र सिंह, टीएमयू के मार्केटिंग हेड आशुतोष शर्मा व टीएमयू स्टाफ रहा। साथ ही मुख्य अतिथि सीओ अनुज चौधरी, डा0 रविन्द्र सिंह, डा0 सागर मल्होत्रा, डा0 मोना मल्होत्रा, डा0 सोनम मल्होत्रा, आशुतोष को सम्मानित किया गया। इस दौरान क्लब के संस्थापक सदस्य राहुल अग्रवाल, अध्यक्ष गिरीश कुमार अग्रवाल, सचिव आलोक चौधरी, कोषाध्यक्ष आर.के. अग्रवाल, समीर बंसल, विवेक सर्राफ, महेश अग्रवाल, सचिन जायसवाल, संजीव त्यागी, विकास रस्तोगी, मनोज गोयल, सी.पी. अग्रवाल, रितेश मंगलम, अंजलि चौधरी, सविता, नेहा, मीनू, आशा, पायल मल्होत्रा, सुधीर मल्होत्रा आदि मौजूद रहे।

# भंडारों में कांवड़ियों ने प्रसाद किया ग्रहण, उमड़ा जनसैलाब

## सुबह से ही केसरिया रंग में डूबा नेशनल हाईवे, चारों तरफ बम भोले के जयकारे बोलते हुए शिवभक्त नजर आए









**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रविवार को सावन मास के चौथे सोमवार की पूर्व संध्या पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें कांवरियों और श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

बाबा बर्फानी ग्रुप कांवरिया संघ के तहत कांवरियों का जत्था निकला चारों तरफ से भक्तों द्वारा बम भोले के जयकारे एवं डीजे पर नाचते घूमते नजर आए हिंदू समुदाय के सभी लोगों ने जगह-जगह कांवड़ियों के लिए भंडारे का आयोजन किया भंडारों के साथ-साथ स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया सुबह से ही हाईवे पर शिव में डूबा रहा हाईवे पर तरह-तरह की सुंदर-सुंदर झांकियां देखने को मिली शिव भक्तो ने भंडारों का लुफ्त उठाया सभी शिव भक्त नाचते गाते हुए अपने-अपने स्थान को रवाना हो चले हर साल की तरह इस साल भी कावड़ यात्रा में सभी शिव भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया नगर पंचायत पाकबड़ा के शिव भक्तो द्वारा भी ई पेपर जगह-जगह भंडारे लगाकर प्रसाद बाटा पूरा माहौल शिव में रहे। **उधर,** अंतिम सोमवार को जल लेने को निकले कांवरिया नेशनल हाईवे पर सुबह से ही डीजे के साथ बृजघाट से जल लेने निकले शिव भक्त जलाभिषेक करने के लिए बृजघाट से से गंगाजल लेकर कांवड़ियों के लौटने का सिलसिला जारी है। क्षेत्र की सड़कों पर काँवड़िये सभी सेवादारों ने भंडारों का सिल. सिला जारी रहा शिव भक्तों की सेवा करी हर हर महादेव और बम बम भोले के जयकारों से वातावरण शिवमय हो गया। सावन के माह में शिव भक्त ब्रजघाट सहित अन्य तीर्थ नगरियों से पैदल कांवड में गंगाजल लेकर आते हैं और सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। दूरदराज के काँवड़िये कांधे कांवड़ धारण कर नेशनल हाईवे से गुजरते हैं शुक्रवार को नगर की सड़कों पर काँवड़ियों काफी भीड़ दिखाई दी। लगातार कांवड़ियों के जत्थे होकर गुजरते नजर आए। पूरा दिन काँवड़ियों को जाने का ताँता लगा रहा वापसी होती रही। कांवड़ियों के वाहन नगर से होकर गुजरते दिखाई दिए। कोई ढोल की थाप पर भगवान शिव की महिमा का गुणगान करते हुए जाता दिखाई दिया तो कोई डीजे व धार्मिक भजनों पर झूम रहा था।

इससे नगर व नेशनल हाईवे का वातावरण पूरी तरह से शिव भक्ति में सराबोर हो गया। 4 अगस्त को सावन माह के चौथे एवं अंतिम सोमवार को काँवड़िये क्षेत्र के मंदिरों में जलाभिषेक करेंगे। साथ ही शिव भक्तो ने कांवड़ियों के लिए जगह-जगह भंडारों का भी इंतजाम किया हुआ है जिससे की शिव भक्तों को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े महाकाल भंडारे में शिव भक्त मदन कौशिक, तरुण कौशिक, मनु चौधरी, पराग कौशिक, मनीष चौधरी, सिद्धू,अमित चौधरी, विवेक, डॉक्टर संजीव चौधरी, धर्मेंद्र कोमल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय अंगदान दिवस परकिया पौधारोपण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** राष्ट्रीय अंगदान दिवस पर आज वंदे भारत (संस्कार संस्कृति संवाहक) के सदस्यों के द्वारा बुद्धि विहार स्थित, स्वयंभू महादेव शंकर के कल्याण मंदिर में रुद्राक्ष, चंदन एवं नीम के वृक्षों का पौधारोपण किया गया। वन्दे भारत के संयोजक धवल दीक्षित ने बताया कि आज भारत में अंगदान दिवस मनाया जाता है और अंगदान के लिये वृक्षों से बडा उदाहरण कोई नहीं हो सकता है, वह अपने शरीर का प्रत्येक भाग मानव को, इस सृष्टि को समर्पित करते हैं। वह जीते जी फल, फूल व सब्जी प्रदान करते हैं और मृत्यु के उपरांत अपनी समस्त लकड़ी समाज को समर्पित कर देते हैं, जिसका मानव उपयोग करता है। उसी प्रकार से मनुष्य को भी ष्जीते जीते रक्तदान और जाते जाते देहदानष समाज के लिये करना चाहिये। हमारा जीवन और शरीर यूहीं व्यर्थ न जाये, उसका उपयोग हमको समाज हित में करना ही होगा। इस अवसर पर विमलेन्द्र शर्मा, गोपाल हरि गुप्ता, शैलेन्द्र सिंह, अरविंद शर्मा, राजेन्द्र सिंह आदि ने पौधारोपण किया एवं रक्तदान-अंगदान करने की भी सबके द्वारा शपथ ली गई।

# नोएडा में राष्ट्रीय गौरव अवार्ड से सम्मानित होंगी शिक्षिका व कवियत्री इन्दु रानी और डा. प्रीति हुंकार

**मुरादाबाद।** अपने उत्कृष्ट शिक्षण कार्यों व शैक्षिक गतिविधियों तथा लेखन में सराहनीय प्रयासों व छात्रों के सामाजिक साहित्यक उत्थान हेतु अथक प्रयासों से प्रभावित हो उनके सराहनीय कार्यों हेतु शिक्षिका व कवयित्री इन्दू रानी और डॉ प्रीति हुंकार को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में होने वाले राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 कालेज ग्रेटर नोएडा में समाज कल्याण फेडेरेशन आफ इंडिया के द्वारा राष्ट्रीय गौरव अवार्ड से सम्मानित करने हेतु आमंत्रित किया गया है। साहित्यक संस्थाओं द्वारा दोनो शिक्षिकाओं व कवयित्रियों को ढेरों शुभकामनाएं प्रेषित की गई हैं।

# कांवड़ियों का जोरदार स्वागत




**भोजपुर में हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर लौटे कांवड़ियों का स्वागत करते ग्रामीण।**

**भोजपुर।** रविवार की देर शाम को हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर लौटे कावड़ियों का बस स्टैंड पर कस्बे की महिलाओं एवं पुरुषों ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर धार्मिक संगठनों ने शिव भक्तों के खान-पान के लिए भंडारे का आयोजन किया।घ सोमवार को कावड़ियों का अंतिम जत्था बस स्टैंड से जुलूस के रूप में मोहल्ला बड़ी मंडी में स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर पहुंचकर शिवलिंग पर जलाभिषेक करेंगे। यह जानकारी शिव मंदिर प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष ब्रजेश कुमार, रिंकू अरोरा,नरेश कुमार, संजीव कुमार, दिनेश गुप्ता,दीपक गुप्ता, चुनमुन,जय प्रकाश गुप्ता आदि ने दी है।

# कस्बे की सड़कों ने नहरों का रूप किया धारण, नपं कार्यालय में भरा बारिश का पानी



**भोजपुर। जल निकासी ठप होने से बरसात का पानी नगर पंचायत कार्यालय में घुस गया।**

**भोजपुर।** झमाझम बारिश से मौसम सुहाना होने से जहां लोगों को गर्मी से निजात मिली वहीं जल निकासी नही होने से सड़कों ने नहरों का रूप धारण कर लिया। इस वजह से राहगीरों को भारी परेशानियां उठानी पड़ी।

पिछले काफी दिनों से बरसात नहीं हुई थी। इस कारण लोग उमस भरी गर्मी की मार झेल रहे थे। उपर से बिजली कटौती एवं ट्रिपिंग से लोगों का जीवन दूभर हो गया था। शनिवार को सुबह क्षेत्र में मूसलाधार बारिश होने से मौसम सुहाना हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं दूसरी ओर नाली नालों की तली झाड़ सफाई नही होने से नाले चौक हो गए। बरसात का पानी नगर की मुख्य सड़कों पर जमा हो गया। कई घंटों तक सड़कों में नहरों की तरह पानी बहता रहा। इस दौरान पीपलसाना रेलवे स्टेशन रोड,नगर पंचायत एवं ब्लाक भगतपुर टांडा कार्यालयों के सामने सड़क पर भारी मात्रा में पानी भर गया कुछ ही देर में कार्यालयों में भी बरसात का पानी जमा हो गया। गनीमत रही की रविवार को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण कार्यालय बंद थे, वरना सरकारी कर्मचारियों एवं फरियादियों को गन्दे पानी से होकर गुजरना पड़ता। अभी भी कुछ सड़कों में बरसात में पानी जमा खड़ा है। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह ने बताया कि मेन सड़कों पर बने नालों पर दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा है।घ इस कारण नालों की तली झाड़ सफाई नही हो पाती और बरसात का पानी रास्तों में जमा हो जाता है। सूचना मिलते ही नगर पंचायत कर्मियों की टीम मौके पर पहुंचकर पानी की निकासी सुनिश्चित कर आवागमन सुचारू कर देते हैं।

# महिला को बंधक बनाकर चोरों ने की लूट



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना नागफनी क्षेत्र में चोरों ने महिला को बंधक बनाकर बड़ी वारदात को अंजाम दे दिया है। पीड़ित महिला ने बताया कि वह घर में अकेली थी। उसी समय दो अज्ञात बदमाश घर में घुस आए और मुझे पकड़ कर गले में दुपट्टा डाल दिया और सर दीवार में देखकर मारा उसके बाद घर में रखे तीन हजार रुपए गले की चेन, व पाजेब, लेकर फरार हो गए। पूरी घटना थाना नागफनी इलाके के मोहल्ला किसरोल बरसी रोड वारसी बिल्डिंग के बराबर वाली गली की है। आपको बता दें कि, पिछले लगभग ढाई साल से अब्दुल बासित अपनीं पत्नी मुस्कान के साथ यहां एक घर के मकान में किराए का कमरा लेकर रहता है। बासित सुबह 10:00 दिल्ली रोड स्थित पीतल फैक्ट्री में काम पर गया था।उसकी पत्नी मुस्कान घर में अकेली थी अब्दुल बासित के मुता. बिक रात करीब 8:30 बजे उनके घर में दो अज्ञात चोर घुस आए मुस्कान के गले में दुपट्टा डालकर गला घोटा और सिर दीवार से दे मारा जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई।

घटना के बाद डरी और सहमी मुस्कान ने वारदात की जानकारी पड़ोस में दी पड़ोसियों ने फैक्ट्री में काम कर रहे अब्दुल बासित को उसके बारे में बताया अब्दुल बासित ने इसकी सूचना पुलिस को दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली महिला और उसके पति से वारदात के बारे में पूछा घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे पुलिस कंगाल रही है फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है पुलिस का कहना है कि, पति-पत्नी से घटना से संबंधित जानकारी ली गई है। पड़ोसियों से भी पूछताछ की गई है सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए हैं। फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्षे इकट्ठा किए गए हैं मामले की जांच की जा रही है जल्द ही इस घटना का खुलासा किया जाएग

# हिन्दी साहित्य संगम ने आयोजित की काव्य-गोष्ठी




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** साहित्यिक संस्था हिन्दी साहित्य संगम की ओर से काव्य-गोष्ठी का आयोजन मिलन विहार स्थित सनातन धर्मशाला में किया गया। रवि चतुर्वेदी द्वारा प्रस्तुत मॉ शारदे की वंदना से आरंभ हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता रामदत्त द्विवेदी ने की। मुख्य अतिथि डॉ. महेश दिवाकर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में ओंकार सिंह ओंकार मंच. ासीन हुए। कार्यक्रम का संचालन संस्था के महासचिव जितेन्द्र कुमार जौली द्वारा किया गया। उपस्थित कवियों ने विभिन्न सामाजिक विषयों को आधार बनाकर अपनी काव्यात्मक अभिव्यक्ति की। ओंक. ार सिंह ओंकार ने सुनाया- बारिश में सड़कें हुई, हैं गड्ढों से युक्त। जाम लग रहे हर जगह, वाहन सरकें सुस्त।। डॉ. चिरंजीलाल चंचल ने सुनाया- तस्कर चोर दलाल लुटेरे, धन्य सभी मक्कार हो गए। जिसके हाथ में आयी सत्ता, ये सब उसके यार हो गए।। रामदत्त द्विवेदी ने सुनाया- रुह मेरी, रात मुझसे, बात यह थी कह गई। मिलन की उनसे तुम्हारी, अब तमन्ना रह गई।। योगेन्द्र वर्मा श्व्योमश ने सुनाया- किए दस्तखघ्त जब सुबह, बूँदों ने चुपचाप। मन के कागज के मिटे, सभी ताप-संताप।। बरसो, पर करना नहीं, लेशमात्र भी क्रोध। रात झोंपड़ी ने किया, बादल से अनुरोध।। डॉ. महेश दिवाकर ने सुनाया- मानव की पहचान यही है, मानवता हित मरना। कभी किसी का बुरा न चाहें, हिंसा रंचन करना।। जितेन्द्र कुमार जौली ने सुनाया-स्वच्छता अभियान में, इतना करिये दान।शौचालय घर में बना, साफ रखो मैदान।। रघुराज सिंह निश्चल ने कहा- पावस की ऋतु सबको भाती। इसके बिना, न गर्मी जाती। इसके लिए अर्चना होती, इसके लिए धरा भी रोती। के.पी. सिंह सरल ने सुनाया- बिन तेरे जग कुछ नहीं, नहिं कुछ है इनसान। सब जड़ चेतन में बसे, सगुण निगुण भगवान।। रवि चतुर्वेदी ने कहा-पत्थर भी बोलते हैं, मेरी अर्चना के बाद। कोई कल्पना नहीं है, मेरी कल्पना के बाद।। नकुल त्यागी ने कहा-दर्शन चिंतन और मनन का होता है विश्वास जहाँ। विश्व गुरु भारत है मेरा मिल जाएगा वहाँ। संस्था के अध्यक्ष रामदत्त द्विवेदी जी द्वारा आभार अभिव्यक्ति के साथकार्यक्रम समापन पर पहुँचा।

# भारतीय पेसर्स ने वापसी की उम्मीद जताई

## ओवल टेस्टः रूट 105, ब्रुक 111 रन बनाकर आउट, इंग्लैंड को 35 रन चाहिए, 4 विकेट बाकी



**लंदन, वार्ता।** भारत के खिलाफ 374 रन का टारगेट चेज कर रही इंग्लिश टीम ओवल टेस्ट जीतने से 35 रन दूर है। इंग्लिश टीम ने दूसरी पारी में 6 विकेट पर 339 रन बना लिए हैं। जैमी स्मिथ और जैमी ओवर्टन क्रीज पर हैं। जो रूट 105 रन और हैरी ब्रुक 111 रन बनाकर आउट हो चुके हैं।

रविवार को मैच का चौथा दिन है। भारत जीत से 4 विकेट दूर है, क्योंकि क्रिस वोक्स इंजरी के कारण इस मैच से बाहर हो गए हैं। जैकब बेथल (5 रन) को प्रसिद्ध कृष्णा ने बोल्ड किया। हैरी ब्रुक (111 रन) को आकाश दीप ने मोहम्मद सिराज के हाथों कैच कराया। लंच से पहले ओली पोप (27 रन) को मोहम्मद सिराज ने पगबाधा आउट किया। वे इस सीरीज के टॉप विकेट टेकर बन गए हैं। सिराज ने जोश टंग (19 विकेट) को पीछे छोड़ा। बेन डकेट (54 रन) को प्रसिद्ध कृष्णा ने केएल राहुल के हाथों कैच कराया। एक दिन पहले भारत अपनी दूसरी पारी में 396 रन पर आलआउट हुआ। इंग्लैंड पहली पारी में 247 रन पर ऑलआउट हो गया। टीम को पहली पारी में 23 रन की बढ़त मिली। भारत ने पहली पारी में 224 रन बनाए थे। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पहली बार एक सीरीज में 9 बैटर्स ने 400 रन का आंकड़ा पार किया है। मौजूदा सीरीज में भारत के 5 और इंग्लैंड के 4 बैटर्स ने 400 से ज्यादा रन बनाए हैं। टेस्ट इतिहास में यह दूसरी सीरीज है, जिसमें 7 हजार से ज्यादा रन बने हैं। इससे पहले 1993 की एशेज सीरीज में 7221 रन बने थे। उस सीरीज में 6 मैच खेले गए थे। 73वें ओवर में इंग्लैंड ने छठा विकेट गंवा दिया है। यहां जो रूट 105 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा ने विकेटकीपर ब्रुक जुरेल के हाथों कैच कराया। 69वें ओवर में जो रूट ने शतक पूरा कर लिया। उन्होंने आक. ाश दीप के ओवर की पहली बाल को डीप स्क्वेयर लेग में खेलकर अपना शतक पूरा किया। शतक बनाने के बाद रूट ने अपने बल्ले को चूमा और ैंस का अभिवादन स्वीकार किया। ओवल टेस्ट के चौथे दिन का दूसरा सेशन इंग्लैंड के नाम रहा। इस सेशन में इंग्लैंड ने एक विकेट गंवाया और 153 रन बना डाले। 63वें ओवर में इंग्लैंड ने 300 रन का आंकड़ा पार किया। हैरी ब्रुक ने आकाश दीप के ओवर में लगातार दो चौके लगाकर टीम स्कोर 300 पार पहुंचाया। इसी ओवर की चौथी बाल पर आकाश दीप ने हैरी ब्रूक को सिराज के हाथों कैच कराया। यहां आकाश ने 195 रन की साझेदारी ब्रेक की। शाट खेलने के प्रयास में ब्रुक के हाथ से बल्ला छूआ और वे कैच आउट हो गए। 61वें ओवर में हैरी ब्रूक ने शतक पूरा कर लिया। उन्होंने इस सीरीज में दूसरा शतक लगाया है।



# पाक को हरा द. अफ्रीका चैंपियंस ने डब्ल्यूटीसीएल का खिताब जीता

● **फाइनल में पाकिस्तान चैंपियंस को 9 विकेट से हराया, एबी डिविलियर्स ने नाबाद 120 रन बनाए**

**बर्मिंघम, वार्ता।** साउथ अफ्रीका चैंपियंस ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 (डब्ल्यूसीएल) का खिताब जीत लिया है। टीम ने बर्मिंघम के एजबेस्टन स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान चैंपियंस को 9 विकेट से हराया। मुकाबले में पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 195 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका टीम ने 16.5 ओवर में एक विकेट खोकर 196 रन का टारगेट हासिल कर लिया।

एबी डिविलियर्स ने नाबाद 120 रन बनाए। डिविलियर्स को उनके शतक और टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया। डिविलियर्स ने टूर्नामेंट के 6 मैचों में 429 रन बनाए। पाकिस्तान के लिए शरजील खान ने सबसे ज्यादा 76 रन बनाए। उनके अलावा उमर अमीन ने नाबाद 36 रन की पारी खेली। आसिफ अली ने 28 और शोएब मलिक ने 20 रन का योगदान दिया। साउथ अफ्रीका के लिए हार्डस विल्जोएन और वेन पार्नेल ने 2-2 विकेट लिए। डुआने ओलिवियर को एक विकेट मिला। डुमिनी ने नाबाद 50 रन बनाए एबी डिविलियर्स ने 60 गेंदों में नाबाद 120 रन बनाए। जेपी डुमिनी ने 28 गेंदों में नाबाद 50 रन की पारी खेली। दोनों ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 145 रन की साझेदारी निभाई। इस टूर्नामेंट में साउथ अफ्रीका ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस के खिलाफ 1 रन से रोमांचक जीत दर्ज की थी। पाकिस्तान के खिलाफ खेलने नहीं उतरा था भारत इससे पहले, भारत ने पाकिस्तान के साथ सेमीफाइनल मैच खेलने से मना कर दिया था। यह मुकाबला 31 जुलाई को बर्मिंघम में खेला जाना था। पाकिस्तानी टीम अपने ग्रुप में टॉप पर होने और चार जीत के साथ नौ अंक हासिल करने के कारण फाइनल में पहुंच गई थी। वहीं, भारतीय प्लेयर्स ने पाक के साथ 20 जुलाई को होने वाला ग्रुप मैच भी नहीं खेला था। तब मैच रद्द करके दोनों टीमों में अंक बांट दिए गए थे।

## अब डब्ल्यूसीएल में नहीं खेलेगा पाक

● **पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने लिया बड़ा फैसला, भारत के न खेलने पर लगाया पूरी तरह से बैन**

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) में भविष्य में हिस्सा लेने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। यह फैसला भारत और पाकिस्तान के बीच हुए विवाद के बाद लिया गया। भारतीय टीम ने डब्ल्यूसीएल 2025 में पाकिस्तान के खिलाफ दो मैच खेलने से इन्कार कर दिया था।

इसमें सेमीफाइनल और ग्रुप स्टेज का मुकाबला शामिल है। पीसीबी ने इसकी घोषणा रविवार को बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 79वीं मीटिंग के बाद की। मीटिंग की अध्यक्षता मोहसिन नकवी ने की । पीसीबी ने बयान में कहा गया, इस दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम के मद्देनजर, जो बाहरी दबावों के स्पष्ट और असहनीय प्रभाव तथा खेल की निष्पक्षता के सिद्धांतों की अवहेलना को उजागर करता है, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को मजबूरी में कड़ा रुख अपनाना पड़ रहा है। पीसीबी अब ऐसे टूर्नामेंट में भाग लेने की अनुमति नहीं दे सकता, जहां निष्पक्ष खेल भावना और स्वतंत्र संच. ालन जैसे मूलभूत सिद्धांत बाहरी हस्तक्षेप के कारण समझौते की भेंट चढ़ जाएं।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## आयु धोखाधड़ी रोकने को स्क्रीनिंग एजेंसी नियुक्त करेगा बीसीसीआई

**मुम्बई, वार्ता।** बीसीसीआई आयु-धोखाधड़ी रोकने और खिलाड़ियों की योग्यताओं के सत्यापन के लिए एक बाहरी एजेंसी को नियुक्त करने जा रहा है। बीसीसीआई के अनुसार आयु-धोखाधड़ी और खिलाड़ियों की योग्यताओं के सत्यापन के लिए एक बाहरी एजेंसी की नियुक्ति की प्रक्रिया में है। हाल ही में एक आरएफपी जारी किया गया है, जिसमें सत्यापन सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिष्ठित संस्थाओं से बोलियां आमंत्रित की गई हैं। इस आउटसोर्स एजेंसी के अगस्त के अंत तक स्थापित होने की उम्मीद है। ऐसा माना जा रहा है कि यह मामला खिलाड़ियों द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेज या प्रमाण पत्र संदिग्ध पाए से संबंधित है। बीसीसीआई का उद्देश्य इस प्रक्रिया को पेशेवर बनाना और अधिक आयु के खिलाड़ियों के इस प्रणाली में प्रवेश करने की किसी भी संभावना को समाप्त करना है।

## कोको गॉफ को हराकर म्बोको क्वार्टर फाइनल में

**नई दिल्ली, वार्ता।** शनिवार रात खेले गये मुकाबले में कनाडाई किशोरी म्बोको ने शीर्ष वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को सीधे सेटों में 6-1, 6-4 से हराया। विश्व में 85वें स्थान पर काबिज म्बोको ने गॉफ को एक घंटे दो मिनट चले मुकाबले में हराया। म्बोको का क्वार्टर फाइनल में मुकाबला स्पेन की जेसिका बोउजास मानेरो से होगा, जिन्होंने चीन की लिन झू को 7-5, 6-1, 6-2 से हराया। यह मैच वर्षा से बाधित था और मध्य रात्रि से ठीक पहले समाप्त हुआ। मैच के बाद म्बोको ने कहा कि आज जीतकर मैं सचमुच बहुत खुश हूं।

# दुबई-अबुधाबी एशिया कप के आयोजन स्थलों में शामिल




● **19 दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 19 मैच शामिल है, शेड्यूल में एक-दूसरे से बहुत कम समानताएं होंगी**

**दुबई, वार्ता।** एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने सितंबर में होने वाले एशिया कप के आयोजन स्थलों के रूप में दुबई और अबु धाबी की पुष्टि की है। इसने मैचों के समय की भी घोषणा की है, जो यूएई समयानुसार शाम 6 बजे शुरू होंगे, यानी भारत में शाम 7:30 बजे भारतीय दर्शकों के लिए प्राइम-टाइम देखने का समय।

यह टूर्नामेंट 9 से 28 सितंबर तक चलेगा। 19 दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में, जिसमें 19 मैच शामिल हैं, शेड्यूल में एक-दूसरे से बहुत कम समानताएं होंगी। 15 सितंबर को दो मैच निर्धारित हैं यूएई बनाम ओमान और उसके बाद श्रीलंका बनाम हांगकांग। पहला मैच स्थानीय समयानुसार शाम 4:30 बजे (भारतीय समयानुसार शाम 6 बजे) शुरू होगा, जबकि दूसरा मैच सामान्य समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा। परिणामस्वरूप, दोनों मैचों के कुछ हिस्से अनिवार्य रूप से एक-दूसरे से टकराएंगे। भारत के लीग मैच 10 सितंबर (यूएई के विरुद्ध), 14 सितंबर (पाकिस्तान के विरुद्ध) और 19 सितंबर (ओमान के विरुद्ध) निर्धारित हैं। यह मानते हुए कि भारत और पाकिस्तान अपने ग्रुप में शीर्ष दो टीमें रहेंगी, वे 21 सितंबर को सुपर 4 चरण में फिर से आमने-सामने होंगी। भारत के शेष सुपर 4 मैचों की तारीखें लीग तालिका में उनकी स्थिति पर निर्भर करेंगी। स्थानों और समय की घोषणा करते हुए, एसीसी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा कि एसीसी टी20 एशिया कप के स्थान और मैचों का समय घोषित कर दिया गया है! खचाखच भरे स्टेडियमों और कुछ रोमांचक मुक. ाबलों का बेसब्री से इंतजार है। एसीसी ने एक बयान में कहा कि साल के सबसे बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंटों में से एक में शीर्ष एशियाई क्रिकेट देशों के बीच मुकाबला होने के साथ, यह घोषणा टूर्नामेंट की तैयारियों में एक बड़ा कदम है। प्रतिष्ठित स्टेडियमों से लेकर उत्साही प्रशंसकों तक, पूरे महाद्वीप में रोमांचक मुकाबले के लिए मंच तैयार है। भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफ़ग़ानिस्तान, यूएई, ओमान और हांगकांग, आठ टीमों ने टी20 प्रारूप में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

## भारत के ओलंपिक भविष्य को आकार देने की कवायद तेज

● **कपिल देव, बाइचुंग भूटिया, अभिनव बिंद्रा, पुलेला गोपीचंद और गगन नारंग एकजुट हुए**

**हैदराबाद, वार्ता।** दिग्गज कपिल देव, बाइचुंग भूटिया, अभिनव बिद्रा, पुलेला गोपीचंद और गगन नारंग भारतीय खेलों के लिए अपनी तरह की पहली प्रशासनिक पहल में एक साथ आए हैं। इस एकीकृत दृष्टिकोण का उद्देश्य जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को मज़बूत करना, बुनियादी ढांचे का अनुकूलन करना और मज़बूत, समग्र खेल विकास के लिए उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है। एथलीटों के लिए स्पष्ट मार्ग बनाकर और राज्य की प्रगतिशील खेल नीति के साथ तालमेल बिठाकर, यह पहल तेलंगाना को भारत की खेल महत्वाकांक्षाओं में सबसे आगे रखती है और एक राष्ट्रव्यापी खेल क्रांति की अगुवाई करती है। ये खेल जगत के दिग्गज, प्रमुख प्रशासकों और उद्योग जगत की शीर्ष हस्तियों के साथ मिलकर तेलंगाना खेल विकास कोष (टीएसडीएफ) के नवगठित बोर्ड ऑफ गवर्नर्स का गठन करते हैं। यह अग्रणी सार्वजनिक-निजी मॉडल जमीनी स्तर की प्रणालियों को मजबूत करने, विभिन्न विषयों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और भारत के अगली पीढ़ी के चैंपियनों को तैयार करने के लिए एक राष्ट्रीय खाका तैयार करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह बोर्ड जमीनी स्तर के खेल ज्ञान को संस्थागत और कॉर्पोरेट विशेषज्ञता के साथ जोड़ता है, जिसमें आरपी-संजीव गोयनका समूह के अध्यक्ष डा. संजीव गोयनका जैसे प्रभावशाली नेता शामिल हैं।

# आईपीएल-2026 में खेलेंगे धोनी



● **कहाः ऋतुराज गायकवाड़ कप्तान के रूप में वापसी करेंगे और टीम का नेतृत्व करेंगे**

**चेन्नई, वार्ता।** इस साल चोटिल रुतुराज गायकवाड़ से पांच बार की आईपीएल विजेता चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की कमान संभालने के बाद, तूफानी कप्तान एम एस धोनी ने अगले साल के संस्करण में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है और कहा है कि रुतुराज कप्तान के रूप में वापसी करेंगे और टीम का नेतृत्व करेंगे। धोनी ने एक निजी कार्यक्रम में भाग लेने के बाद कहा कि उन्हें चेन्नई के साथ अपने लंबे समय से जुड़े जुड़ाव, चेन्नई के प्रशंसकों से मिले प्यार, स्नेह और समर्थन की याद आती है। चेन्नई के प्रति उनका प्यार तब स्पष्ट रूप से दिखाई दिया जब उन्होंने कहा कि इसी शहर ने उन्हें 2005 में पहला टेस्ट और 2008 में आईपीएल का पहला मैच दिया था। धोनी ने इस साल के संस्करण में टीम की समस्याओं और संतुलन की बात स्वीकार की, लेकिन यह भी कहा कि अगले साल सीएसके की बल्लेबाजी और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि हम अपने बल्लेबाजी क्रम को लेकर थोड़े चिंतित हैं। लेकिन मुझे लगता है कि अब हमारा बल्लेबाजी क्रम काफी व्यवस्थित है। रुतु (गायकवाड़) वापसी करेंगे। उन्हें चोट लग गई थी। लेकिन वह वापसी करेंगे। तो, अब हम काफी व्यवस्थित हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो के अनुसार, धोनी ने कहा कि रुतुराज गायकवाड़ की वापसी से आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की बल्लेबाजी मजबूत होगी। गायकवाड़ पांच मैच खेलने के बाद कोहनी की चोट के कारण आईपीएल 2025 से बाहर हो गए थे। धोनी ने सीएसके की कप्तानी संभाली, लेकिन टीम की किस्मत नहीं बदल सके( टीम 14 मैचों में से सिर्फ चार जीत के साथ सबसे निचले पायदान पर रही और लगातार बल्लेबाजी करने के लिए संघर्ष करती रही। धोनी ने कहा कि हम अपने बल्लेबाजी क्रम को लेकर थोड़े चिंतित हैं। लेकिन मुझे लगता है कि अब हमारा बल्लेबाजी क्रम पूरी तरह से व्यवस्थित है। रुतु (गायकवाड़) वापसी करेंगे। उन्हें चोट लग गई थी। लेकिन वह वापसी करेंगे। इसलिए, अब हम पूरी तरह से व्यवस्थित हैं।

धोनी ने कहा कि टीम इस साल के अंत में होने वाली मिनी-नीलामी में अपनी टीम को और मजबूत करने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा कि मैं यह नहीं कहूंगा कि हमने (सीएसके) आईपीएल 2025 में कोई ढिलाई बरती। लेकिन कुछ खामियां थीं जिन्हें हमें दूर करना था। दिसंबर में एक छोटी नीलामी होने वाली है। कुछ खामियां हैं, और हम उन्हें दूर करने की कोशिश करेंगे। गायकवाड़ का आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच 8 अप्रैल को मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ सीएसके का मैच था।

## फिट इंडिया संडे ऑन साइकिलिंग में शुरुआती संदेशवाहकों डाकियों को दी गई श्रृद्धांजलि

**नई दिल्ली, वार्ता।** एक स्वस्थ और प्रदूषण मुक्त भारत के निर्माण के मिशन को जारी रखते हुए युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने इंडिया पोस्ट के साथ साझेदारी में आज देश भर के 6000 स्थानों पर आयोजित 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' के 34वें संस्करण में शुरुआती संदेशवाहकों, डाकियों को श्रृद्धांजलि दी गई। आज आयोजित इस 34वें संस्करण में दशकों से लोगों, स्थानों और कहानियों को जोड़ने वाले भारत के डाकियों, देश के मूल साइकिल चालकों को श्रृद्धांजलि दी गई। भारतीय डाक ने अपने 1-5 लाख से अधिक डाकघरों के राष्ट्रव्यापी नेटवर्क में साइक्लिग अभियान का आयोजन किया। लगभग 3000 नमो फिट इंडिया क्लबों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। अपनी खाकी वर्दी और साधारण साइकिलों के साथ, भारत के डाकिया फिटनेस, विश्वास और साम. ुदायिक सेवा के शाश्वत प्रतीक बन गए हैं। आज, राष्ट्र ने उनकी विरासत का सम्मान किया और उनके साथ साइकिल चलाई। दिल्ली में जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में सुबह सात बजे आयोजित इस कार्यक्रम में शौकिया साइकिल चालकों और भारतीय डाक अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# विंडीज ने पाक को हराया

● **पाकिस्तान को दो विकेट से हराकर वेंस्टइंडीज ने सीरीज 1-1 से बराबर की**

**लॉडरहिल, वार्ता।** जेसन होल्डर (चार विकेट/16 रन ) के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर वेस्टइंडीज ने रविवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को दो विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबरी कर ली है।

134 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसने 26 के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिये। ऐलेक ऐथनेज (दो) और जेवेल एंड्रयू (12) रन बनाकर आउट हुये। शरफेन रदरफोर्ड (छह),कप्तान शाई होप (21), रॉस्टन चेज (16), केसी कार्टी (तीन) और रोमारियो शेफर्ड (15) रन बनाकर आउट हुये। गुडाकेश मोती ने 20 गेंदों में दो छक्कों और एक चौके की मदद से वेस्टइंडीज के लिए सर्वाधिक 28 रन बनाये। जेसन होल्डर ने 10 गेंदों में एक चौके और एक छक्का लगाते हुए 16 रनों की नाबाद मैच विजयी पारी खेली। होल्डर ने मैच की आखिरी गेंद पर चौका लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। शमार जोसेफ दो रन बनाकर नाबाद रहे।

वेस्टइंडीज ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 135 रन बनाकर दो विकेट से मुक. ाबला जीत लिया। जेसन होल्डर को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद नवाज ने तीन और सैम आयूब ने दो विकेट लिये।

शाहीन शाह अफरीदी और सुफियान मकीम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

# क्रिकेट में निरंतरता के साथ प्रदर्शन बेहद जरूरीः जायसवाल

● **जब मैं बल्लेबाजी करने जाता हूं, तो मेरी कोशिश यही रहती है कि मैदान पर ज्यादा से ज्यादा समय गुजारूं**



**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के खिलाफ ओवल टेस्ट की दूसरी पारी में 118 रनों की पारी खेलकर भारत को एक मजबूत स्थिति में पहुंचाने वाले युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा कि वह अपनी पारी को और बड़ा करना चाहते थे लेकिन अंत में वह अपने प्रदर्शन से संतुष्ट हैं।

जायसवाल ने तीसरे दिन के खेल के बाद मीडिया से कहा कि मैं और बेहतर करना चाहता था, मैं इससे बड़ी पारी खेलना चाहता था। अगर ऐसा होता तो मैं कुछ और भी हासिल कर सकता था। लेकिन ठीक है, मैंने इसके लिए काफी मेहनत की थी और मैं इसका लुत्फ उठा रहा हूं। जब मैं बल्लेबाजी करने जाता हूं तो मेरी कोशिश यही रहती है कि जितना संभव हो सके उतनी देर बल्लेबाजी कर सकूं और मैं अपनी बल्लेबाजी का लुत्फ उठा रहा हूं। जायसवाल ने दो शतक और दो अर्द्धशतक के साथ इस सीरीज में कुल 411 रन बनाए। ओवल में लगाया जायसवाल का शतक इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में उनका चौथा शतक भी है। जायसवाल ने कहा कि सीनियर खिलाड़ियों और कोच से उन्हें यही फीडबैक मिला था कि वह लगातार मेहनत करते रहें और उन्होंने कहा कि वह खुद भी यह मानते हैं कि इस खेल में निरंत. रता के साथ प्रदर्शन करना बेहद जरूरी है। जायसवाल ने कहा कि फीडबैक यही है कि लगातार मेहनत करते रहना है और जैसा कि हम सभी करते हैं। हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करते हैं और हर दिन बेहतर करने का प्रयास करते हैं। मेरा मानना है कि क्रिकेट निरंतरता का खेल है तो हम यह सुनिश्चित करने का पूरा प्रयास करते हैं कि हम अभ्यास सत्रों में कड़ी मेहनत करें। ताकि जब हम मैदान में उतरें तो खेल हमारे लिए आसान हो जाए। हम काफी मेहनत कर रहे थे। हमें पता है कि हम कैसे शॉट्स खेल सकते हैं और मुझे लगता है कि एक ही चीज को लगातार निरंतरता से करता रहना बेहद जरूरी है। जायसवाल का यह पहला इंग्लैंड दौरा भी था और उन्होंने कहा कि इस दौरे से उन्हें बतौर खिलाड़ी काफी कुछ सीखने को मिला है जिन्हें शब्दों में बयां कर पाना मुश्किल है। जायसवाल ने कहा कि मुझे लगता है कि जरूरी यह है कि मैं कैसे चीजों से लड़ता हूं। मेरी मानसिकता यही रहती है कि जैसी भी परिस्थिति सामने हो उनसे लड़ूं और खेल का लुत्फ उठाऊं। मैं अपने आप को यही समझाता हूं कि अंत में यह एक खेल है और इसका लुत्फ उठाना जरूरी है। इस दौरे से मैंने काफी कुछ सीखा है, मैं हर चीज तो नहीं बता सकता लेकिन मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक तौर पर इस सीरीज में मैंने काफी कुछ सीखा है और जिस तरह से मैंने और पूरी टीम ने पिछले दो महीने से मेहनत की है और इंग्लैंड सीरीज का लुत्फ लिया है वो काबिले तारीफ है।

## श्रीशंकर ने जीता कोसानोव मेमोरियल-2025 एथलेटिक्स मीट में लांग जंप का खिताब



**कजाकिस्तान, वार्ता।** भारत के मुरली श्रीशंकर ने कोसानोव मेमोरियल 2025 एथलेटिक्स मीट में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों लॉन्ग जंप का खिताब अपने नाम किया। शनिवार को 26 वर्षीय भारतीय एथलीट ने वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर ब्रॉन्ज लेबल (कैटेगकी सी) मीट में शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए अपने पहले प्रयास में ही 7.94 मीटर की विजयी छलांग लगाई। चोट से वापसी के बाद से यह उनकी तीसरी जीत है। फिलीपींस के जैनरी उबास 7. 53 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि अजरबैजान के नाजिम बाबायेव 7.48 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। पिछले साल अप्रैल में लगी घुटने की चोट से उबरने के बाद श्रीशंकर की यह तीसरी एथलेटिक्स प्रतियोगिता थी। उन्हें सर्जरी करानी पड़ी और इस कारण पिछले साल फ्रांस में होने वाले ग्लोबल ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने के बाद भी

# दारनी गांव की सड़क बनी हादसों का कारण

## ग्रामीणों ने डीएम से की नाले की सफाई की मांग, ग्रामीण भारत की उपेक्षा: विकास के खोखले दावों के बीच जमीनी सच्चाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** जहाँ एक ओर सरकारें और नेता डिजिटल इंडिया, स्मार्ट सिटी जैसे चमकदार सपनों की बात कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर देश के असंख्य ग्रामीण इलाके आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बिजली और जल निकासी जैसी बुनियादी जरूरतें आज भी इन गांवों के लिए एक सपने जैसी हैं।



चन्दौसी तहसील के विकासखंड बनियाखेड़ा के गांव दारनी से होकर गुजरने वाला आसफपुर-बिलारी मार्ग पूरी तरह से टूट चुका है। सड़क के दोनों ओर तालाब हैं और पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है जिस कारण सड़क पर पानी भरा रहता है। राहगीरों को हर दिन जान जोखिम में डालकर इस रास्ते से गुजरना पड़ता है। ई-रिक्शा पलट जाना आम बात हो गई है। हाल ही में रविवार को एक और ई-रिक्शा पलट गया, जिससे कई सवारियों को गंभीर चोटें आईं। ग्रामीणों अमरजीत सिंह, लक्ष्मीचंद्र, अजय, मुनेन्द्र कुमार, अर्चित कुमार, अतर सिंह, राकेश, सोमवीत, दिलीप सिंह, मुनेश कुमार, सचिन कुमार, सुबोध कुमार, राजीव कुमार, भुवनेश, रो. हताश, गजेन्द्र, संजीव पाल, सूरज सिंह, राकेश धनगर ने इस संबंध में जिलाधिकारी संभल को शिकायत पत्र देकर नाला खुलवाने की मांग की है। यह स्थिति केवल एक गांव की नहीं है, बल्कि देश के हजारों गांवों की यही कहानी है। नेता चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे करते हैं: हर घर नल, हर सड़क पक्की, हर गांव में स्वास्थ्य केंद्र लेकिन चुनाव जीतते ही वे अपने वादों को भूल जाते हैं। यह हाल तब है जब केंद्र और राज्य सरकारें अरबों रुपए का बजट ग्रामीण विकास के नाम पर घोषित करती हैं। योजनाएं कागजों में बनती हैं, बजट फाइलों में खर्च होता है और जमीनी हकीकत जस की तस रहती है। ग्रामीण भारत आज भी इंतजार कर रहा है उस 'अच्छे दिन' का जो हर चुनाव में वादा बनकर आता है लेकिन सच्चाई में कभी नहीं उतरता। जब तक नेताओं की जवाबदेही तय नहीं होगी और प्रशासन जनता की सेवा के बजाय सरकार की हां में हां मिलाता रहेगा, तब तक गाँवों की सूरत नहीं बदलने वाली।

# अधिकारियों से सच्चाई छुपा रहा गुमथल का पुरुषोत्तम

## विधवा कमलेश की लाखों रुपये की जमीन को हड़पने की साजिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** गरीबों की कौन सुनने वाला है, दबंग लोग लाखों रुपये की जमीन हड़पने के लिए पूरा षडयंत्र रचते हैं। ऐसा ही एक मामला गुमथल गांव का है जहां विधवा कमलेश का जेठ पुरुषोत्तम गांव के दबंगों के साथ मिलकर जमीन हड़पने में लगा हुआ हैं और स्वयं दोषी होकर अधिकारियों से शिकायत कर रहा हैं परंतु दबंगों का सारा खेल लेखपाल ने बिगाड़ दिया क्योंकि पुरुषोत्तम का एक भाई चंद्रपाल की शादी नहीं हुई थी जिससे पुरुषोत्तम, चंद्रपाल व तीसरा भाई विधवा का पति तथा सास चमेली देवी जिनकी जन्मतिथि 1944 व चंद्रपाल की जन्मतिथि 1959 थी। विकासखंड बनियाखेड़ा के अनुसार, रजिस्टर में मृत्यु 12.01.1999 बतायी गयी। उसी आधार पर दो वर्ष पूर्व हल्का लेखपाल द्वारा फौती दर्ज की गयी। कोई भी लेखपाल बिना मृत्यु प्रमाणपत्र के फोती दर्ज नहीं कर सकता। चंद्रपाल शर्मा की जमीन पुरुषोत्तम व कमलेश के पति के नाम स्थानांतरित हुयी, कमलेश ने लगभग पूरी जमीन एक लाख रु. प्रतिवर्ष उठान पर कमलेश से ले ली पर कमलेश बताती है, उसे गुमथल में मारपीट कर निकाल दिया गया, न ही रुपये मिले। ऐसे में वह बाहर रिश्तेदारी में रहना पड़ रहा है। गरीबी दबंगों के डर के कारण उसे बिसौली क्षेत्र में रहना पड़ रहा है।

सास का मृत्यु प्रमाण बनवाने के लिए उपजिलाधिकारी व बीडीओ के पास गयी परंतु धमकी के कारण गांव में जाने की हिम्मत नहीं जुटा पायी। कमलेश के अनुसार, दो वर्ष पूर्व परेशानी में कुछ जमीन दिल्ली के एक व्यक्ति जो मिथलेश का रिश्तेदार व कुछ हिस्सा लेखपाल वरुण द्वारा दो वर्ष पूर्व क्रय किया गया। चंद्रपाल की मृत्यु के आधार पर फोती दर्ज हुई परंतु पुरुषोत्तम की निगाह मिथलेश की जमीन पर है। उनका कथन है कि चंद्रपाल जिंदा है, लेखपाल ने सांठ गांठ कर इन्दराज करा लिया और जमीन क्रय करने के बाद दाखिल खारिज करा लिया। मजे की बात तो यह है कि अधिकारियों को गुमराह कर लेखपाल की तो गलती बतायी जा रही है पर दिल्ली वाले ने भी विधवा कमलेश की जमीन खरीदी है, उसके खिलाफ कोई शिकायती पत्र किसी अधिकारी को नहीं दिया। केवल ब्लाक बनियाखेड़ा द्वारा चंद्रपाल के मृत्यु प्रमाणपत्र को ही गल ठहराया जा रहा है। पुरुषोत्तम अपने हिस्से का मालिक है, दिल्ली वाला व वरुण अपने जमीन के स्वामी हैं। दोनों के द्वारा कमलेश जिसका मालिकाना है, उसने अपने खाते में रकम लेकर वरुण व दिल्ली वाले व्यक्ति को बैनामा उपनिबंधक कार्यालय में किया है। इधर इस संबंध में उपजिलाधिकारी के न्यायालय में चंद्रपाल के संबंध में वाद चल रहा है।

परंतु कानून से हटकर पुरुषोत्तम व उसका परिवार की निगाहें लेखपाल व कमलेश पर हैं जिसका स्वामित्व होने के बाद भी उसके हिस्से को डकारने का प्रयास कर रहा है। इसके पीछे दलालों का पूरा रैकिट कार्य कर रहा है कि कैसे विधवा कमलेश को जमीन को हड़पा जाए। पूरे मामले की जांच सीओ चन्दौसी द्वारा की जा रही है।

# चन्दौसी के मैन्था व्यापारी रामबाबू को फिल्म में अभिनय करने का मिला मौका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** किसी ने ठीक ही कहा है कि जब संकल्प मजबूत हो, तो कोई भी मंजिध्ल दूर नहीं। मिनी वृंदावन के नाम से प्रसिद्ध चन्दौसी ने कई जाने माने गायक व फिल्मी कलाकार दिये हैं जिसमें गायिका गुल सक्सेना ने मुंबई से लेकर विदेशों तक अपनी गायिकी से लोगों को प्रभावित किया है। चन्दौसी के गणेश कॉलोनी के रहने वाली कथक नर्तक व जूनियर आर्टिस्ट आराध्य सिंह ने लंबे संघर्ष के बाद अपनी जगह बनाई है और कई टीवी सीरियल व फिल्मों में काम किया है। वहीं अब चन्दौसी के पक्का कटरा मौहल्ला के रहने वाले मैंथा व्यवसायी रामबाबू सांवलिया भी अब पर्दे पर अपना भाग्य आजमा रहे हैं। जुलाई माह के अंतिम सप्ताह में रामबाबू द्वारा एक फिल्म में अभिनय किया गया है जिसकी पिथौरागढ़ क्षेत्र में शूटिंग की गयी जिसमें उन्होंने ठेकेदार की भूमिका निभाई है।



रामबाबू ने बताया कि वह बाल्यकाल से ही अभिनेता बनना चाहते थे। यदि जनता का स्नेह मिला तो और अधिक अच्छा प्रदर्शन करने का प्रयास करेंगे।

## हरिद्वार से गंगाजल लेकर आए शिव भक्तों का नगर में भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** मेरी काँवर राष्ट्र के नाम यात्रा के अंतर्गत हरिद्वार से गंगा. जल लेकर लौटे शिव भक्तों का ठाकुरद्वारा नगर में जोरदार स्वागत किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक ठाकुर अजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में पहुँचे कांवड़ियों के जत्थे का सुरजननगर, शरीफनगर, रामनगर, खागूवाला सहित कई स्थानों पर फूलों की वर्षा कर अभिनंदन किया गया।

रविवार को यह कांवड़ यात्रा जब सुरजननगर मार्ग होते हुए नगर में पहुँची तो पूरे रास्ते श्जय भोलेश, श्बम बम भोलेश के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। ढोल-नगाड़ों और भक्ति संगीत के बीच शिव भक्तों ने नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए तहसील परिसर स्थित शिव-हनुमान मंदिर में पहुंचकर विश्राम किया। उन्होंने बताया कि शिव भक्तों के ठहरने और भोजन आदि की समुचित व्यवस्था तहसील परिसर स्थित मंदिर पर की गई है।

# तीन सितम्बर को अमरोहा में होगा वाल्मीकि चेतना दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भावाधस(भीम) का चेतना सम्मेलन दिनांक 03/08/25 को हसनपुर जिला अमरोहा में किया जाएगा। भावाधस(भीम) के राष्ट्रीय प्रमुख वीरेश भीम अनार्य जी ने कहा कि वाल्मीकि समाज को धार्मिक, सामाजिक चेतना पैदा करने के लिए घर-घर में भगवान वाल्मीकि जी की रामायण का प्रचार-प्रसार करना होगा। उन्होंने अमरोहा के देशराज मर्दान को भावाधस(भीम) का पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी बनाने की घोषणा की। राष्ट्रीय संचालक राकेश दानव ने कहा कि कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए मंडल का दौरा किया जाएगा द्य राष्ट्रीय महामंत्री नीरज पाराशर ने कहा कि कौम में धार्मिक, राजनैतिक और सामाजिक चेतना पैदा करने के लिए वीरेश भीम अनार्य जी ने अपना पूरा जीवन कौम को समर्पित कर दिया द्य उनके जन्मदिवस पर ही हर वर्ष वाल्मीकि चेतना सम्मेलन मनाया जाता है।

बैठक में निर्णय लिया गया है कि 7 अक्टूबर 2025 को बड़ी मात्रा में प्रकट दिवस मनाने और नवंबर 2025 को उत्तर प्रदेश में वर्गीकरण लागू करने और प्रकट दिवस पर अवकाश को लेकर लखनऊ में प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रियंका कुमारी को (महिला विंग) का मंडल अध्यक्ष बनाने की घोषणा की गई। बैठक में राष्ट्रीय संचालक राहुल राही, राष्ट्रीय प्रचार मंत्री कैलाश एकलव्य, राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री सतीश पारछे, प्रदेश महासचिव विजय अनार्य, प्रदेश अध्यक्ष यूथ विंग एकलव्य वाल्मीकि, मंडल उपाध्यक्ष गुरमुख भारती, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम शरण करोटिया, मुरादाबाद यूथ विंग जिला अध्यक्ष किलेन्दर वाल्मीकि जिला अध्यक्ष दिलीप वाल्मीकि, मीडिया प्रभारी अभिषेक बाबू,(महिला विंग) से प्रदेश अध्यक्ष रिंकी वाल्मीकि, प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश शीलालेन , जिला अध्यक्ष रितु जैनवाल ,जिला उपाध्यक्ष ज्योति, नगर अध्यक्ष धामपुर नीतू, (यूथ विंग) मीडिया प्रभारी माही वाल्मीकि आदि लोग उपस्थित रहे।

# डीएम-एसएसपी ने बिलारी में कांवड़ियों पर बरसाए फूल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** भारी वर्षा के बावजूद शिव भक्तों के उत्साह में कोई कमी दिखाई नहीं दी बड़ी संख्या में कांवरिये बम बम भोले का उद्घोष करते हुए अपनी मंजिल की ओर बढ़ते रहे नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में अनेक स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। नगर पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ने तहसील परिसर में भंडारे का आयोजन किया यहां नगर पालिका की ओर से क्लीन बिलारी ग्रीन बिलारी को बढ़ावा देने के लिए सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया जिस पर बड़ी संख्या में लोगों ने अपने फोटो खिंचवाए। भंडारे में जिलाधिकारी अनुज सिंह, एसएसपी सतपाल अंतिल, एसपी ग्रामीण कुंवर आकाश भी शामिल हुए और कांवरियों पर फूल बरसाए। एडीएम प्रशासन गुलाबचंद, एसडीएम विनय कुमार सिंह, तहस. ीलदार धीरेश कुमार, सीओ अशोक कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा ने भी फूल बरसाकर कांवरियों का स्वागत किया। यहां व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन विनेश यादव, सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज चौहान, भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता रचित माथुर, परमेश्वर लाल सैनी, सुरेश सैनी, तहसील के अधिवक्ता आदि शामिल रहे। इसके अलावा श्री राम मैरिज होम में महाकालेश्वर सेवा समिति बिलारी द्वारा दसवें विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में शिव भक्तों ने भोले का भंडारा ग्रहण किया। सेवादारी में मैरिज होम के प्रबंधक महेंद्र सिंह के अलावा दक्ष चौधरी राजेश ठाकुर श्री कुमार गुप्ता पिंटू चौधरी बंटी गुप्ता सुधीर कुमार कुलदीप चौधरी जगपाल सिंह संजीव शर्मा गोरेलाल एस कुमार बृजेश शर्मा राजीव भारद्वाज शीलू गुप्ता संजय राणा आदि शामिल रहे।

इसके अलावा सहसपुर में राजमहल के पीछे कमेटी की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बरसात के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ।



# नवमी पर जाहरवीर बाबा के स्थान पर भव्य मेले का आयोजन

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के ग्राम फैजुल्लागंज स्थित खोखरा ताल के पास प्राचीन शिव मंदिर के निकट जाहरवीर बाबा (जाहर दीवान) के पावन स्थल पर नवमी के अवसर पर भव्य मेले का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में दूर-दराज से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुँचे और बाबा के स्थान पर प्रसाद चढ़ाकर अपने परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। श्रद्धालु महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने मेले में पहुंचकर बाबा के स्थान पर श्रद्धा के साथ माथा टेका, मन्नतें मांगी और प्रसाद चढ़ाया। महिलाओं ने मेले में लगी सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों से खूब खरीदारी की, जबकि बच्चों ने झूलों का आनंद लिया और चाट-पकौड़ी जैसे विविध व्यंजनों का स्वाद लिया। मंदिर के महंत दिनेश गिरी महाराज ने बताया कि जाहरवीर बाबा के स्थान पर वर्ष में एक बार नवमी के अवसर पर मेला आयोजित किया जाता है।

श्रद्धालु जन अपनी मनोकामनाएं लेकर यहां आते हैं और जिनकी मुराद पूरी होती है, वे हर वर्ष बाबा के चरणों में माथा टेकने आते हैं।मेले में सजाई गई दुकानों में खिलौने, कपड़े, सौंदर्य प्रसाधन और खान-पान की वस्तुएं प्रमुख रूप से उपलब्ध रहीं। पूरे आयोजन में श्रद्धा, उल्लास और धार्मिक आस्था का माहौल बना रहा। यह धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन न केवल क्षेत्र की परंपराओं को जीवंत रखता है, बल्कि समाज में एकता, सद्भाव और धार्मिक चेतना को भी मजबूती प्रदान करता है।

# नगर में लगा छड़ी मेला, बच्चों ने लिया मेले का आनंद





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** रविवार को छड़ी का मेला नगर पंचायत कार्यालय कुंदरकी स्टेशन रोड रेलवे स्टेशन पर लगा मेले का बच्चों ने आनंद लिया ओर खरीदारी की। बताते चलें बाबा जाहर पीर की छड़ी का पूजन किया जाता है और प्रसार चढ़ाया जाता है सनातन परिवार में शांति खुशहाली एव समृद्धि बनाए रखने की कामना की जाती है छड़ी का मेला तीज पर्व के बाद लगाया जाता है छड़ी मेला कुंदरकी ब्लॉक क्षेत्र के कई गांव में इस मेले को लगाया जाता है मेले में बच्चों के झूले खेल खिलौने मीना बाजार चाट पकौड़ी की दुकान लड्डू जलेबी मिठाई आदि की दुकान लगाई जाती है नगर में बच्चे इस छड़ी का मेला नाम से जानते हैं मेले की अपनी सांस्कृतिक है पहले यहां दूरदराज से ग्रामीण नगर में छड़ियों का मेला देखने आते थे जिसमें पहलवानों का अखाड़ा लगता था वही पतंग के पेच लड़ाए जाते थे आज भी ग्रामीण मेलों में यह चीज देखने को मिलती हैं।

# समाज में बढ़ती बुराईयों को दूर करने पर दिया जोर



**कुंदरकी।** रतनपुर बकेनिया में दावते इस्लामी इन्डिया की जानिब से समाज में बढ़ती हुई बुराईयों को दूर करने के उद्देश्य से गरीब नवाज रीलीफ फाउंडेशन की जानिब से गांव गांव जाकर चौक इज्तेमा के जरिए नोजवानों बुराईयों से बचने और नेकियां करने पर जोर दिया गया संस्था के जिला अध्यक्ष एडवोकेट फुरकान गजाली ने बताया आज कल नोजवान नशा,बे हयाई, और बुरी कामों में व्यस्त हैं हमारा यह उद्देश्य है हर एक नोजवान बुराईयों से दूर रहें नमाज की पाबंदी करें और पड़ लिख कर देश की तरक्की का जरिया बने इस अवसर पर शाकीर अत्तारी शाहदान अत्तारी शाहनवाज अत्तारी नासिर अत्तारी सलीम अत्तारी आदि मौजूद रहे।

# प्रवक्ता के अवकाश आवेदन पर प्रधानाचार्य ने खड़े किए सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** संनातन धर्म हिन्दू इंटर कॉलेज, में कार्यरत अंग्रेजी प्रवक्ता सईदुल जफर द्वारा अर्जित अवकाश लेने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। प्रवक्ता द्वारा जुलाई माह में सात दिवस का अर्जित अवकाश मांगा गया था, जिस पर विद्यालय प्रशासन ने आपत्ति जताते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक से मार्गदर्शन मांगा है।

विद्यालय प्रधानाचार्य द्वारा भेजे गए पत्र में बताया गया है कि श्री जफर जनवरी 2020 से अब तक कुल 37 दिवस का अर्जित अवकाश ले चुके हैं, जो कि निर्धारित सीमा से अधिक है। इसके बावजूद उन्होंने पुन: अवकाश के लिए आवेदन किया है, जबकि उनके खाते में और अवक. ाश शेष नहीं है। विद्यालय स्तर पर जब इस पर आपत्ति की गई तो प्रवक्ता ने इसे जानबूझकर रोके जाने का आरोप लगाया। मामला बढ़ता देख प्रधानाचार्य ने इसे विभागीय अनुशासन से जुड़ा विषय मानते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक को पत्र लिखकर निर्णय की अपेक्षा की है। जिला विद्यालय निरीक्षक देवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए उचित स्तर पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। साथ ही विद्यालय को स्पष्ट किया गया है कि बिना उपलब्ध अवकाश के स्वीकृति नियमों के विरुद्ध होगी।विद्यालय में शिक्षकों और कर्मचारियों के बीच यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। अब देखना होगा कि विभाग इस मामले में क्या रुख अपनाता है।

# व्यापारियों ने बर्तन बाजार में शिव भक्तों का किया स्वागत

**मुरादाबाद।** सावन माह में बर्तन बाजार में कांबड़ियो का जोरदार स्वागत संयुक्त व्यापार मण्डल के अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जोनी के नेतृत्व में किया गया।प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता ने बताया कि हमने सुबह से ही बाजार में शिव भक्तों के लिए पानी की बोतल और पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। उन्होंने बताया कि हम लोग समय समय पर बाजार में कार्यक्रम करते रहते हैं।इस मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जोनी, प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता, उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, गौरव अरुण रस्तोगी, दीपक संदीप खन्ना, विपिन अग्रवाल आदि उपस्थित रहे



# कांवड़ियों को गन्तव्य तक पहुंचाने में किया सहयोग

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद जागरूक समाज के पदाधिकारियों/सदस्यों ने काड़ियों को उनके गन्तव्य तक पहुंचाने में कपूर कम्पनी चौराहे से ताड़ीखाना चौक बुधबाजार चौराहा, गंज गुरहटी होते हुए बारादरी, डिप्टीगंज चौराहा तक यातायात व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग किया। सहयोगकर्ता मुजास अध्यक्ष अतुल जौहरी के साथ राघव गुप्ता, सतेन्द्र शर्मा, पुनीत सक्सेना, अभय गुप्ता, राजीव शर्मा शिवम गुप्ता आदि मुख्य रूप से रहे। मार्ग दर्शक सिराज अहमद रहे।



# चुनावी साख का सवाल

एसआईआर को लेकर न चुनाव आयोग पीछे हटता दिखाई दे रहा है न विपक्ष, संसद भी ठप पड़ी हुई है। वहां पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही, क्योंकि जो विपक्ष चाहता है उस प्रक्रिया पर स्वतंत्र रूप से बहस हो, तो वहीं सत्ता पक्ष चुनाव आयोग को निष्पक्ष संस्था बताकर बहस से पल्ला झाड़ रहा है, उसका कहना है कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक स्वतंत्र संस्था है, उसके ऊपर संसद में बहस नहीं हो सकती। बड़ी अजीबोगरीब गुत्थी उलझी हुई है। इससे स्थिति और जटिल होती जा रही है। कांग्रेस नेता एवं सांसद सौरव गोगोई का कहना है कि सरकार का यह कहना कि चुनाव आयोग किसी विभाग के अंतर्गत नहीं आता, इसलिए इस पर चर्चा नहीं हो सकती बेतुकी बाते हैं। जब मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति पीएम और सरकार करते हैं, तो ऐसे में जवाबदेही भी बनती है। उनका कहना है कि जब विपक्ष यह चाहता है कि मतदाता सूची में संशोधन को लेकर संसद में चर्चा हो तो सरकार क्यों टाल मटोल कर रही है। जाहिर है इससे जनता के मन में चुनाव आयोग की निष्पक्षता को लेकर संदेह पैदा होता है। बात बिल्कुल सही है, आखिर जब विपक्षी दलों और जनता का ही भरोसा चुनाव आयोग पर नहीं रहेगा, तो उसके द्वारा कराए गए चुनाव के परिणामों पर जनता कैसे विश्वास कर पाएगी। निश्चित रूप से इस तरह के हालात से जो स्थिति पैदा होगी वह हमारे लोकतंत्र के लिए बेहद घातक हो सकती है। इस तरह की बातों से लोकतंत्र कदापि मजबूत नहीं होता। भले ही हम इस बात का दंभ भरते रहें कि हम दुनिया में सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश हैं, लेकिन हमारे लोकतंत्र की साख इस तरह की बातों से बुरी तरह प्रभावित होती है। देखने में भी आ रहा है कि चुनाव आयोग कुछ वर्षों से उस तरह काम नहीं कर रहा है जिस तरह एक लोकतांत्रिक देश में करना चाहिए और अब तो हालात ऐसे हो चले हैं कि चुनाव आयोग और तमाम विपक्ष सड़क से लेकर संसद और संसद से लेकर कोर्ट तक हल्ला काटे हुए हैं, लेकिन चुनाव आयोग अपनी बात से टस से मस होता दिखाई नहीं दे रहा है। आखिर कोई भी प्रक्रिया कितनी भी अच्छी और मजबूत क्यों न हो, अगर उसमें लोगों का भरोसा नहीं है तो उसकी अच्छाई और मजबूती का कोई मतलब नहीं रह जाता। चुनाव आयोग को यह समझना ही होगा। चुनाव आयोग की सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है कि वह तमाम राजनीतिक दलों को विश्वास में लेकर आगे बढ़े न कि उनसे उलझे। कोई भी अकेला आदमी सबकुछ ठीक नहीं कर सकता, सबके सहयोग से ही ठीक किया जा सकता है। चुनाव आयोग को किसी का भी प्रतिद्वंद्वी नहीं बनना चाहिए। यही बात सरकार पर भी लागू होती है। सरकार चलाना और चुनाव प्रक्रिया दोनों अलग चीजें हैं। संविधान ने उसे सरकार से पृथक शक्ति इसलिए ही दी थी, ताकि वह किसी के दबाव में काम न करे। आज सबकुछ उलट हो रहा है। सबसे बड़ी खामी तो उस चुनाव प्रक्रिया में आ गई, जिसके तहत मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति होती है। जिस तरह सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को इस प्रक्रिया से बहाल किया गया, यह तभी तय हो गया था कि चुनाव आयुक्त वही बनेगा, जिसे सरकार चाहेगी।

## दुष्कर्मियों को संरक्षण न दें भाजपा सरकारें



जहां भाजपा सरकार है, वहां दुष्कर्म का आंकड़ा बढ़ रहा है और भाजपा की सरकारें इन अपराधों को रोकने में नाकाम हो रही हैं, प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व पीएम एचडी देवगोड़ा के दुष्कर्म के आरोपी पौत्र प्रज्ज्वल रमन्ना के लिए प्रचार कर लोगों से उसे वोट देने की अपील की हैं, श्री मोदी संसद से भागते हैं संसद भवन में होते हुए भी राज्यसभा में ऑपरेशन सिदूर पर चल रही चर्चा में शामिल होने नहीं आते हैं, 19 जुलाई को ओडिशा के पुरी में तीन लोगों ने एक नाबालिग बच्ची का अपहरण किया और उसे जिंदा जला दिया, बच्ची को दिल्ली एम्स लाया गया, जहां उस 15 साल की बच्ची ने दम तोड़ दिया, बच्ची को जलाने वाले कहां हैं, क्या उनकी गिरफ्तारी हुई, तो जवाब मिला कि बच्ची को जलाने में किसी का हाथ नहीं था, ये पुलिस और सरकार की नाकामी है। **–अलका लांबा, अध्यक्ष, महिला कांग्रेस**

# ट्रम्प का टैरिफ जाल, यहूदी बैंकिंग लॉबी और तीसरे विश्वयुद्ध की आहट






अर्थव्यवस्था युद्ध बन चुकी है, और कर्ज नए टैंक हैं। यह बात सिर्फ एक मुहावरा नहीं है, बल्कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की उस रणनीति का सार है, जिसे दुनिया अब धीरे-धीरे समझ रही है।

**ट्रंप की टैरिफ थ्रेट नीति**

यानी जो देश चीन या ब्रिक्स की ओर झुके, उन पर भारी व्यापारिक कर लगाओ यह केवल वाणिज्यिक हथियार नहीं, बल्कि IMF और वर्ल्ड बैंक के पुराने औपनिवेशिक वित्तीय मॉडल का नया संस्करण है। ट्रंप और उनके सलाहकार जानते हैं कि अमेरिकी बाजार को खो देना, अमेरिका की आधी शक्ति को गंवा देना है। इसलिए जो देश डॉलर से हटकर युआन, रुपये या डिजिटल ब्रिक्स मुद्रा की तरफ बढ़ते हैं, उन्हें कर्ज, प्रतिबंध, या युद्ध की धमकी के जरिए वापस खींचा जा रहा है।

आज अमेरिका और यूरोप के औद्योगिक क्षेत्र तेजी से पराजय की ओर बढ़ रहे हैं। जर्मनी की कार फैक्ट्रियां एशिया की सस्ती बैटरी से हार रही हैं, ब्रिटेन की स्टील मिलें सस्ते रूसी-चीन उत्पादों से जूझ रही हैं। ऐसे में ट्रंप की टैरिफ रणनीति असल में वक्त खरीदने की कोशिश है ताकि अमेरिका नए उत्पादन हब तैयार कर सके, और ब्रिक्स की गति को धीमा किया जा सके, लेकिन महंगाई, डॉलर के लिए अब सबसे बड़ा खतरा बन चुकी है। अमेरिकी घरेलू बाजार की महंगाई ट्रंप की नीति का सबसे आत्मघाती परिणाम साबित हो रही है, जिसका आर्थिक व राजनीतिक नुकसान अमेरिका को ही झेलना पड़ेगा।

**कर्ज और कब्जा-ट्रंप और यहूदी बैंकिंग लॉबी का समझौता**

सूत्रों के अनुसार, ट्रंप ने अपनी चुनावी तैयारियों और निजी परियोजनाओं के लिए यहूदी बैंकिंग परिवारों जैसे रोथसचाइल्ड और गोल्डमैन सैक्स नेटवर्क से भारी कर्ज लिया। इस कर्ज को फिलिस्तीन पर कब्जे और पश्चिम एशिया में इजराइली वर्चस्व की गारंटी के बदले माफ करने की योजनाएं बनाई गईं, लेकिन यही सौदा अमेरिका के दीर्घकालिक हितों के खिलाफ जाता दिखाई दे रहा है, क्योंकि अब ईरान, और यमन के हूथी, इजराइल के खिलाफ एकीकृत मजबूत मोर्चा साबित हो रहे हैं और रूस-चीन इन सभी प्रतिरोधी शक्तियों को प्रत्यक्ष या परोक्ष समर्थन दे रहे हैं। ऐसे में फिलिस्तीन को कुचलने की यह कोशिश, वैश्विक दक्षिण Global South को अमेरिका से और दूर कर रही है।

**सूत्रों के अनुसार, ट्रंप ने अपनी चुनावी तैयारियों और निजी परियोजनाओं के लिए यहूदी बैंकिंग परिवारों जैसे रोथसचाइल्ड और गोल्डमैन सैक्स नेटवर्क से भारी कर्ज लिया। इस कर्ज को फिलिस्तीन पर कब्जे और पश्चिम एशिया में इजराइली वर्चस्व की गारंटी के बदले माफ करने की योजनाएं बनाई गईं, लेकिन यही सौदा अमेरिका के दीर्घकालिक हितों के खिलाफ जाता दिखाई दे रहा है, क्योंकि अब ईरान, और यमन के हूथी, इजराइल के खिलाफ एकीकृत मजबूत मोर्चा साबित हो रहे हैं और रूस-चीन इन सभी प्रतिरोधी शक्तियों को प्रत्यक्ष या परोक्ष समर्थन दे रहे हैं। ऐसे में फिलिस्तीन को कुचलने की यह कोशिश, वैश्विक दक्षिण Global South को अमेरिका से और दूर कर रही है।**

तीसरे विश्व युद्ध की भूमिका-1945 की पुनरावृत्ति उलटी दिशा में। 1945 में अमेरिका ने हिरोशिमा-नागासाकी में परमाणु हमला कर दुनिया को अमेरिकी राज के अधीन कर दिया था, लेकिन अब, इतिहास पलट रहा है। अगर तेल अवीव-लंदन लॉबी और यहूदी वित्तीय अभिजात वर्ग ने ट्रंप के जरिए रूस-चीन को तीसरे विश्व युद्ध में घसीट लिया। तो यह नया 1945 बन सकता है, लेकिन इस बार रूस और चीन का अधिपत्य होगा, क्योंकि यूक्रेन में रूस ने नाटो के हथियारों को थका दिया, और गाजा में इजराइल की सैन्य अपराजेयता का भ्रम टूट गया। अब चीन और रूस के पास नए हथियार नई तकनीक और नई वैचारिक धार है, जो पश्चिम के मूल्य आधारित व्यवस्था को मटियामेट कर सकती है।

ब्रिक्स अब यह समझ चुका है कि युद्ध केवल गोली से नहीं, ऋण और व्यापार से भी लड़ा जा रहा है, यदि ब्रिक्स में कोई देश बना रहना चाहता है या शामिल होना चाहता हो तो उसे अपनी मुद्रा, अपने बाजार, और अपने गठबंधनों को धार्मिक-मूल्य आधारित युद्धों से दूर रखना होगा और अरब किंगडम्स को भी समझना होगा कि इजराइल की रक्षा के लिए अमेरिका अब विश्वसनीय छतरी नहीं है, क्योंकि अब छत्र बन चुका है चीन-रूस, जो दुनिया को न केवल हथियारों में, बल्कि विचारों में भी पुन बदलाव का मौका दे रहा है।

..........................................................

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्व की राजनीति और कूटनीतिक चालों पर बारीक नजर रखते हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

# छाया मंत्रिमंडल: विपक्ष की राजनीति में जिम्मेदारी

**यह दृष्टिकोण आलोचना से कहीं आगे जाकर जनता को यह भरोसा दिलाता है कि विपक्ष न केवल विरोध कर रहा है, बल्कि शासन की जिम्मेदारी के लिए भी तैयार है। केवल उत्तर प्रदेश ही नहीं, बिहार में राष्ट्रीय जनता दल, तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक, पश्चिम बंगाल में भाजपा, केरल में कांग्रेस गठबंधन इन सभी राज्यों में विपक्ष के बड़े दल हैं। इन राज्यों में भी विपक्ष अपने-अपने स्तर पर छाया मंत्रिमंडल का गठन करके यह दर्शा सकता है कि वह राज्य की जनता के लिए केवल नारे नहीं, समाधान भी प्रस्तुत कर सकता है।**




लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबी यह है कि उसमें सत्ता का कोई रूप स्थाई नहीं होता। कल जो विपक्ष में था, वह आज सरकार चला सकता है और जो सरकार में है, वह कल विपक्ष की भूमिका निभा सकता है, लेकिन इस आवागमन का आधार केवल विरोध नहीं, बल्कि विकल्प होना चाहिए। एक रचनात्मक विकल्प, जो यह दिखा सके कि विपक्ष यदि आज सत्ता में होता, तो वह जनता की समस्याओं को कैसे हल करता। इसी जरूरत को दुनिया के कई परिपक्व लोकतंत्रों ने एक सुव्यवस्थित तरीके से समझा और उसे अपनाया छाया मंत्रिमंडल या शैडो केबिनेट के रूप में।

छाया मंत्रिमंडल का विचार पहली बार औपचारिक रूप से ब्रिटेन में स्थापित हुआ। वहां की संसदीय प्रणाली में, जब कोई पार्टी सत्ता में आती है, तो मुख्य विपक्षी दल अपने वरिष्ठ नेताओं को सरकारी मंत्रालयों के समकक्ष श्छाया मंत्रीश के रूप में नियुक्त करता है। जैसे सरकार का एक गृह मंत्री होता है, वैसे ही विपक्ष का 'शैडो होम सेक्रेटरी' होता है। यह छाया मंत्री न केवल संबंधित विभाग की नीतियों और फैसलों की निगरानी करता है, बल्कि लगातार यह बताता भी है कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में होती, तो वह इन मुद्दों को कैसे हल करती।

ब्रिटेन में लेबर पार्टी और कंजरवेटिव पार्टी के बीच सत्ता का आना-जाना आम बात है, और छाया मंत्रिमंडल की यह प्रणाली इस लोकतांत्रिक परिपक्वता की रीढ़ बन गई है। यह केवल एक संस्थागत परंपरा नहीं है, बल्कि यह लोकतंत्र में जवाबदेही की एक सशक्त मिसाल है। इस परंपरा के कारण विपक्ष केवल आलोचक नहीं, बल्कि संभावित प्रशासक की भूमिका में रहता है। और यही उसे जनता के बीच एक विकल्प के रूप में स्थापित करता है। इसी प्रकार ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, मलेशिया और जमैका जैसे देशों में भी छाया मंत्रिमंडल की परंपरा मौजूद है। इनमें से अधिकांश देशों ने ब्रिटिश संसदीय प्रणाली को आधार मानकर यह प्रणाली अपनाई है। इन देशों में जब सरकार बदलती है, तो अक्सर छाया मंत्रिमंडल के प्रमुख सदस्य ही नए मंत्रिमंडल में असली मंत्री बन जाते हैं। इस प्रकार छाया मंत्रिमंडल न केवल शासन की तैयारी करता है, बल्कि जनता को यह भरोसा भी देता है कि विपक्ष जिम्मेदार और तैयार है।

भारत में अब तक छाया मंत्रिमंडल का कोई औपचारिक ढांचा नहीं बन पाया है। संविधान में इसकी कोई व्यवस्था नहीं है, और न ही संसद में इसके लिए कोई अधिकारिक प्रक्रिया है। विपक्षी दल कभी-कभार किसी मसले पर प्रवक्ता नियुक्त करते हैं, या कुछ नेता कुछ विषयों पर ज्यादा मुखर होते हैं, लेकिन इसे संगठित और नीति-आधारित ढांचे का स्वरूप नहीं मिल पाता। यह स्थिति उस समय और विडंबनापूर्ण लगती है जब हम देखते हैं कि हमारे देश में नीतिगत विमर्श की जगह बयानबाजी, विरोध, सड़कों पर प्रदर्शन और संसद में हंगामे ने ले ली है। विपक्ष के पास न केवल यह अधिकार है कि वह सरकार की आलोचना करे, बल्कि यह जिम्मेदारी भी है कि वह जनता को यह दिखाए कि उसका दृष्टिकोण क्या है, उसका समाधान क्या है। और इस जिम्मेदारी को निभाने के लिए छाया मंत्रिमंडल एक अत्यंत प्रभावी साधन हो सकता है।

उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी सबसे बड़ा विपक्षी दल है। पिछले कई वर्षों से वह सत्ता से बाहर है, लेकिन इस दौरान उसने नीतिगत विपक्ष के रूप में अपनी छवि को बहुत कम ही निखारा है। उदाहरण के लिए, वर्तमान समय में प्रदेश में माध्यमिक स्कूलों की बंदी, निजी विद्यालयों की मनमानी फीस, और ग्रामीण शिक्षा की दयनीय स्थिति जैसे मुद्दे उभरकर सामने आए हैं। अगर समाजवादी पार्टी अपना छाया शिक्षा मंत्री नियुक्त करती, और यह बताती कि उनकी सरकार होती तो वे शिक्षा व्यवस्था को किस रूप में संचालित करते, तो जनता को एक वैकल्पिक मॉडल देखने को मिलता। ऐसे ही प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी, किसान आत्महत्याएं, नगर निकायों की अराजकता, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर भी छाया मंत्रिमंडल के माध्यम से विपक्ष अपनी नीतिगत सोच को सामने ला सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जिसका दोस्त अमेरिका, उसे दुश्मन की क्या जरूरत

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प शांति का नोबल पुरस्कार लेने की फिराक में तो जरूर हैं परन्तु उनके फैसले व बयानों से यही नजर आ रहा है गोया उन्होंने पूरे विश्व को अशांत व विचलित करने का ठेका ले रखा है। खासकर चूंकि वे स्वयं एक व्यवसाई पृष्ठभूमि से सम्बन्ध रखते हैं इसलिए उनके अनेक फैसलों व बयानों में व्यवसायिकता का भाव साफ देखने को मिलता है।

इत्तेफाक से यही डोनाल्ड ट्रम्प 2017 से 2021 के अपने पहले कार्यकाल के दौरान झूठ बोलने व भ्रामक दावे करने का भी श्विश्व कीर्तिमान श बना चुके हैं। अमेरिकी प्रतिष्ठित समाचार पत्र वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल में कुल 30,573 झूठे या भ्रामक दावे किए थे। यानी उन्होंने औसतन प्रतिदिन लगभग 21 झूठे दावे किए थे। 2021 में राष्ट्रपति भवन से उनकी बिदाई कितनी हिंसक व शर्मनाक थी यह भी दुनिया ने देखा था।

बहरहाल उनकी दक्षिणपंथी सोच के चलते एक बार फिर अमेरिकी जनता ने उन्हें निर्वाचित कर लिया है परन्तु इस बार वे कुछ अलग ही अवतार में नजर आ रहे हैं। जहां वे विश्व शांति दूत बनने की फिराक में युद्ध रत देशों के बीच युद्ध विराम करने वाले एक महान शांतिप्रिय नेता के रूप में स्वयं को स्थापित करना चाह रहे हैं वहीं अपनी व्यवसायिक मानसिकता के कारण वे युद्धग्रस्त देशों को शस्त्रों की आपूर्ति करने में भी पीछे नहीं हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने अपने इस दूसरे कार्यकाल में टैरिफ बम छोड़ कर भी अनेक देशों को



विचलित कर दिया है। खबरों के अनुसार राष्ट्रपति ट्रंप अब तक 92 देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा कर चुके हैं जो संभवतः 7 अगस्त 2025 से लागू होंगे। विभिन्न देशों पर अलग-अलग कारणों से टैरिफ लगाने के अतरिक्त इसी सन्दर्भ में पिछले दिनों उन्होंने भारत व रूस को लेकर जो गैर जिम्मेदाराना बातें कहीं वह पूरी तरह असत्य व असभ्य थीं।

राष्ट्रपति ट्रंप ने 30 जुलाई 25 को सोशल मीडिया पर भारत और रूस की अर्थव्यवस्थाओं को मृत अर्थव्यवस्था कह डाला। उन्होंने भारत से आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ और रूस से तेल व सैन्य उपकरणों की खरीद के लिए भारत पर अतिरिक्त जुर्माना लगाने तक की घोषणा कर डाली। यह कदम भारत और रूस के बीच गहरे व्यापारिक और रणनीतिक संबंधों, विशेष रूप से रूस से भारत के तेल आयात और सैन्य खरीद के कारण उठाया गया। ट्रंप की सोच है कि भारत और रूस के बीच गहरे व्यापारिक और रणनीतिक संबंध अमेरिका के व्यापारिक हितों के खिलाफ हैं। ट्रंप ने भारत और रूस को ब्रिक्स समूह का हिस्सा होने के कारण भी निशाना बनाया, जो अमेरिकी डॉलर को वैश्विक व्यापार में चुनौती देता है।

इसी सन्दर्भ में ट्रंप ने भारत और रूस की रणनीतिक साझेदारी, खासकर रूस से तेल और हथियारों की खरीद को लेकर तंज कसते हुए कहा कि उन्हें परवाह नहीं कि भारत रूस के साथ क्या करता है, लेकिन दोनों देश अपनी मृत अर्थव्यवस्थाओं को और नीचे ले जा सकते हैं। यह बयान भारत के रूस के साथ संबंधों को लेकर अमेरिका की नाराजगी को दर्शाता है, विशेष रूप से जब अमेरिका, रूस-यूक्रेन युद्ध में रूस को अलग-थलग करने की कोशिश कर रहा है। भारत ने भले ही मृत अर्थव्यवस्था Dead economy बताने पर ट्रंप को कोई माकूल जवाब नहीं दिया परन्तु रूसी सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष और पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने जरूर ट्रंप को धमकी भरा जबरदस्त जवाब दे दिया। मेदवेदेव ने अपने टेलीग्राम चैनल पर लिखा कि ट्रम्प को अपनी पसंदीदा फिल्म द वॉकिंग डेड याद करनी चाहिए और यह सोचना चाहिए कि डेड हैंड कितना खतरनाक हो सकता है। दरअसल डेड हैंड शीत युद्ध के दौरान सोवियत संघ की एक स्वचालित परमाणु हथियार नियंत्रण प्रणाली थी, जो बड़े पैमाने पर रूसी नेतृत्व के नष्ट होने पर भी स्वचालित रूप से परमाणु हमला शुरू कर सकती है। मेदवेदेव ने ट्रम्प को साफ शब्दों में चेतावनी दी कि रूस की ताकत को कम न आंकें। मेदवेदेव की यह चेतावनी ट्रंप के रूस और भारत की अर्थव्यवस्थाओं को मृत करार देने तथा यूक्रेन युद्ध को 10 दिन में समाप्त करने की समय सीमा निर्धारित करने के जवाब में थी।

उधर राष्ट्रपति ट्रंप ने भी पूर्व रूसी राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव की डेड हैंड चेतावनी के जवाब में रूस के निकटवर्ती क्षेत्रों में दो परमाणु पनडुब्बियों को तैनात करने का आदेश दे दिया है। ट्रंप ने मेदवेदेव के कथित भड़काऊ बयानों का हवाला देते हुए कहा कि यह कदम एहतियाती है ताकि ऐसी बयानबाजी को नियंत्रित किया जा सके। हालांकि, ट्रंप ने यह साफ नहीं किया कि यह पनडुब्बियां परमाणु हथियारों से लैस हैं या केवल परमाणु ऊर्जा से संचालित हैं परन्तु ट्रंप की इस घोषणा ने पूरे विश्व को चिंतित जरूर कर दिया है। रूस की ओर से भी यह बता दिया गया है यह दोनों ही अमेरिकी पनडुब्बियां उसके निशाने पर हैं। गोया दोनों देशों के बीच तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। सवाल यह कि राष्ट्रपति ट्रंप को किसी देश की अर्थ व्यवस्था को मृत अर्थव्यवस्था कहने का क्या अधिकार है? वैसे भी विश्व बैंक, आईएमएफ सहित और भी कई अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के अनुसार 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.3-6.7 प्रतिशत अनुमानित की है। यह जीडीपी वृद्धि दर अमेरिका की 1.9 प्रतिशत की तुलना में कहीं ज्यादा है। इन आंकड़ों से ही पता चलता है कि भारत की अर्थव्यवस्था मृत नहीं बल्कि जीवंत है और साथ ही यह प्रति व्यक्ति आय कम होने के बावजूद यह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से भी एक है। सच पूछिए तो आज यूक्रेन भी जिस बुरे दौर से गुजर रहा है उसका कारण भी




यूक्रेन को दिया जाने वाला अमेरिकी व नाटो समर्थन ही है। यानी यूक्रेन, अमेरिका की दोस्ती का नतीजा भुगत रहा है और अमेरिका यूक्रेन का साथ देने के बजाए इसमें भी व्यवसाय कर रहा है। इसी तरह पिछले दिनों ईरान ने अमेरिका के घनिष्ठ मित्र देश इस्राईल को धूल चटा डाली। हां, युद्ध के आखरी दिनों में अमेरिका ने ईरान में मामूली बंबारी कर इस्राईल को यह जरूर जता दिया कि घबराओ मत, हम तुम्हारे साथ हैं परन्तु तब तक ईरान ने तेल अवीव के बड़े हिस्से को खंडहर बना दिया था। इसी तरह याद कीजिए 1971 के वह दिन जब अमेरिका ने पाकिस्तान को सैन्य सहायता के रूप में अपना सातवां युद्ध पोत भेजने का दिलासा दिया था। वह सातवां बेड़ा तो पहुंचा नहीं परन्तु इंदिरा गांधी के सबल व कुशल नेतृत्व में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के दो टुकड़े जरूर कर दिए। आज फिर अमेरिका उसी भारत विरोधी पाकिस्तान को हर तरह से शह देने की नीति पर चल रहा है। ऐसे अनेक उदाहरण हैं जिनसे यह साबित होता है कि जिसका दोस्त अमेरिका हो उसे दुश्मन की जरूरत ही क्या है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## अमेरिकी राष्ट्रपति का अजब-गजब अंदाज

# ट्रम्प-फोबिया

## 194 दिनों में अपने ही 34 फैसले पलटे

- टैरिफ से जुड़े 28 फैसलों पर लिया यू-टर्न
- कोर्ट 200 से ज्यादा फैसलों पर लगा चुका है रोक
- यूक्रेन और गाजा को लेकर भी अनिश्चितता बरकरार

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को सत्ता में आए 194 दिन ही हुए हैं, लेकिन उनका यह कार्यकाल उथल-पुथल और यू-टर्न से भरा नजर आ रहा है। सबसे ज्यादा अस्थिरता टैरिफ नीतियों में दिखी है। अब तक ट्रम्प टैरिफ से जुड़े 28 फैसलों पर यू-टर्न ले चुके हैं। ट्रम्प प्रशासन ने अब तक रिकॉर्ड 178 एग्जीक्यूटिव आर्डर साइन किए हैं, यानी हर एक दिन लगभग एक नया आदेश दिया है।

इनमें से 34 फैसले ऐसे हैं जो खुद ट्रम्प ने पलटे हैं। उदाहरण के तौर पर, रिसर्च फंडिंग पर रोक के आदेश को महज 3 दिन में ही पलटा गया। गैस और ऊर्जा क्षेत्र में दी गई राहतों को वापस लेने के फैसले पर भी दो हफ्ते बाद यू-टर्न ले लिया। अवैध प्रवासियों पर क्रैकडाउन से लेकर, टैरिफ और एलजीबीटीक्यू के अधिकारों तक, ट्रम्प ने अपने आदेशों से कई बार यू-टर्न लिया है। ट्रम्प के यू-टर्न के चलते सबसे ज्यादा भ्रम इंडस्ट्री वर्ल्ड में है। ट्रम्प ने राष्ट्रपति की शपथ लेने के बाद सोमवार देर रात कई एग्जीक्यूटिव आर्डर पर दस्तखत किए थे। इन फैसलों की तेजी और विरोधाभास का नतीजा यह है कि अदालतों में ट्रम्प प्रशासन के आदेशों के खिलाफ केस की बाढ़ आ गई है। अमेरिका की संघीय अदालतों पर अचानक फैसला-पलटने और कानूनी विरोध का दबाव बढ़ गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रम्प ने 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' के नाम पर जो फैसले लिए, उन पर यू-टर्न लेकर प्रशासन को उलझन और जनता को भ्रम की स्थिति में डाल दिया है। ट्रम्प के बिना सोचे-समझे लिए फैसलों पर कोर्ट भी सख्त है। कोर्ट अब तक ट्रम्प प्रशासन के आदेशों के खिलाफ दायर याचिकाओं में 200 से ज्यादा मामलों पर स्टे लगा चुका है। इनमें से अधिकांश केस में संघीय अदालतों ने हस्तक्षेप कर नीतियों को असंवैधानिक या जल्दबाजी में लिया गया पाया। उदाहरण के तौर पर बर्थ-राइट सिटिजनशिप को समाप्त करने की कोशिश पर कई फेडरल जजों ने तत्काल रोक लगा दी।



### गाजा में 24 घंटे में युद्ध खत्म करने का किया था वादा

**डोनाल्ड** ट्रम्प ने गाजा युद्ध को 24 घंटे में खत्म करने को वादा किया था पर राष्ट्रपति बनने के 6 माह बाद भी रोक नहीं पाए। चार फरवरी को गाजा के नागरिकों के पुनर्वास की बात कही। 21 फरवरी को कहा, मैंने ऐसा नहीं कहा। 12 मार्च को फिर पलटे। डिपोर्टेशन-22 जनवरी को अवैध प्रवासियों के डिपोर्टेशन का आदेश दिया।

## इजरायली मंत्री ने अल-अक्सा में की प्रार्थना

**तेल अवीव।** इजरायल के सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-ग्विर ने रविवार को यरुशलम में अल-अक्सा मस्जिद के कैंपस में जाकर प्रार्थना की। एक यहूदी संगठन ने इसका वीडियो जारी किया, जिसमें ग्विर कुछ लोगों के साथ मस्जिद कैंपस में घूमते और प्रार्थना करते नजर आए। मक्का और मदीना के बाद अल-अक्सा इस्लाम की तीसरी सबसे पवित्र मस्जिद है। नियमों के मुताबिक, यहूदी लोग यहां जा सकते हैं, लेकिन प्रार्थना नहीं कर सकते।

सोशल मीडिया पर विवाद बढ़ता देख इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ये नियम नहीं बदले हैं और न ही बदलेंगे। बेन-ग्विर का यह दौरा 'तिशा बाव' के दिन हुआ, इस दिन यहूदी लोग प्राचीन मंदिरों के तबाही की याद में उपवास करते हैं। बेन-ग्विर ने कहा कि उन्होंने गाजा में हमास के खिलाफ इजरायल की जीत और बंधकों की रिहाई के लिए प्रार्थना की। उन्होंने गाजा पर पूरी तरह कब्जा करने की मांग भी दोहराई। इस परिसर की देखभाल करने वाली संस्था ने बताया कि बेन-ग्विर सहित 1250 लोग वहां गए और कुछ ने प्रार्थना की, नारे लगाए और डांस किया। वहीं, फलस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास के प्रवक्ता नबील अबू रुदैन ने इस दौरे की निंदा की और इसे 'सारी हदें पार करने वाला' बताया। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय, खासकर अमेरिका से दखल देने और गाजा युद्ध रोकने की मांग की। अल-अक्सा मस्जिद येरुसलम में स्थित है। जार्डन की एक धार्मिक संस्था इस मस्जिद कैंपस को संभालती है। 1967 में इजरायल जंग के बाद जार्डन और इजरायल के बीच एक समझौता हुआ था। इसमें तय हुआ था कि अल-अक्सा मस्जिद के भीतर के मामलों पर जार्डन के इस्लामिक वक्फ ट्रस्ट का कंट्रोल रहेगा।

> ■ अल-अक्सा इस्लाम की तीसरी सबसे पवित्र मस्जिद, यहां यहूदियों के प्रार्थना करने पर रोक, बेन-ग्विर इजरायल के सबसे विवादित नेता



कुलगाम। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले के अखल वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच जारी मुठभेड़ के बीच सतर्कता बरतते सुरक्षाकर्मी।

## सिडनी में फलस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन में असांजे शामिल हुए: रिपोर्ट

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई कार्यकर्ता और विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे रविवार को सिडनी में फलस्तीनी के समर्थन में आयोजित एक व्यापक प्रदर्शन में शामिल हुए। समाचार पत्र द सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड की रिपोर्ट के अनुसार सिडनी के लॉर्ड मेयर क्लोवर मूर और पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी क्रेग फोस्टर सहित हज़ारों प्रदर्शनकारियों ने फलस्तीनी लोगों के समर्थन में सिडनी हार्बर ब्रिज पर शांतिपूर्वत तरीके से इस प्रदर्शन का आयोजन किया। मेलबर्न में 25000 लोगों के इस फलस्तीनी समर्थक रैली में शामिल होने की रिपोर्टें हैं। गौरतलब है कि पिछले माह के अंत में, ऑस्ट्रेलिया सहित 15 देशों के विदेश मंत्रियों ने फ्रांस और सऊदी अरब की सह-अध्यक्षता में आयोजित एक सम्मेलन के बाद फलस्तीनी को औपचारिक रूप से मान्यता देने का आह्वान किया था। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने 25 जुलाई को, घोषणा की थी कि फ्रांस सितम्बर में संयुक्त राष्ट्र महासभा में फलस्तीनी को आधिकारिक रूप से मान्यता प्रदान करेगा।

## गाजा में भुखमरी व नरसंहार को लेकर विरोध प्रदर्शन

### प्रदर्शन के दौरान महिलाएं मुंह पर टेप लगाकर हाथों में तख्तियां लेकर समुद्र के किनारे खड़ी थी

**केप टाउन।** दक्षिण अफ्रीका की राजधानी केप टाउन में महिलाओं ने मदर्स4गाजा के बैनर तले मौन विरोध प्रदर्शन किया और गाजा में भुखमरी तथा नरसंहार की निदा की। प्रदर्शन के दौरान महिलाए मुंह पर टेप लगाकर समुद्र के किनारे खड़ी थीं और उनके हाथों में तख्तियां थीं जिन पर सामूहिक रूप से 'नरसंहार रोको' लिखा था।

कुछ महिलाओं के हाथों में दुर्बल बच्चों और वयस्कों की तस्वीरें थीं जो कथित तौर पर भोजन और मानवीय सहायता पर इज़रायली नाकेबंदी के कारण भूख से मर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि विरोध प्रदर्शन का उद्देश्य गाजा में चल रहे मानवीय संकट की ओर ध्यान आकर्षित करना और फलस्तीनी माताओं और बच्चों के साथ एकजुटता व्यक्त करना था। मदर्स4गाज़ा की सदस्य आइ. रीन नाइट ने कहा कि वे फलस्तीनी में माताओं और बच्चों के साथ एकजुटता दिखाना चाहती हैं। फलस्तीनी में बहुत तबाही हुई है। बमबारी और भुखमरी हुई है-ये सब इज़रायली शासन के कारण हुआ है' उन्होंने कहा 'लेकिन दुनिया में इसे रोकने की कोई जल्दी नहीं दिखती और हम इसका विरोध करने यहां आए हैं।' उन्होंने पश्चिमी देशों की सरकारों से इज़रायल को धन और हथियार देना बंद करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जो सरकारें और संस्थाएं चुप रही हैं और इसमें शामिल रही हैं, उन्हें कार्रवाई करनी चाहिए। इस नरसंहार को रोकना होगा। इज़राइल को फलस्तीनी का विनाश करने से रोका जाना चाहिए।



## गाजा में भुखमरी व हिंसा की दोहरी मार

**गाजा पट्टी।** गाजा में मानवीय संकट अब और भयावह हो गया है। इजरायली फायरिंग में कम से कम 18 फलीस्तीनियों की मौत हो गई, जिनमें आठ लोग केवल भोजन लेने के लिए मदद केंद्र पर पहुंचे थे। यह गोलीबारी उस समय हुई जब लोग गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन के वितरण केंद्र के पास खाद्य सहायता पाने के लिए जुटे थे। वितरण केंद्र के वितरण स्थल के पास सहायता मांगने आए याहिया यूसुफ ने बताया कि उन्होंने तीन लोगों को गोली लगने के बाद बाहर निकाला। उन्होंने कहा कि यह अब रोज की कहानी बन गई है।

हर दिन यहां खून और लाशें दिखती हैं। वहीं, एक अन्य व्यक्ति आबेद सलाह ने कहा कि वे सैनिकों के पास भी नहीं गए थे, फिर भी उन पर फायरिंग हुई। गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन ने आरोपों से इन्कार करते हुए कहा कि उनके साइट के पास ऐसी कोई घटना नहीं हुई। इजरायल की सेना का भी दावा है कि उन्होंने केवल चेतावनी स्वरूप फायरिंग की। लेकिन संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट कहती है कि 27 मई से 31 जुलाई तक गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन केंद्रों के पास 859 लोग मारे गए और सैकड़ों अन्य खाद्य काफिलों के रास्तों में जान गंवा चुके हैं। वहीं, इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 10 अन्य लोगों की मौत हुई, जिनमें एक ही परिवार के पांच सदस्य शामिल थे। यह हमला देइर अल-बलाह और जवादिया के बीच एक घर पर हुआ, जिसमें दो माता-पिता और उनके तीन बच्चे मारे गए। इसके साथ ही खान यूनिस के पास एक टेंट पर हमला कर मां-बेटी को भी मौत के घाट उतार दिया गया। गाजा में राहत सामग्री पहुंचाने के लिए कई देश अब हवाई ड्राप का सहारा ले रहे हैं।

> ■ भूख मिटाने गए लोगों पर इजरायल सेना ने बरसाई गोलियां 18 नागरिकों की मौत

## संक्षिप्त समाचार

### मेक्सिको के ओक्साका में भूकंप के झटके

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के ओक्साका में भूकंप के झटके महसूस किए गए है। जीएफजेड जर्मन भूविज्ञान अनुसंधान केंद्र ने यह जानकारी दी है। केन्द्र ने बताया कि ओक्साका में अंतर्राष्ट्रीय समयानुसार 17:58: बजे पर आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.8 मापी गई। भूकंप का केंद्र 17.54 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 95.96 डिग्री पश्चिमी देशांतर पर 10 किमी की गहराई पर था।

### चीन: इमारत में आग लगने से पांच की मौत

**नानर्निंग।** दक्षिण चीन के गुआंग्शी झुआंग क्षेत्र के वुझोउ शहर में रविवार सुबह एक आवासीय इमारत में आग लगने से पाँच लोगों की मौत हो गई। जिला आपातकालीन प्रबंधन ब्यूरो सूत्रों ने बताया कि शहर के लोंगक्सू जिले में एक पांच मंजिला इमारत के भूतल पर सुबह लगभग 8:30 बजे आग लग गई। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है। सूत्रों ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियों ने मौके पर पहुंच कर आग बुझाने का काम शुरू कर दिया।

### रूस ने यूक्रेन के 41 ड्रोन मार गिराए

**मास्को।** रूस के वायु रक्षा बलों ने चार घंटे से भी कम समय में कई क्षेत्रों में यूक्रेन के 41 ड्रोन मार गिराए। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कल देर रात यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा रूस समयानुसार रात आठ बजे से 11:25 बजे के बीच इन ड्रोनों को मार गिराया गया।

### पाक में पुलिस चौकी पर आतंकी हमला

**इस्लामाबाद।** पाक के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक पुलिस चौकी पर आतंकियों के हमले में एक पुलिसकर्मी और दो आतंकी मारे गए तथा चार पुलिस अधिकारी घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह घटना स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 2:30 बजे प्रांत के बन्नू जिले में हुई, जहां आतंकियों ने अचानक पुलिस चौकी पर मध्यम और भारी हथियारों से गोलीबारी कर दी।

## खालिस्तान विरोधी एक्टिविस्ट की अमेरिका में मौत

**वाशिंगटन।** कैलिफोर्निया में रहने वाले भारतीय-अमेरिकी व्यवसाई और खालिस्तानी विचारों के विरोधी सुखी चहल की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई है।

उनके करीबी दोस्त जसपाल सिंह ने बताया कि 31 जुलाई को सुखी को एक परिचित ने अपने घर डिनर पर बुलाया था। डिनर के बाद अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जसपाल ने बताया कि सुखी पूरी तरह स्वस्थ थे, और उनकी अचानक मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सुखी खालिस्तानी तत्वों की कड़ी आलोचना करते थे और 17 अगस्त को वाशिंगटन डीसी में होने वाले खालिस्तान रेफरेंडम (जनमत संग्रह) का खुलकर विरोध कर रहे थे। सुखी 17 अगस्त को वाशिंगटन डीसी में होने वाले खालिस्तान रेफरेंडम का विरोध कर रहे थे। जिसे लेकर उन्हें धमकियां मिल रही थी। 'द खालसा टुडे' के संस्थापक और सीईओ सुखी को खालिस्तानी समर्थकों से लगातार धमकियां मिल रही थीं।

## पाक ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम का किया समर्थन

### दोनों देशों ने आपसी सहयोग को बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर भी किए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने रविवार को कहा कि वह शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए परमाणु क्षमता विकसित करने के ईरान के अधिकार का समर्थन करता है। यह बयान ऐसे समय आया है, जब दोनों देशों ने आपसी सहयोग को बढ़ाने के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं।

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजे. शिकयन इस्लामाबाद पहुंचे। उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से उनके आधिकारिक निवास पर मुलाकात की। दोनों नेताओं की बैठक के बाद एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री शरीफ ने कहा कि ईरान को शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए परमाणु ऊर्जा के इस्तेमाल का अधिकार है। यही मुद्दा हाल ही में ईरान और इस्रा. इल के बीच बढ़ते तनाव की जड़ बना हुआ है। प्रधानमंत्री शरीफ ने कहा, पाकिस्तान शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा हासिल करने के ईरान के अधिकार के साथ खड़ा है। शरीफ का यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब ईरान और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। अमेरिका ने पाकिस्तान को प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी का दर्जा दे रखा है और वह ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर आपत्ति जता रहा है। जून महीने में इजरायल और अमेरिका ने मिलकर ईरान के कुछ अहम परमाणु ठिकानों पर हवाई हमले किए थे। इसके बाद ईरान ने अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के साथ अपना सहयोग रोक दिया था। प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान प्रधानमंत्री शरीफ ने ईरान के खिलाफ़ इस्रा. इली हमलों की निंदा की और कहा कि ईरान को आत्मरक्षा का पूरा अधिकार है। उन्होंने गाजा में इजरायल की कार्रवाइयों की भी आलोचना की और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय, विशेष रूप से मुस्लिम देशों से अपील की कि वे वहां हो रहे मानवाधिकार उल्लंघनों पर ध्यान दें। शरीफ ने बताया कि दोनों देशों ने कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान और ईरान का लक्ष्य सालाना 10 अरब अमेरिकी डालर का व्यापार करना है। दोनों नेताओं ने आतंकवाद से जुड़े मुद्दों पर भी बात. चीत की और सीमा पर उग्रवाद से निपटने के लिए आपसी सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई।



### ईरान को आत्मरक्षा का पूरा अधिकार है: शहबाज शरीफ

## तेल अवीव में विटकॉफ के दौरे के दौरान बंधकों के परिवारों ने किया विरोध प्रदर्शन

**यरूशलम।** इजरायल के तेल अवीव में अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ के दौरे के दौरान बंधकों के परिजनों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी 'होस्टेज स्क्वायर' पर एकत्रित हुए और इज़रायली सरकार से एक युद्धविराम समझौता करने का आग्रह किया जिससे गाजा में हमास और अन्य उग्रवादी समूहों द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को वापस लाया जा सके। यह प्रदर्शन इस सप्ताह की शुरुआत में हमास और फलस्तीनी इस्लामिक जिहाद द्वारा नए वीडियो जारी किए जाने के बाद हुआ, जिसमें इज़राइली बंधक एव्यातार डेविड और रोम ब्रास्लावस्की की हालत बेहद नाजुक दिखाई दे रही है।

## गाजा में अपनी कब्र खोद रहा इजरायली बंधक

**गाजा।** गाजा में चल रहे युद्ध को लेकर हमास ने कहा है कि वह आजाद फिलिस्तीनी राज्य नहीं बनने तक हथियार नहीं छोड़ेगा। हमास का 2007 से गाजा पर नियंत्रण है। हमास ने कहा कि हम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के मध्य पूर्व दूत स्टीव विटकाफ की बातों का जवाब दे रहे हैं।

विटकाफ ने कहा था कि हमास हथियार डालने के लिए तैयार है। इस बीच, इजरायल पर दबाव बढ़ाने के लिए हमास ने 24 साल के इजरायली बंधक एव्यातार डेविड का दूसरा वीडियो जारी किया। इसमें डेविड काफी कमजा. र और एक गड्डा खोदता हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में डेविड बताते हैं कि मैं अपनी कब्र के लिए गड्डा खोद रहा हूं। शुक्रवार को भी डेविड का वीडियो जारी किया गया था। डेविड के परिवार ने हमास पर क्रूर प्रचार और बंधकों को भूखा रखने का आरोप लगाया। साथ ही इजरायल और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।



> ■ अमेरिका के हथियार डालने के दावे पर हमास बोला: आजाद फिलिस्तीनी देश बनने तक लड़ेंगे

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्योपैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करें:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP® RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782
9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट